
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



11 पिच पर सांप, तो कभी धुंध और...


विचार पेज

06 राहुल की जिद पर शाह के...



haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सोनम ने दाखिल की फिर नई याचिका

**इंदौर।** राजा रघुवंशी मर्डर केस में नया मोड़ आ गया है। शिलॉन्ग कोर्ट में केस के ट्रायल के बीच



मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी ने जमानत के लिए नई याचिका दाखिल की है। सोनम ने याचिका में खुद को पूरी तरह निर्दोष बताया। दावा किया कि वह राजा के साथ शादीशुदा जीवन में पूरी तरह संतुष्ट थी। उसने आरोपी राज कुशवाह को 'भाई' जैसा बताया है।

### महाराष्ट्र के मंत्री मणिकराव कोकाटे ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के खेल मंत्री और एनसीपी नेता माणिकराव कोकाटे ने अपने विधायक पद से



इस्तीफा दे दिया है। कोकटे हाल के दिनों में विधानसभा में रमी खेलते नजर आए थे, जिसके कारण वह विवादों में रहे। दरअसल, तीन दशक पुराने हाउसिंग स्कैम केस में एक कोर्ट ने उनकी सजा को बरकरार रखा। दबाव बढ़ा तो कोकटे ने पद से इस्तीफा दे दिया।

### सुप्रीम कोर्ट बोला-आप जमीन के मालिक नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उज्जैन में महाकाल लोक परिसर के पार्किंग क्षेत्र के विस्तार



के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि आप केवल कब्जेदार हैं, याचिकाकर्ता जमीन का मालिक नहीं है। मप्र हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को दायर याचिका खारिज किया था।

### निलंबित डीआईजी भुल्लर की जमानत अर्जी खारिज

**चंडीगढ़।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने पंजाब के निलंबित



डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। भुल्लर के वकील ने अदालत में अर्जी दायर की थी कि उन्हें गिरफ्तार हुए 60 दिन से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन अभी तक सीबीआई ने उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं की।

---

### डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में सीएम ने नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने के लिए पुलिस फोर्स को बधाई दी

# विकास और जनकल्याण की योजनाएं चलाएं ताकि नक्सलवाद फिर न पनपे

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छत्तीसगढ़ के बस्तर ओलिंपिक के समान प्रदेश में भी जनजातीय संस्कृति और परंपरा के अनुरूप सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

रायपुर में हुए डीजी कॉन्फ्रेंस से जुड़े मध्य प्रदेश के विषयों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस मुख्यालय में बैठक की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की धरती से नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने के लिए पुलिस फोर्स को बधाई और शुभकामनाएं दीं। डॉ. यादव ने इस मोर्चे पर अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 17 दिसंबर के विधानसभा के विशेष सत्र में भी पुलिस फोर्स की सराहना हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नक्सलवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों में विकास और जनकल्याण की गतिविधियां इस प्रकार संचालित की जाएं, ताकि नक्सलवाद पुनः अंकुरित न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक-महा निरीक्षक सम्मेलन वर्ष 2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने प्रभार के क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण जैसी गतिविधियां तत्काल आरंभ करें। बैठक में ▸▸ शेष पेज 4 पर

> वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने प्रभार के क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण जैसी गतिविधियां तत्काल आरंभ करें



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस मुख्यालय में बैठक की

**लोग पुलिस को भय नहीं विश्वास की नजरों से देखें**

**अनुशासन में पुलिसकर्मियों को रहने की जरूरत**

### सोशल मीडिया पर नजर रखने की दी सलाह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान युग में सोशल मीडिया अत्यंत शक्तिशाली साधन होने के साथ-साथ गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। इसके दुरुपयोग से अफवाह, अपराध और भ्रम फैलाने की संभवनाएं भी बढ़ी हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम सोशल मीडिया की शक्ति का सकारात्मक और रचनात्मक सामग्री के उपयोग करें। किसी भी भ्रामक या उकसाऊ सामग्री को समय रहते पहनाकर उस पर ▸▸ शेष पेज 4 पर

### डीजीपी ने कहा-कई विषयों पर विमर्श हुआ

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बताया कि अखिल भारतीय सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था, पुलिस आधुनिकीकरण, महिला सुरक्षा, पुलिस थाना परिसरों के पुनर्विकास, सिंहस्थ-2028 और साइबर इनीशिएटिव्स, पुलिसिंग में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, नवीन कानूनों के प्रचार- प्रसार, कम्युनिटी पुलिसिंग, आपदा प्रबंधन में पुलिस की भूमिका, नशा-मुक्ति के लिए किए ▸▸ शेष पेज 4 पर

### ये भी दी सीएम ने नसीहतें

- पुलिस अपनी उपलब्धियों और सकारात्मक गतिविधियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों और जनसामन्य से जानकारियां साझा करें
- सामुदायिक पुलिसिंग गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए महिला सुरक्षा और बच्चों की सुरक्षा के लिए समाज में वातावरण बनाना आवश्यक है
- संवेदनशील मार्गों पर नियमित पेट्रोलिंग, गति नियंत्रण, शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त निगरानी तथा यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है
- सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वालों के लिए लागू राहवीर योजना की जानकारी का विस्तार करने की आश्यकता बताई
- जिन क्षेत्रों में महिलाओं के विरूद्ध अपराधों की संभावना अधिक रहती है वहां विशेष निगरानी, नियमित गश्त और त्वरित कार्रवाई ▸▸ शेष पेज 4 पर

---



### मोबाइल फॉरेंसिक वैन से अपराध अनुसंधान तकनीकी होगी सुदृढ़ : डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री ने 14 मोबाइल 'फॉरेंसिक' वैन को हरी झंडी दिखाई, किया रवाना

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

**कुल 57 मोबाइल फॉरेंसिक वैन की लागत 36 करोड़**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में अपराध अनुसंधान, साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक विवेचना की क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए तैयार की गई मोबाइल फॉरेंसिक वैनों को पुलिस मुख्यालय भोपाल से झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि मोबाईल फॉरेंसिक वैन मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में सीन ऑफ क्राइम के इनवेस्टीगेशन में अत्याधिक कारगर साबित होंगे।

पुलिस विभाग द्वारा की गई यह पहल फॉरेंसिक-आधारित, त्वरित और सटीक विवेचना को बढ़ावा देगी, जिससे अपराधों के शीघ्र खुलासे, दोष सिद्धि दर में वृद्धि और नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा और सुदृढ़ होगा। प्रदेश पुलिस को कुल 57 मोबाइल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध ▸▸ शेष पेज 4 पर

### वैन में ये हैं सुविधाएं

मोबाइल फॉरेंसिक वैन अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हैं, जिनमें स्टीरियो माइक्रोस्कोप, वेइंग बैलेंस, डीएसएलआर कैमरा, मिनी फ्रिज, एलईडी टीवी स्क्रीन, थर्मल प्रिंटर, बॉडी-वॉर्न कैमरा सहित आवश्यक उपकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वैनों में जांच किट, अपराध स्थल सुरक्षा किट, फिंगर प्रिंट, रक्त व बाल पहचान, हाई-इंटेंसिटी फॉरेंसिक लाइट सोर्स, पैर व टायर निशान, आगजनी, साक्ष्य पैकिंग, बुलेट होल, गनशॉट अवशेष, नशीले पदार्थ, विस्फोटक पहचान ▸▸ शेष पेज 4 पर

---

### सतना में दूषित खून चढ़ाने के मामले में सरकार का सख्त एक्शन

# ब्लड बैंक प्रभारी और दो लैब टेक्नीशियन निलंबित

पूर्व सिविल सर्जन जिला हास्पिटल सतना को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सतना जिला अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने के मामले में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की है।

ब्लड बैंक प्रभारी और दो लैब टेक्नीशियन निलंबित किए गए हैं। जबकि पूर्व सिविल सर्जन जिला अस्पताल सतना को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। डॉ. योगेश भरसट आईएएस (सीईओ आयुष्मान भारत) की अध्यक्षता में गठित सात सदस्यीय जांच समिति की प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर कारवाई की गई है। डॉ. देवेंद्र पटेल पैथोलॉजिस्ट और ब्लड बैंक प्रभारी तथा राम भाई त्रिपाठी और नंदलाल पांडे लैब टेक्नीशियन निलंबित किए गए हैं। वहीं, डॉ. मनोज शुक्ला पूर्व सिविल सर्जन को कारण बताओ सूचना पत्र के संदर्भ में लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्टीकरण ▸▸ शेष पेज 4 पर

### एसडीएम ने स्टिंग कर पकड़े तीन दलाल

जिला अस्पताल में खून के



सौदागरों का पर्दाफाश हुआ है। एक तरफ दिल्ली और भोपाल की टीमें मासूम बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने की जांच कर ▸▸ शेष पेज 4 पर

---

# एआई एक्स. की आपात लैंडिंग केरल में उतारनी पड़ी फ्लाइट

जेद्दा से कालीकट जा रही थी उड़ान

एजेंसी ▸▸ कोच्चि

> विमान में 160 यात्री सवार थे, फ्लाइट के दाएं तरफ के टायर फट गए थे

एअर इंडिया एक्सप्रेस के जेद्दा से कालीकट जा रही उड़ान की कोच्चि एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में 160 यात्री सवार थे। बयान में कहा गया है कि तकनीकी खराबी के चलते आपात लैंडिंग कराई गई। एक अधिकारी ने बताया कि जेद्दा से कोझिकोड जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की




गुरुवार को कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपत लैंडिंग कराई

गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि लैंडिंग गियर और टायर फेल होने की वजह से यह आपात लैंडिंग कराई गई। विमान में 160 यात्री सवार थे। कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि उसने जेद्दा से कोझिकोड जाने वाली ▸▸ शेष पेज 4 पर

---

### नहीं रहे प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार



मूर्तिकार राम सुतार

# गांधी में 'महात्मा' और सरदार पटेल में 'लौहपुरुष' गढ़ने वाले वे शिल्पकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश को अपनी मूर्तियों के जरिए पहचान देने वाले प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार अब हमारे बीच नहीं रहे। बुधवार देर रात उन्होंने नोएडा स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वे 100 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

राम सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने अपने पिता के निधन की पुष्टि की। गुरुवार दोपहर नोएडा के सेक्टर 94 स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कई ▸▸ शेष पेज 4 पर

**पीएम मोदी बोले-** उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए देश के गौरव को अमर कर दिया

### गोंदुर गांव से विश्व मंच तक

19 फरवरी 1925 को महाराष्ट्र के धुले जिले के गोंदुर गांव में जन्मे राम सुतार ने बचपन में ही मूर्तिकला का रास्ता चुन लिया था। उन्होंने अपने गुरु श्रीराम कृष्ण जोशी से शुरुआती शिक्षा ली और फिर मुंबई के जेजे स्कूल ऑफ आर्ट्स से औपचारिक प्रशिक्षण लेकर 'आर्ट एंड आर्किटेक्चर' में गोल्ड मेडल हासिल किया। वर्ष 1959 में उन्होंने दिल्ली में सूचना एवं दूरसंचार मंत्रालय से अपने ▸▸ शेष पेज 4 पर




## बीएमएचआरसी में कैंसर उपचार और रेडिएशन विज्ञान में नई संभावनाओं पर मंथन

# लिवर, किडनी, फेफड़े, ब्रेन ट्यूमर एवं रक्त कैंसर जैसे विकारों के लिए अब प्रोटॉन, फ्लेश रेडिएशन जैसी तकनीक लाभदायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लिवर, किडनी, फेफड़े, ब्रेन ट्यूमर तथा रक्त कैंसर जैसे विकार वर्तमान में उपलब्ध दवाओं या पारंपरिक रेडिएशन तकनीकों से पूरी तरह ठीक नहीं हो सकता। हालांकि अब रेडिएशन विज्ञान में प्रोटॉन रेडिएशन थेरेपी, कार्बन आयन थेरेपी तथा फ्लैश रेडिएशन जैसी उन्नत तकनीकें विकसित हो रही हैं, जिनसे बेहतर परिणाम मिलने की संभावना है। यह बात वरिष्ठ वैज्ञानिक और सोसायटी ऑफ रेडिएशन रिसर्च के अध्यक्ष डॉ. केपी मिश्रा ने कही। राज्यपाल मंगूभाई पटेल की अध्यक्षता में वरिष्ठ डॉक्टरों एवं वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया, जहां प्रभारी निदेशक डॉ डॉ मनीषा श्रीवास्तव भी विशेष रूप से मौजूद रहीं।

राज्यपाल ने किया डॉक्टरों और वैज्ञानिकों का सम्मान

सोसाइटी ऑफ रेडिएशन रिसर्च के अध्यक्ष डॉ. मिश्रा रहे मौजूद


राज्यपाल मंगूभाई पटेल का स्वागत करतीं प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव।

### इंटरनेशनल स्कूल ऑन रेडिएशन रिसर्च कार्यक्रम आयोजित

वे गुरुवार को भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) में आयोजित चौथे इंटरनेशनल स्कूल ऑन रेडिएशन रिसर्च पर बोल रहे थे। इस कांफ्रेस में देश-विदेश से आए प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों ने कैंसर उपचार एवं रेडिएशन विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध, उन्नत तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत विचार साझा किए।

उन्होंने बताया कि ब्रेन ट्यूमर, सिर एवं गले के ट्यूमर जैसे कई मामलों में पारंपरिक रेडिएशन थेरेपी अपेक्षित प्रभाव नहीं दिखा पाती। ऐसे में मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के माध्यम से यह समझने का प्रयास किया जा रहा है कि कुछ ट्यूमर रेडिएशन के प्रति प्रतिरोधी क्यों होते हैं। यदि इसके कारणों की पहचान हो जाती है, तो इन ट्यूमर के लिए अधिक प्रभावी उपचार रणनीतियां विकसित करना संभव हो सकेगा।

## खबर संक्षेप

### तिरूपति-प्रयागराज स्पेशल ट्रेन का हो रहा संचालन

**भोपाल।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्रीभार को क्लीयर करने के उद्देश्य से भोपाल मंडल होकर तिरुपति से प्रयागराज के लिए वन वे स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन मंडल के इटारसी, भोपाल एवं बीना होकर जाएगी। गाड़ी संख्या 07298 तिरुपति से प्रयागराज वन वे स्पेशल ट्रेन 20 दिसंबर को तिरुपति से 08.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 13.15 बजे इटारसी, 15.15 बजे भोपाल एवं 17.55 बजे बीना आगमन कर तीसरे दिन 04.30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। यह गाड़ी रेनिगुंटा, राजमपेट, कुडप्पा, येरागुन्तला, गूटी, गुंटकल, मन्त्रालयम रोड, रायचूर, कृष्णा, यादगीर, विकाराबाद, लिंगपल्ली, सिकंदराबाद, काजीपेट, ओरई, गोविन्दपुरी आदि पर रुकेगी।

### कानपुर सेन्ट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच 2 ट्रिप विशेष ट्रेन

**भोपाल।** रेलवे इटारसी होकर कानपुर सेन्ट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच 02-02 ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04119 कानपुर सेन्ट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनल स्पेशल ट्रेन कानपुर सेन्ट्रल से सोमवार 22 एवं 29 दिसम्बर को 13.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 03.30 बजे आगमन कर 14.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचेगी। यह गाड़ी फतेहपुर, सिराथू, भरवारी, प्रयागराज, मानिकपुर, सतना, जबलपुर, खंडवा, भुसावल, नासिक और कल्याण में रूकेगी।

## निगम आयुक्त ने समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# अब घर बैठे मिलेगा मैरिज सर्टिफिकेट निगम कार्यालय आने की जरूरत नहीं


टीएल की बैठक में अफसरों के साथ निगमायुक्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी वासियों को अब मैरिज सर्टिफिकेट बनवाने के लिए निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे न ही किसी दलाल को रिश्वत देकर सर्टिफिकेट बनवाने की जरूरत पड़ेगी, क्योंकि अब यह काम आन लाइन होगा। गुरुवार को आयोजित टीएल की बैठक के दौरान निगमायुक्त संस्कृति जैन ने नागरिक सेवाओं को सरल और पारदर्शी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। शहर के नागरिक निगम की वेबसाइट पर आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर मैरिज सर्टिफिकेट आनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

वार्ड में पदस्थ निगम कर्मचारी अपलोड किए गए दस्तावेजों के आधार पर मौके पर पंचनामा तैयार करेंगे और दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। सत्यापन के बाद संबंधित व्यक्ति डिजिटल मैरिज सर्टिफिकेट आनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे। निगम आयुक्त ने आनलाइन सर्टिफिकेट जारी करने की पूरी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### चेतावनी : 50 दिन से ज्यादा कोई भी शिकायत लंबित न रहे

बैठक के दौरान समय-सीमा की शिकायतों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए निगमायुक्त अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि 50 दिनों तक कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण कर उन्हें विलोपित कराया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बड़े बकायादरों पर करें सख्ती

राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त ने संपत्तिकर और बकाया करों की प्रभावी वसूली के निर्देश दिए, विशेष रूप से बड़े बकायादारों से सख्ती से कर वसूली करने को कहा। साथ ही लीज रेंट की राशि भी अनिवार्य रूप से जमा कराने के निर्देश दिए गए।

## ईको फ्रेंडली रिसाइकल उत्पादों का प्रोत्साहन जरूरी हैः संस्कृति


निगम आयुक्त जैन से स्वच्छता एंबेसडर्स ने भेंटकर टैक्सटाइल रिसाइकल के संबंध में दी जानकारी।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने कहा है कि शहर की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ ही कचरा उत्सर्जन कम करने के दृष्टिगत विभिन्न प्रकार के अपशिष्टों को रिसाइकल कर बनाये जा रहे नये उत्पादों को प्रोत्साहित करने के साथ ही इनकी मार्केटिंग भी जरूरी है ताकि आमजन में जागरूकता उत्पन्न हो और अपशिष्ट का पुनः उपयोग कर संसाधनों में वृद्धि में नागरिकों का योगदान भी सुनिश्चित हो सके। निगम आयुक्त जैन ने यह बात गुरूवार को स्वच्छता एंबेसडर्स से चर्चा करते हुए कही। नगर निगम भोपाल से संलग्न स्वच्छता एंबेसडर्स ने निगम आयुक्त से भेंटकर टैक्सटाईल रिसाइकल प्लांट हेतु कपड़े की कतरनों के एकत्रीकरण एवं नवीन उत्पादों के संबंध में जानकारी दी।

### इवेंट्स जीरो वेस्ट इवेंट बनाएं

निगमायुक्त से निगम के स्वच्छता एंबेसडर्स ने सौजन्य भेंट की और विभिन्न क्षेत्रों में बुटिक/टेलरिंग शॉप से एकत्र कपड़ों की कतरनों का अवलोकन कराया और कपड़े को रिसाइकल कर बनाये जा रहे थैले, फाईल फोल्डर व अन्य उत्पादों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी इवेंट्स जीरो वेस्ट इवेंट बनें।

## वार्ड 10 के कार्यालय का भी किया निरीक्षण

# महापौर राय ने गुरुद्वारा गेट के निर्माण कार्य का लिया जायजा


गुरुद्वारा द्वार का निरीक्षण करतीं महापौर मालती।

जरूरी मरम्मत कार्य कराने के दिशा-निर्देश दिए


निर्माणाधीन गुरुद्वारा द्वार का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने गुरुवार को ईदगाह हिल्स पर निर्माणाधीन गुरूद्वारा द्वार का निरीक्षण किया और विद्युत पोल शिफ्ट करने, विद्युत लाईन से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड क्र. 10 के वार्ड कार्यालय का भी निरीक्षण किया और वार्ड कार्यालय में आवश्यक कार्य शीघ्रता से कराने, स्वास्थ्य विभाग का सामान रखने हेतु स्टोर रूम बनाने के निर्देश दिए।

महापौर राय ने वार्ड क्र. 10 के अंतर्गत ईदगाह हिल्स पर ऑल सेंट स्कूल के पास निर्माणाधीन गुरूद्वारा द्वार के निरीक्षण के दौरान द्वार के डिजाईन का अवलोकन किया और द्वार के डिजाईन में आंशिक संशोधन करने, द्वार के ऊपर से जा रही विद्युत लाईन से पर्याप्त सुरक्षा के प्रबंध करने, द्वार के समीप स्थित विद्युत पोल अन्य स्थान पर शिफ्ट करने तथा द्वार के निर्माण के समस्त कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।वार्ड क्र. 10 के कार्यालय का भी निरीक्षण किया और वार्ड कार्यालय की छत का प्लास्टर कराने, छज्जों व अन्य कक्षों में आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं सम्पूर्ण कार्यालय की पुताई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधीन सफाई कार्य में उपयोग होने वाले उपकरणों सहित अन्य सामान सुरक्षित रखने के दृष्टिगत स्टोर रूम बनाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन अध्यक्ष विनीता सोनी, स्थानीय पार्षद सरोज असेरी, अधीक्षण यंत्री आरआर जरोलिया सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बीयूः वार्षिकोत्सव पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत


समारोह का शुभारंभ करते भोपाल पुलिस कमिश्नर हरि नारायणचारी मिश्र।

समारोह के मुख्य अतिथि हरिनारायण चारी मिश्र ने विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में गुरुवार को छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित अंतर विभागीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के वार्षिकोत्सव का समापन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना, स्वागत भाषण से हुई। वार्षिकोत्सव की संकल्पना प्रो. अंशुजा तिवारी, सांस्कृतिक समन्वयक द्वारा प्रस्तुत की गई। इसके बाद वार्षिकोत्सव का प्रतिवेदन प्रो. पवन मिश्रा, प्रॉक्टर एवं अधिष्ठाता, छात्र कल्याण बीयू द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### मिश्र ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहा

समारोह के मुख्य अतिथि हरिनारायण चारी मिश्रा, पुलिस कमिश्नर, जिला-भोपाल ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां युवाओं के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन एवं सामाजिक चेतना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### प्रो. एसके जैन ने की अध्यक्षता

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. एसके जैन, कुलगुरु, बीयू ने की। उन्होंने विश्वविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक गतिविधियों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया तथा आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। अंत में स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। डॉ. अचेलाल, विभागाध्यक्ष, तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति विभाग ने धन्यवाद दिया। इस दौरान विवि के अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बैंक कर्मचारियों व बीमा कर्मियों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध



आंदोलनरत बैंक एवं बीमाकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉईज़ एसोसिएशन (एआईबीईए), ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कॉन्फेडरेशन (एआईबीओसी), नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ बैंक एम्प्लॉईज़ (एनसीबीई),फेडरेशन ऑफ एलआईसी क्लास वन ऑफिसर्स एसोसिएशन, ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लॉईज़ एसोसिएशन, जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉईज़ ऑल इंडिया एसोसिएशन, ऑल इंडिया एलआईसी एम्प्लॉईज़ फेडरेशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन, बैंक एम्प्लॉईज़ फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के विरोध में बैंक और बीमा कर्मियों द्वारा गुरूवार को देश भर में प्रदर्शन किए गए। ज्ञात हो कि 16 दिसंबर 2025 को केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा लोकसभा में बीमा कानून (संशोधन) विधेयक 2025 पेश किया गया।

## मिष्ठी और आरोही को प्रथम पुरस्कार

# चित्रकला के जरिए बच्चों ने जाना ऊर्जा संरक्षण का महत्व


चित्रकला प्रतियोगिता का दृश्य।


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 14 से 21 दिसंबर के दौरान होने वाले विभिन्न आयोजनों में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरः बिजली की बचत और नियंत्रण हुआ आसान विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन गुरूवार को राजधानी स्थित चिनार पार्क में किया गया। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न 12 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 185 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता 02 वर्गों में आयोजित की गयी थी, जिसमें जूनियर वर्ग (कक्षा 5 से 6) में प्रथम पुरस्कार मिष्ठी दुबे शारदा विद्या मंदिर, द्वितीय पुरस्कार प्रयाग सिंह राजपूत कमला नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटरा, तृतीय पुरस्कार आरोही मिश्रा सेंट जोसेफ कोएड स्कूल एवं सात्वंना पुरस्कार मतीबाह खान कार्मल कान्वेंट सीनियर सेकंड्री स्कूल भेल ने प्राप्त किया। इसी प्रकार सीनियर वर्ग कक्षा 7 से 8 में प्रथम पुरस्कार आरोही चौरसिया सेंट जोसेफ कोएड स्कूल, द्वितीय पुरस्कार नायसा यादव कार्मल कांवेंट सीनियर सेकंड्री स्कूल, तृतीय पुरस्कार रिद्धिमा महाराणा कार्मल कांवेंट सीनियर सेकंड्री स्कूल एवं सात्वंना पुरस्कार इशानी अग्रवाल कार्मल कांवेंट सीनियर सेकंड्री स्कूल ने प्राप्त किया।

## छोटा पितृ पक्ष नाम से भी मनाते हैं पौष माह

# ज्येष्ठा नक्षत्र और शूल योग में आज मनेगी पौष माह अमावस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पौष मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या शुक्रवार को ज्येष्ठा नक्षत्र और शूल योग में मनाई जाएगी। यह साल की अंतिम अमावस्या है। मां चामुंडा दरबार के पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि धार्मिक दृष्टि से ये अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। पौष अमावस्या को छोटा पितृ पक्ष भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए तर्पण और दान से पितरों की विशेष कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि अमावस्या पर किए गए स्नान, दान और श्राद्ध कर्म सात जन्मों तक शुभ फल देते हैं। अमावस्या के दिन पूर्वज पृथ्वी पर आते हैं और अपने परिजनों के सत्कर्मों से प्रसन्न होकर उन्हें सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं

### यह रहेगा मुहूर्त

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 4 बजकर 59 मिनट से शुरू होकर अगले दिन 20 दिसंबर, शनिवार की सुबह 6 बजकर 13 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, दान और पितृ तर्पण जैसे सभी शुभ कार्य 19 दिसंबर को ही किया जाएगा।

## 269वीं जयंती पर बड़ी संख्या में धर्मावलंबियों के साथ मौजूद रहीं मंत्री कृष्णा गौर

# गुरु घासीदास जयंती मनाईः ‘मानव एक समान’ का संदेश देती शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गुरुवार को गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। सतनामी समाज द्वारा गुरु घासीदास बाबा जी की 269वी जयंती पर गोपाल नगर स्थित गुरु घासीदास गुरुद्वारा परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया।

मानव-मानव एक समान के उद्घोष के साथ विशेष संदेश दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री कृष्णा गौर शामिल हुई। भोपाल सतनामी के अध्यक्ष भाई पुरन सतनामी उपाध्यक्ष मंजेश जांगड़े ने बताया कि गुरु घासीदास जी का जन्म सन 1756 में छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी धाम में हुआ था। उन्होंने अपने जीवनकाल में सत्य, समानता, करुणा और अहिंसा का संदेश देकर समाज में नई चेतना जगाई। उनकी अमर वाणी मानव-मानव एक समान आज भी सामाजिक समरसता और भाईचारे की प्रेरणा देती है। सचिव धनेंद्र बंजारा व कोषाध्य नरेंद्र पंकज ने बताया कि सुबह गुरु दर्शन कर मंगल आशीष प्राप्त किया।


घासीदास गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़।

## श्रीराम कथा में सुनाया धनुष युद्ध और राम-सीता विवाह प्रसंग

# भगवान श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष श्रीराम के जयकारे से गूंजा पंडाल

भगवान शिव के धनुष का नाम पिनाक था जो भगवान परशुराम ने राजा जनक के पास रखवा दिया था, क्योंकि भगवान शिव ने तपस्या करते समय अपना धनुष भगवान परशुराम को रखने को दिया था।

इस धनुष को केवल भगवान परशुराम, श्रीराम, भगवान शिव के अलावा श्रीगणेश, काल भैरव और भगवान श्रीकृष्ण, श्रीनारायण, मां आदिशक्ति (महालक्ष्मी महाकाली महासरस्वती) ही उठा सकते थे। यह उद्गार नेहरू नगर डी सेक्टर में आयोजित श्रीराम कथा के पांचवें दिन धनुष युद्ध और भगवान श्रीराम-सीता विवाह प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक चित्रकूट धाम के बाल ब्रह्मचारी सर्वेस्वरानंद सरस्वती महाराज ने व्यक्त किए।


श्रीराम कथा का दृश्य।

भोपाल, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025 ■ पौषी अमावस्या ■ वर्ष : 12, अंक : 259 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 26 न्यून. 09 haribhoomi.com

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


प्लेटफार्म पर खड़ी भोपाल मेट्रो ट्रेन

## भोपाल मेट्रो का उद्घाटन 20 को, 21 से कर सकेंगे सफर

# 20 रुपए से शुरू होगा सफर, एम्स से सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन का किराया होगा 40 रुपए

- 21 दिसंबर से सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी मेट्रो
- मैन्युअली लेना होगा टिकट पार्किंग बनाने की चल रही तैयारी
- इंदौर की तरह भोपालवासियों को नहीं मिलेगी पहले सप्ताह फ्री यात्रा
- मेट्रो की डीपीआर में पार्किंग का प्रावधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में वर्ष 2018 से शुरू हुआ भोपाल मेट्रो चलाने का सपना 20 दिसंबर को पूरा होने जा रहा है। शनिवार 20 दिसंबर को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उद्घाटन करेंगे, लेकिन शहर के नागरिक भोपाल मेट्रो का सफर रविवार 21 दिसंबर से कर पाएंगे। शहर के नागरिकों के लिए मेट्रो सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक प्रायोरिटी कारिडोर पर चलेगी। यह जानकारी गुरुवार को मध्य प्रदेश मेट्रो रेल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बिना ड्राइवर मेट्रो की भविष्य में तैयारी

*एस. कृष्ण चैतन्य ने बताया कि भविष्य में भोपाल मेट्रो को बिना ड्राइवर के चलाने की योजना है, हालांकि फिलहाल मेट्रो का संचालन ड्राइवर द्वारा ही किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ऑरेंज लाइन के 7.4 किलोमीटर लंबे प्रायोरिटी कारिडोर का काम जुलाई 2025 तक पूरा होना था, लेकिन प्रोजेक्ट लगभग छह महीने की देरी से पूरा हुआ है। एमडी चैतन्य ने बताया कि मेट्रो की डीपीआर में पार्किंग का प्रावधान नहीं था। भोपाल और इंदौर में जो भी मेट्रो स्टेशन बने हैं, वे बिना पार्किंग के ही हैं।* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### वर्ष 2023 में हुआ था पहला ट्रायल

भोपाल में पहली बार मेट्रो 3 अक्टूबर 2023 को पटरी पर दौड़ी थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक मेट्रो में सफर किया था।

---

## खबर संक्षेप

### गूगल ने लॉन्च किया एआई मॉडल जैमिनी 3 फ्लैस




**नई दिल्ली।** गूगल ने अपने एआई मॉडल फैमिली में एक नया वर्जन जैमिनी 3 फ्लैश लॉन्च कर दिया है। इस मॉडल को बेहतर रीजनिंग और मल्टीमॉडल फीचर्स के साथ तैयार किया गया है। इसके साथ ही इसमें लेटेंसी और लागत को काफी हद तक कम किया गया है। यह नया मॉडल बड़े और एडवांस्ड एआई मॉडल डीप रीजनिंग के साथ स्पीड ऑफर करता है। कोडिंग टास्क और मुश्किल विश्लेषण में इस्तेमाल के लिए ऑप्टिमाइज़ किया गया है।

### पूजा कर रहे नाबालिग की बेरहमी से पीटकर हत्या



**बैतूल।** जिले के गंज थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय नाबालिग पर किए गए गंभीर हमले के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हमले में रॉड, फावड़ा, पत्थर और लाठियों का इस्तेमाल किया गया था। मृतक ने अस्पताल में दम तोड़ने से पहले पुलिस को बयान दिया था। काला पाठा निवासी विवेक मरकाम सागौन बाबा दरबार में पूजा कर रहा था। इसी दौरान आरोपी अपने साथ ले गए और विवेक पर बेरहमी से हमला कर दिया।

### क्रिकेटर यशस्वी बीमार दो किलो वजन घटा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल को पेट में तेज ऐंठन के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यह घटना मुंबई के सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के दौरान हुई, जब वे राजस्थान के खिलाफ खेल रहे थे। शुरुआत में इसे सामान्य पेट की समस्या समझा गया था, जांच के बाद पता चला कि उन्हें एक्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस (पेट और आंतों की सूजन) है। उन्हें आराम करने और दवाएं लेने की सलाह दी है।

---

## भारत ने पिछले कुछ सालों में कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनसे किसानों, व्यापारियों और निर्यातकों को लाभ मिल रहा

# भारत-ओमान में फ्री ट्रेड डील पर हस्ताक्षर देश के लिए खुलेंगे दुनिया के 'बड़े बाजार'



- इस समझौते से भारत के वस्त्र चमड़ा, जूते, रत्न-आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद, प्लास्टिक, फर्नीचर, कृषि उत्पाद, दवाइयां, मेडिकल डिवाइस और ऑटोमोबाइल के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया**


प्रधानमंत्री मोदी और ओमान के सुल्तान हसीम बिन तारिक अल सईद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ओमान के सुल्तान हसीम बिन तारिक अल सईद से मुलाकात की और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारत और ओमान ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर ओमान सरकार ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में योगदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया।

इस समझौते से भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे वस्त्र, चमड़ा, जूते, रत्न-आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद, प्लास्टिक, फर्नीचर, कृषि उत्पाद, दवाइयां, मेडिकल डिवाइस और ऑटोमोबाइल के ▶▶ शेष पेज 4 पर

**यह पिछले छह महीनों में भारत का दूसरा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट**

**यूएई के साथ इसी तरह का समझौता मई 2022 में लागू हुआ था**

### ओमान को क्या-क्या निर्यात करता है भारत?

भारत के प्रमुख आयात पेट्रोलियम उत्पाद और यूरिया हैं। इनकी कुल आयात में हिस्सेदारी 70 फीसदी से अधिक है। अन्य प्रमुख उत्पादों में प्रोपलीन और एथिलीन पॉलिमर, पेट कोक, जिप्सम, रसायन, लोहा, इस्पात और अपरिष्कृत एल्युमीनियम शामिल हैं। ओमान को निर्यात की जाने वाली मुख्य भारतीय वस्तुओं में खनिज ईंधन, रसायन, बहुमूल्य धातुएं, लोहा और इस्पात, अनाज, जहाज, नावें, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, बॉयलर, चाय, कॉफी, मसाले, कपड़े और खाद्य पदार्थ शामिल हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### भारत के लिए खुलेंगे दुनिया के 4 बड़े बाजार

केंद्रीय पीयूष गोयल ने बताया कि भारत-ओमान फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल, ज्वेलरी, एग्रोकेमिकल, रिन्यूएबल एनर्जी और ऑटो कंपोनेंट्स में नए अवसर पैदा होंगे। भारत-ओमान बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी), पूर्वी यूरोप, मध्य एशिया और अफ्रीका के प्रवेश द्वार के रूप में ओमान को रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण बताया, जो भारतीय व्यवसायों को बेहतर बाजार पहुंच प्रदान करता है।

---

## लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी' विधेयक पारित

*बिल पर लोकसभा में करीब 14 घंटे रात डेढ़ बजे तक चर्चा हुई, जिसमें 98 सांसदों ने हिस्सा लिया*

# विपक्ष ने कागज फाड़कर उछाले शिवराज बोले ये लोग नाम... तो हम मरते हैं 'काम' के लिए

*लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी' विधेयक पारित हो गया है। विपक्ष के भारी हंगामे के बीच यह विधेयक पारित हुआ। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर विपक्षी सांसदों द्वारा कागज फेंके गए*


लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर उछाले

- बोले शिवराज लोकतंत्र को भीड़तंत्र में बदलना ठीक नहीं
- कागज फाड़कर उछाले गए, तो क्या ये बापू जी का अपमान नहीं

**बिल पर बुधवार को चर्चा शुरू हुई, हमने पूरी गंभीरता से सांसदों की बातें सुनीं, क्योंकि चर्चा ही लोकतंत्र की प्राण**

**यह एक संपूर्ण गांव, एक विकसित गांव, रोजगार युक्त गांव, गरीबी मुक्त गांव बनाने की योजना**

**विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसदों ने संसद परिसर में मार्च निकाला**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी' विधेयक पारित हो गया है। विपक्ष के भारी हंगामे के बीच यह विधेयक पारित हुआ। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर विपक्षी सांसदों द्वारा कागज फेंके गए। इसके बाद शिवराज चौहान ने भाजपा कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बिल पर बुधवार चर्चा शुरू हुई, हमने पूरी गंभीरता से सांसदों की बातें सुनीं, क्योंकि चर्चा ही लोकतंत्र की प्राण है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अब मिलेगा 125 दिन रोजगार

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। विकसित भारत के लिए, रोजगार और विकसित गांव- ये मोदी जी का संकल्प है। इसलिए इस योजना में रोजगार के लिए जहां 100 दिन की गारंटी थी, अब वो बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। शिवराज ने कहा कि विपक्ष के लोग टेक्नोलॉजी इस्तेमाल का भी विरोध ▶▶ शेष पेज 4 पर


### क्या होगा बिल में बदलाव?

खर्च की जिम्मेदारी में भी बड़ा बदलाव किया गया है। जहां पहले इस योजना का पूरा वित्तीय बोझ केंद्र सरकार उठाती थी, वहीं अब राज्यों को भी अपनी हिस्सेदारी देनी होगी। राज्यों को 10 से लेकर 40 प्रतिशत तक खर्च वहन करना पड़ेगा। खेती को प्राथमिकता देते हुए रोजगार के ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

## राजस्थान से गुजरात की ओर जा रही थी

# नीमच में कार से 12 किग्रा एमडी ड्रग्स जब्त, कीमत 12 करोड़ रुपए


नारकोटिक्स टीम तस्कर से कर रही पूछताछ

**नीमच।** मालवा के रतलाम, नीमच और मंदसौर जिले में ड्रग्स की तस्करी के मामले लगातार पकड़े जा रहे हैं। अब नीमच में गुरुवार 12 किलो एमडी ड्रग्स एक कार से जब्त की गई। एक आरोपी गिरफ्तार किया गया है। इसकी बाजार में अनुमानित कीमत 12 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस और नारकोटिक्स टीम जांच में जुटी है। नीमच में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की मध्य प्रदेश इकाई ने ये कार्रवाई की है। नारकोटिक्स टीम ने 12 किलोग्राम अवैध मेफेड्रोन ▶▶ शेष पेज 4 पर

## ईपीएफओ की अब नई पहल

# पीएफ में जोड़ने कंपनियों को मिलेगा छह महीने का समय



यह मौका 1 जुलाई 2017 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच छूटे कर्मचारियों के लिए

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने गुरुवार को नियोक्ताओं (कंपनियों) से कहा है कि वह उसकी एक खास योजना का लाभ उठाएं। इस योजना के तहत कंपनियों को 6 महीने का समय दिया जा रहा है, ताकि वह उन कर्मचारियों को पीएफ (प्रोविडेंट फंड) में शामिल कर सकें, जिन्हें पहले इसमें नहीं जोड़ा गया था। यह मौका 1 जुलाई 2017 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच छूटे कर्मचारियों ▶▶ शेष पेज 4 पर

## किसान की बेरहमी से गई हत्या

# खेत पर मिला शव, सिर पर गहरी चोट व एक आंख फूटी


परिजनों ने बताया सिंचाई करने निकला था, सुबह नहीं लौटा

**छिंदवाड़ा।** अमरवाड़ा क्षेत्र के ग्राम करब ढोल में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। खेत में बने एक मकान में युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान नीतीश वर्मा के रूप में हुई है, घटना सुबह करीब 8:00 बजे की है। जानकारी के अनुसार, नीतीश वर्मा खेत में फसलों की सिंचाई करने की बात कहकर घर से निकला था। वह सुबह तक वापस नहीं ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

## चलती ट्रेन में सीबीआई ने मारी रेड

# एक अधिकारी के बैग से करीब 5 लाख रुपए नकद जब्त किए

**पूछताछ की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंट्रल कमांड लखनऊ में पदस्थ एक वरिष्ठ अधिकारी उस वक्त सीबीआई के रडार पर आ गए, जब कटनी के पास चलती ट्रेन में उनके पास से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई।

सीबीआई टीम ने चित्रकूट एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे अधिकारी के बैग से करीब 5 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं। यह कार्रवाई 7 दिसंबर को की गई थी, लेकिन मामला अब सामने आया है। क्योंकि




सीबीआई को रेलवे से कई और मामलों को लेकर जानकारी मांगी थी। बताया जा रहा है कि संबंधित अधिकारी जबलपुर में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस (एमईएस) से जुड़े निर्माण और विकास कार्यों का निरीक्षण करने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अब भी जांच जारी

सीबीआई अब यह भी जांच कर रही है कि निरीक्षण के दौरान किन ठेकेदारों और अधिकारियों से मुलाकात हुई थी और हाल के दिनों में एमईएस के किन प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। अधिकारी के बैंक खातों, संपत्ति और कॉल डिटेल्स की भी जांच की जा सकती है। दरअसल, सीबीआई को इनपुट था कि अधिकारी के पास लाखों रुपए कैश है और रिश्वत की रकम हो सकती है।

## गुरुवार को भोपाल, इंदौर और शाजापुर जिलों में कोल्ड वेव का असर रहा

**आज भोपाल, सीहोर राजगढ़, इंदौर, शाजापुर में कोल्ड वेव का असर रहेगा**

# दिसंबर की ठंड हो रही 'प्रचंड'... भोपाल में 13 में से 12 दिन शीतलहर, अभी राहत के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कुछ जिलों में लगातार कड़ाके की सर्दी का दौर अब आम लोगों के लिए मुसीबत बनने लगा है। इस महीने भोपाल में 13 में से 12 दिन लगातार शीतलहर का असर होने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

यहां 6 से 18 दिसंबर के बीच केवल 14 दिसंबर को कोल्ड वेव से राहत रही है। इस रात का पारा 7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.9 डिग्री कम था। शेष दिनों में लगातार रात का पारा सामान्य से औसतन 5.5 डिग्री कम रहा है। इससे शीतलहर का असर ▶▶ शेष पेज 4 पर


साकेत नगर में, शाम 6:46 बजे

**यहां रहा मध्यम कोहरा**

गुरुवार सुबह भोपाल, इंदौर, गुना, ग्वालियर, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन में मध्यम कोहरा रहा। रीवा, सतना में सबसे घना कोहरे का असर रहा। यहां विजिबिलिटी सुबह 8:30 बजे 500 मीटर से 1000 मीटर तक रही। इससे आवागमन में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### छह जिलों में पारा लगातार तीसरे दिन 5 डिग्री तक

गुरुवार को लगातार तीसरे दिन छह जिलों में रात का पारा 3 से 5 डिग्री के बीच रहा है। इनमें कल्याणपुर (शहडोल) 3.5, मंदसौर 4.4, इंदौर और गिरवर (शाजापुर) 4.5, राजगढ़ 4.6 और पचमढ़ी में रात का पारा 5.2 डिग्री रहा है। भोपाल में न्यूनतम तापमान दशमलव 3 डिग्री बढ़कर 5.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.9 डिग्री कम है।

# मध्यप्रदेश में पांच नेशनल पार्कों को जोड़कर बनेगा देश का पहला टाइगर कॉरिडोर

## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मोहन सरकार के दो साल पूरे होने पर पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि देश में सबसे अधिक टाइगर हमारे पास है। इसलिए पांच नेशनल पार्क के बीच में टाइगर कॉरिडोर बनाने का निर्णय लिया है। यह सुझाव मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के माध्यम से केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के सामने रखा था। उन्होंने सहमति प्रदान कर दी है। यह जानकारी गुरुवार को लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मोहन सरकार के दो साल पूरे होने पर पत्रकार वार्ता में दी।

राकेश सिंह ने कहा कि देश का पहला राज्य-स्तरीय टाइगर कॉरिडोर यह दशार्ता है कि मप्र में विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं। एनएचएआई के लिए भी यह बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश में एक ही जगह ऐसी है, जहां पांच नेशनल पार्कों को जोड़कर टाइगर कॉरिडोर बनाया जा सकता है। यह छह करोड़ रुपए से भी अधिक लागत का होगा। देश और दुनिया में भी यह टाइगर कॉरिडोर के नाम से ही जाना जाएगा। राज्य सरकार ने कॉरिडोर के लिए स्थान चिन्हित कर लिया है।

### मध्य प्रदेश में विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ रहे


उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी देते मंत्री सिंह।

### एक साल में बनाए 506 लोक कल्याण सरोवर

मंत्री सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग में यह तय किया है कि जहां भी सड़क बनेगी, उसके आसपास से मिट्टी को इस प्रकार निकाला जाए, जिससे कि वहां तालाब बन जाए। लोक निर्माण विभाग में एक साल में ऐसे 506 लोक कल्याण सरोवरों का निर्माण किया है।

### 300 करोड़ से बनेगा इंजीनियर ट्रेनिंग कम रिसर्च सेंटर

मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि अभी प्रदेश ही नहीं देश में भी इंजीनियर प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। यदि हम उनके प्रशिक्षण के साथ अपडेट नहीं कर पाएंगे तो हम अपने काम के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। इसलिए मप्र में सरकारी इंजीनियरों की ट्रेनिंग के लिए तीन सौ करोड़ की लागत से अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना होगी। इस ट्रेनिंग सेंटर में मध्य प्रदेश के साथ-साथ अन्य दूसरे राज्यों के इंजीनियर भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

### लोकपथ एप से 16 ठेकेदार ब्लैकलिस्टेड, 60 इंजीनियर सस्पेंड

मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि मप्र में सड़कों का महीने में दो बार औचक निरीक्षण करने के लिए लोकपथ एप का निर्माण किया गया है। इसके माध्यम से हर महीने की पांच और 20 तारीख को हमारे इंजीनियर सड़कों का वाचन निरीक्षण के लिए पहुंचते है। अब तक इस एप के माध्यम से 16 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड किया गया है और 60 इंजीनियर सस्पेंड किया जा चुके है।

### जल संरक्षण के लिए भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट की लेंगे मदद

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि सड़कों के किनारे और फ्लाई ओवर के ऊपर बारिश का पानी जो गिरता है, वह अनावश्यक बह जाता है। इसे रोकने के लिए भास्कराचार्य इंस्टिट्यूट के साथ सड़कों के किनारे रिचार्ज बोरवेल बनाए जा रहे हैं।

### हाई-स्पीड कॉरिडोर से भविष्य की ओर मध्य प्रदेश

राकेश सिंह ने कहा कि मप्र सरकार राज्य को राष्ट्रीय स्तर के हाई-स्पीड कॉरिडोर नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। पहला कॉरिडोर दिल्ली-आगरा-ग्वालियर-भोपाल-बैतूल-नागपुर है। दूसरा हाई-स्पीड कॉरिडोर वाराणसी-इलाहाबाद-रीवा-जबलपुर-नागपुर है। तीसरा कॉरिडोर अहमदाबाद-इंदौर-भोपाल-जबलपुर-लखनादौन-रायपुर है।

## शून्य आधारित बजट, रोलिंग बजट और तकनीकी नवाचारों से मजबूत हुई मध्यप्रदेश की वित्तीय स्थिति

2025-26 में नवम्बर तक 34 हजार 829 करोड़ का राजस्व मिला

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा बोले : मप्र की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही, सीमाओं के भीतर ही लिया ऋण

मप्र की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार ने पिछले दो वर्षों में न केवल बजट का आकार बढ़ाया है, बल्कि राजस्व संग्रह में भी उल्लेखनीय वृद्वि की है। राज्य सरकार विकसित मप्र के लक्ष्य के साथ अगले तीन साल का विस्तृत रोडमैप तैयार कर चुकी है। राज्य सरकार भारत सरकार द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर ही ऋण लेती है। राज्य में बजट में प्रति वर्ष औसत 14 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है और जीएसटी संग्रह में भी बेहतर सुधार हुआ है।

यह बात उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने गुरूवार को सरकार की वित्तीय उपलब्धियों का ब्यौरा साझा करते हुए कही। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने जनसंपर्क संचालनालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 55 हजार 634 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। वर्ष 2025-26 में माह नवम्बर तक कुल 34 हजार 829 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2025-26 में माह नवम्बर तक डाटा एनालिटिक्स आधारित चिन्हित प्रकरणों में प्रवर्तन कार्यवाहियों से 967 रुपए करोड़ एवं ऑडिट की कार्यवाही से. 404 करोड़ रु का राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (15 लाख 03 हजार 395 करोड़) रुपए रहा एवं प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 52 हजार 615 रुपए रही। भारत सरकार के संकल्प विकसित भारत 2047 को पूरा करने में राज्य अपना योगदान देने के लिये प्रतिबद्ध है।


प्रदेश की वित्तीय स्थिति की जानकारी देते मंत्री देवड़ा।

### मदिरा के निर्यात को बढ़ावा देने बनेगी एकीकृत पॉलिसी

*उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश में पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे मध्य प्रदेश के ही सकल घरेलू उत्पाद में नियमित वृद्धि बनी हुई है। शासकीय सेवकों/पेंशनरों के हित में कई निर्णय लिए गए हैं। राजस्व में वृद्धि के लिए मध्य प्रदेश तथा देश के बाहर मदिरा के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत पॉलिसी बनाई जाएगी। मदिरा उपभोग/विक्रय के एक दिवस का लाइसेंस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से जारी किया जाएगा।*

### तीन वर्षों के लिए रोलिंग बजट की प्रक्रिया अपनाई

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि वित्त विभाग श्रेष्ठ वित्तीय प्रबंधन की ओर जिसमें शून्य आधारित बजट प्रक्रिया के अनुसार बजट तैयार किया जा रहा है। तीन वर्षों के लिए रोलिंग बजट की प्रक्रिया अपनाई गई है, जिसमें बजट प्रक्रिया से संबंधित नवाचार अपनाएं जा रहे है। उन्होंने कहा कि वित्तीय संस्थाओं द्वारा जारी प्रतिवेदनों में मध्यप्रदेश के वित्तीय प्रबंधन बजटीय विश्वसनीयता तथा बैंक की गुणवत्ता को सराहा गया है।

**बजट प्रक्रिया से संबंधित नवाचार अपनाएं जा रहे**

### वर्क ऑर्डर तथा भुगतान के लिए डेटा रिपोजटरी

*प्रदेश के समस्त शासकीय विभाग, निगम, मंडल द्वारा दिए जा रहे वर्क ऑर्डर तथा भुगतान की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके इसके लिए डेटा रिपोजटरी बनाया जाएगा। डेटा एनालिटिक्स के उपयोग से प्रवर्तन की कार्यवाही की जाएगी तथा बोगस व्यवसायियों पर सतत निगरानी रखी जाकर गलत आईटीसी के उपयोग पर अंकुश लगाया जाएगा। विभाग में पृथक से डेटा एनालिटिक्स एवं टैक्स रिसर्च यूनिट का गठन किया जाएगा।*

## जहां से मेट्रो निकलेगी, वहां बढ़ाया जाएगा बिल्डिंग का एफएआर


योजनाओं की जानकारी देते मंत्री विजयवर्गीय।

इंदौर और भोपाल में मेट्रो शुरु कर दी गई है। इन जगहों पर शेष रूट का काम जारी है। ऐसे में जहां से भी मेट्रो निकलेगी, वहां बिल्डिंग परमिशन के एफएआर को बढ़ाया जाएगा। मेट्रो के सभी रूट का संचालन होने से शहरों में ट्रांसपोर्टेशन आसान हो जाएगा। इंदौर में मेट्रो का रूट प्रीतमपुर तक बढ़ाया जाएगा। इधर सड़कों पर वाहनों की तादाद भी कम होगी। हाईराइज बिल्डिंगों में आग को लेकर सरकार जल्द ही बिल ला रही है, जिससे मल्टी स्टोरी बिल्डिंगों में फायर सेफ्टी अनिवार्य कर दी जाएगी। यह बात गुरुवार को नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने डॉ मोहन सरकार के दो साल पूरे होने पर कही।

**मोहन सरकार के दो साल पूरे होने पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश ने बताई प्लानिंग**

### उत्कृष्ट निगमों को 2 करोड़ का बजट

मंत्री कैलाश ने कहा कि प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत प्रदेश सरकार के भरोसे चल रही है। इन्हें टेक्स कलेक्शन में बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। अच्छा काम करने वाली नगर पालिकाओं को 2 करोड़ का बजट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के लिए प्रावधान किया जा रहा है। एयर पॉल्यूशन को लेकर कहा कि इसके लिए पेड़ लगाने की जरूरत है। जहां पर ज्यादा पॉल्यूशन होगा, वहां पर कार्रवाई कर पॉल्यूशन करने वाली फैक्ट्री पर भी काम किया जाएगा।

### नर्मदा में नहीं मिलेगा गंदा पानी

*नर्मदा नदी में नगरीय निकाय और पंचायतों के पानी को लेकर कहा कि पंचायत विभाग ने तय किया नर्मदा के किनारे जितने भी पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम हं, उनका गंदा पानी नदी में नहीं जाएगा। उन्होंने दावा किया कि आने वाले एक साल के अंदर किसी भी पंचायत और नगर निगम का गंदा पानी नर्मदा में नहीं मिलने दिया जाएगा।*

# सीएम डॉ. यादव बोले- हर जिले में मेडिकल कॉलेज शीघ्र, पीपीपी मोड पर चार का भूमिपूजन 23 को

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष 2002-03 तक मध्यप्रदेश में केवल 5 मेकिडल कॉलेज थे। इस समय प्रदेश में 19 शासकीय मेडिकल कॉलेज और 14 निजी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इसी माह बैतूल, धार, कटनी, पन्ना में 4 मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन होगा। इसी के साथ बीएएमएस की पढ़ाई के लिए एक साल में 8 नए आयुर्वेदिक कॉलेज भी प्रारंभ किए जा रहे हैं। साथ ही संकल्प पत्र अनुसार प्रदेश की 29 लोकसभा क्षेत्रों में मेडिकल कॉलेज उपलब्ध हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज होंगे। राज्य सरकार मेडिकल के साथ आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी कॉलेजों की संख्या भी बढ़ा रही है। प्रदेश के सुदूर ग्रामीण और जनजातीय अंचलों तक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित आरोग्य सेवा संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सम्मेलन में जनजातीय क्षेत्रों में सेवा प्रदान कर रहे चिकित्सकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आयुर्वेद ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो केवल नब्ज से ही बीमारी का पता लगा लेती है। हम अपने प्रयासों और मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। कोरोनाकाल में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के बल पर दुनिया ने हमारे काढ़े की ताकत देखी थी। कोविड के दौर में हमारे आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने आगे आकर चिकित्सा सेवा की कमान संभाली थी।


चिकित्सकों के साथ सीएम, डिप्टी सीएम और मिनिस्टर।

### सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए संकल्पित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। उन्होंने छात्रों से जनजातीय क्षेत्रों में सेवा प्रदाय करने का आह्वान किया। डॉ. यादव ने जनजातीय अंचलों में सेवाएं देने वाले डॉ. मुकेश तिलगाम, डॉ. राजेश डाबर, डॉ. महिला डाबर, सेवा अंकुर के अध्यक्ष डॉ. अश्विनी, डॉ. हितेश, डॉ. अभय ओहरी को सम्मानित किया। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर्स को आरोग्य किट वितरित की। प्रदेशभर में 8 हजार से अधिक मेडिकल किट प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम में सेवा अंकुर संस्था पर केंद्रित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

### कोरोनाकाल में दुनिया ने देखी देसी काढ़े की ताकत

#### जरूरतमंद बच्चों को 16.50 लाख की प्रतिवर्ष मदद

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को 16.50 लाख रुपए प्रतिवर्ष मदद दे रही है। हमारा प्रयास है कि युवा चिकित्सक समाज की सेवा के लिए आगे आएं, लोकत9त्र के सच्चे प्रहरी बनें। हम सभी को सशक्त निरोगी राष्ट्र निर्माण के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का विलय कर लोक स्वास्थ्य प्रबधन को सशक्त और चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने का कार्य किया है। राज्य सरकार ने 8 हजार चिकित्सा शिक्षा विद्यार्थियों को एक वर्ष में 207 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए हैं, ताकि वे फीस की चिंता से मुक्त होकर अपनी योग्यता संवर्धन का कार्य पूरे मनोयोग से कर सकें।*

## खाद्य मंत्री ने सुनी कार्यकर्ताओं की समस्याएं, किया समाधान

# कार्यकर्ता की सहभागिता ही संगठन की मूल शक्ति : मंत्री गोविंद सिंह

खंडेलवाल की नई पहल को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत गुरुवार को कार्यकर्ताओं से संवाद करने और उनकी समस्याओं को सुनने के लिए प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत भाजपा कार्यालय पहुंचे और कार्यकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना। खाद्य मंत्री ने मौके पर ही कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में शुरु हुई नई पहल को लेकर कहा, ये अच्छी शुरुआत है।

वैसे भी हम वल्लभ भवन से लेकर निवास और क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से मिलते हैं, लेकिन जो कार्यकर्ता ये नहीं जानता कि कहां जाए। वो जब भाजपा मुख्यालय आएगा तो उसे कम से कम एक मंत्री तो मिलेगा जहां वो अपनी शिकायत दर्ज करा सके। मैं नियमित रूप से सागर में हर सोमवार और गुरूवार को कार्यकर्ता और आमजन से मुलाकात करता हूं। मंत्री राजपूत ने कहा कि यह व्यवस्था संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक प्रभावी माध्यम बनेगी, जिससे नीतियों और योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक अधिक सुचारु रूप से पहुंच सकेगा। उन्होंने कहा कि खंडेलवाल का यह प्रयास यह संदेश देता है कि पार्टी नेतृत्व के लिए कार्यकर्ताओं की बात सर्वोपरि है और उनकी उपेक्षा नहीं, बल्कि सहभागिता ही संगठन की मूल शक्ति है।


कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनते मंत्री राजपूत।

### संगठन गढ़ने की यह पहल एक प्रभावी मॉडल बनेगी: मंत्री राजपूत

*मंत्री राजपूत ने कहा कि संगठन गढ़ने की यह पहल पार्टी के लिए एक प्रभावी मॉडल के रूप में स्थापित होगी। देवतुल्य कार्यकर्ताओं के मनोबल, आत्मविश्वास और सक्रियता को बढ़ाने में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। खंडेलवाल का यह संगठनात्मक प्रयास पार्टी के भीतर विश्वास, संवाद और समर्पण की संस्कृति को और अधिक मजबूत करने वाला है। राजपूत ने कहा कि हम कोशिश करेंगे कि यथासंभव कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान हो सके। जिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाएगा उन्हें सूचीबद्ध करके संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। उसका फॉलोअप भी लेंगे। कोई काम अगर असंभव है, तो वो भी जानकारी देंगे और अगर हो जाता है तो उसकी भी जानकारी देंगे।*

## मध्य प्रदेश सरकार के दो साल पर कांग्रेस का आरोप, कहा- शहर बदहाल, सिस्टम फेल, जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस ने नगरीय विकास और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में पूर्व नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री जयवर्धन सिंह और आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने आरोप लगाया कि प्रदेश के शहरों में वर्षों से मास्टर प्लान तक लागू नहीं किया गया, जिससे भोपाल और इंदौर अव्यवस्था का शिकार हो रहे हैं। रायसेन जिले में पुल निर्माण के दौरान ढहने और घटिया सामग्री उपयोग के आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद गुणवत्ता नियंत्रण नहीं है।



प्रेस को संबोधित करते सिंह व भूरिया।

### परियोजना पर हुआ अतिरिक्त खर्च

*जयवर्धन सिंह ने भोपाल-इंदौर मेट्रो परियोजना को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कम ऊंचाई वाले पिलर्स के कारण अब सड़कों की दोबारा खुदाई कर अतिरिक्त खर्च किया जा रहा है। उज्जैन की लैंड पूलिंग योजना को विफल बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विरोध के बाद सरकार को योजना वापस लेनी पड़ी। भूरिया ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए।*

## पटेल से गलबहियां करते हैं आरोपी, मौन क्यों हैं पटवारी, सिंघार : सिंह

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने रायसेन जिले के सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के चांदौड़ा गांव में नकली शराब फैक्ट्री पकड़े जाने पर कांग्रेस का घेराव किया है। नकली शराब फैक्ट्री संचालकों को कांग्रेस के विधायक व रायसेन कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल का संरक्षण होने का आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने कहा कि आबकारी विभाग और पुलिस कांग्रेस विधायक के मोबाइल नंबरों की जांच करे तो नकली शराब फैक्ट्री संचालित करने वालों को संरक्षण देने वालों के नाम उजागर हो जाएंगे। पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने कहा कि आश्चर्य की बात है कि इतने बड़े आपराधिक मामले के सामने आने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार चुप्पी साधे हुए हैं।

## रतलामवासियों ने अभूतपूर्व सौगात के लिए किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन

# रतलाम के लोग काम के आधार पर बनाते हैं अपनी विशिष्ट पहचान: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेंव, सोना और साड़ी से रतलाम की अपनी विशिष्ट पहचान बनी है। रतलाम स्वाभिमानी और पुरूषार्थी लोगों की नगरी है। यहां के लोग काम के आधार पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण सूक्ष्म,लघु, एवं मध्यम, उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप हैं।

डॉ. यादव रतलाम को इंदौर मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल करने के लिए रतलाम वासियों के द्वारा संवाद भवन, मुख्यमंत्री निवास में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री काश्यप ने कहा कि बगैर मांग के रतलाम को मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल किया जाना रतलाम वासियों के लिए सौगात की बात है। रतलाम के प्रभारी मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि डॉ. यादव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने वाले मुख्यमंत्री हैं।



अभिनंदन समारोह को संबोधित सीएम डॉ. मोहन यादव।

### विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने किया अभिनंदन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संवाद भवन में रतलाम के संयुक्त व्यापारी संघ, सराफा एसोसिएशन, खेल संगठन, ग्रेन मर्चेंट संघ, बार एसोसिएशन, मेडिकल एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया। समारोह में मंत्री चेतन काश्यम और प्रभारी मंत्री शाह के अलावा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर रतलाम नगर निगम प्रह्लाद पटेल, नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बगैर मांगे मिली मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल होने की सौगात : मंत्री काश्यप

### रतलाम में औद्योगिक विकास की सभी संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रतलाम में औद्योगिक विकास की सभी संभावनाएं पहले से ही असीमित हैं। इन संभावनाओं को साकार करने के लिए रतलाम को मेट्रोपोलिटिन क्षेत्र में शामिल किया गया है। नागदा और खाचरौद पहले ही शामिल कर लिए गए, ऐसी स्थिति में असीमित संभावनाओं से परिपूर्ण रतलाम को भी शामिल करना ही था। अब इंदौर, उज्जैन के साथ रतलाम के शामिल हो जाने से मेट्रोपोलिटिन रीजन का विकास ट्रिपल इंजन की समन्वित शक्ति से होगा। डॉ. यादव ने रतलाम वासियों का अभिनंदन के लिए आभार मानते हुए कहा कि मुख्यमंत्री निवास प्रदेश की जनता का ही घर है।


सीएम डॉ. यादव का सम्मान करते मंत्री।

7 पूल गेम खेल रहे युवक पर रंजिश में पंच से किया...



8 पंजाब की मिट्टी की सुगंध एवं कर्णप्रिय गीत-संगीत से...





**भोपाल स्टेशन से चढ़ते हैं किन्नर, निशातपुरा के बाद यात्रियों से करते हैं दबंगई**

# ट्रेनों में किन्नरों का आतंकः भोपाल रेलवे स्टेशन से बीना तक यात्रियों से कर रहे वसूली, पैसे नहीं देने पर यात्री की फाड़ दी शर्ट, दी गालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे की बेहतरी व पुख्ता यात्री सुरक्षा के लगातार दावे किए जा रहे हैं, जो पूरी तरह सच नहीं हैं। दरअसल, इन दिनों भोपाल स्टेशन से चलने वाली वाली ट्रेन में किन्नरों का आतंक देखने को मिल रहा है। यह यात्रियों से रुपए मांगते हैं नहीं देने पर जलील करते हैं। परिवार के साथ सफर करने में शर्म आती है। विरोध करो तो ट्रेन से फेंकने तक की धमकी देते हैं। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को भोपाल से बीना की ओर जा रही ट्रेन में देखने को मिला। इस दौरान एक बुजुर्ग यात्री से किन्नरों ने पैसे मांगे, लेकिन यात्री देने से माना कर दिया। इसके बाद किन्नरों ने यात्री के साथ मारपीट शुरू कर दी। यात्री की शर्ट फाड दी। इसके बाद ट्रेन के यात्रियों ने रेलवे हेल्प लाइन नंबर के माध्मय से शिकायत की, लेकिन इस बीच किन्नर भाग गए। एक यात्री अनिल कुशवाह ने बताया कि किन्नर भोपाल स्टेशन से चढ़ते हैं। इस दौरान आरपीएफ के जवान भी तैनात रहते हैं, लेकिन वह कोई कार्रवाई नहीं करते। निशातपुरा निकलने के बाद ही यह यात्रियों से वसूली करने लगते हैं, जो बीना आउटर तक करते हैं। ऐसे ही वापसी में बीना स्टेशन से भोपाल स्टेशन तक करते हैं।

## ये कैसी सुरक्षाः इन ट्रेनों में तैनात रहने वाले आरपीएफ के जवान भी नहीं करते कार्रवाई

*अधिकारी बोले जल्द चलेगा विशेष चेकिंग अभियान*

*इसी रूट पर किन्नरों के जुल्म से हो चुकी है युवक की मौत*



मारपीट के बाद अपनी फटी शर्ट दिखाता यात्री।

### रेलवे मंत्रालय तक हो चुकी शिकायत

*ट्रेनों में किन्नरों के आतंक को लेकर कई बार रेल मंत्रालय तक शिकायत की गई। इसके बाद भी इनका आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। 8-9 माह पहले किन्नरों की मारपीट की वजह से एक यात्री की मौत तक हो चुकी है। इसके बाद आरपीएफ की ओर से चेकिंग अभियान चलाकर कुछ किन्नरों पर कार्रवाई की थी। लेकिन अभी लंबे समय से इस तरह का अभियान बंद है।*

### आउटर पर उतर कर भाग जाते हैं

भोपाल से होकर नई दिल्ली और मुंबई के बीच ट्रेनों में किन्नर और अवैध वेंडरों से यात्री परेशान हो रहे हैं। बता दें कि बीना से खंडवा के बीच किन्नर जब चाहे तब यात्रियों से वसूली करते देखे जा रहे हैं। जनरल डिब्बों में ऐसी घटना ज्यादा होती है। ये स्टेशन आने के पहले ही (आउटर पर) उतरकर भाग जाते जाते हैं। कई बार यात्रियों के साथ मारपीट कर चुके हैं। इसी तरह अवैध वेंडरों पर कोई रोक-टोक नहीं है।

### जल्द चलाया जाएगा चेकिंग अभियान

आरपीएफ की ओर से लगातार किन्नरों पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही समय समय पर किन्नरों को लेकर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। जल्द ही आने वाले दिनों में चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

**डॉ. अभिषेक, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त भोपाल मंडल**

## कोहरे से राहत तो मुंबई उड़ान में खराबी ने किया यात्रियों को परेशान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पिछले कुछ दिनों से मौसम की मार सह रही उड़ानों को आज राहत तो मिली, लेकिन एक मुंबई उड़ान में आयी तकनीकी ख़राबी ने यात्रियों को परेशानी में डाल दिया। गुरुवार दोपहर को एयर इंडिया की मुंबई उड़ान राजाभोज एयरपोर्ट पर आ तो गई, लेकिन उसमें टेक्निकल प्रॉब्लम के कारण वह राजाभोज एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़ान नहीं भर सकी। जिसके कारण मुंबई जाने वाले एक सौ से अधिक यात्रियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ यात्रियों को ईवनिंग उड़ान से मुंबई जाने का टिकट दिया गया तो कुछ ने यात्रा कैंसिल कराई। राजा भोज एयरपोर्ट, भोपाल पर गुरुवार को 35 शेड्यूल फ्लाइट्स चलीं, जिससे शहर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद, पुणे, हैदराबाद, गोवा और रायपुर जैसी बड़ी जगहों से जुड़ गया। हालांकि कुछ फ्लाइट्स में थोड़ी देरी हुई, खासकर एयर ट्रैफिक की दिक्कतों और शुरुआती एयरपोर्ट पर सर्दियों के मौसम की वजह से। एयरपोर्ट ऑपरेशन और पैसेंजर हैंडलिंग ठीक-ठाक और कुशल रही।

**मुंबई उड़ान भोपाल आने के बाद कैंसिल**

## भोपाल में नो मैपिंग वाले एक लाख 18 हजार 863 मतदाता

# वोटर लिस्ट से कटेंगे 4 लाख 38 हजार 453 मतदाताओं के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में 22 साल बाद हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद 4 लाख 38 हजार 453 मतदाताओं के नाम बिना नोटिस के डायरेक्ट काट दिए जाएंगे। ऐसे में 23 दिसंबर को जारी होने वाले वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट रोल में इन मतदाताओं के नाम नहीं मिलेंगे, जबकि नो मैपिंग वाले 1 लाख 18 हजार 863 मतदाताओं के नाम के आगे स्टार बना दिया जाएगा। जिसके साथ ही इन लोगों को नोटिस देकर सुनवाई शुरु होगी। जिला निर्वाचन अधिकारियों का दावा है कि जिन लोगों के नाम काटे जा रहे हैं, उनकी कई बार जांच कर ली गई है। ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद अगर काटे गए नाम वाला व्यक्ति सामने आता है, तो उसे नया फार्म भरना पड़ेगा।

*15 लाख 68 हजार 592 मतदाताओं के खुद और परिवार का मिला लिंक*

*भोपाल में 260 मतदान केंद्र बढ़े 2289 पर जारी होगा ड्राफ्ट रोल*

### 2289 मतदान केंद्रों पर वोटर लिस्ट का किया जाएगा वाचन



राजधानी में एसआईआर का कार्य करते हुए बीएलओ।

चार नवंबर से लेकर 18 दिसंबर तक जिले के 2029 बीएलओ ने डोर-टू-डोर जाकर वेरिफिकेशन किया है। जिसके तहत जिले की सात विस में 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं को गणना पत्रक दिए गए थे। जिनमें से 15 लाख 68 हजार 592 मतदाताओं के खुद और परिवार का लिंक मिल गया है। ऐसे में इन मतदाताओं का नाम वर्तमान वोटर लिस्ट में बना रहेगा, जबकि अनकलेक्टेबल केटगरी के मतदाताओं के नाम काट दिए जाएंगे। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि एसआईआर के काम के तहत गुरुवार को बीएलओ एप का काम बंद कर दिया गया है। अब 23 दिसंबर को 2289 मतदान केंद्रों पर वोटर लिस्ट का वाचन किया जाएगा। वर्तमान में 260 मतदान केंद्र बढ़ा दिए गए हैं।

### पड़ताल में पता चलाः 2 लाख 87 हजार 216 मतदाता हुए शिफ्ट

एसआईआर के लिए जब बीएलओ जब घर-घर पहुंचे, तो यहां 2 लाख 87 हजार 216 मतदाता अपने पते पर नहीं मिले। जिससे पता चला कि इतनी बड़ी तादाद में मतदाता शिफ्ट हुए हैं। सबसे ज्यादा शिफ्टेड मतदाता नरेला विधानसभा में दर्ज किए गए हैं, जहां 66 हजार 196 वोटर पते पर नहीं मिले। दूसरे स्थान पर गोविंदपुरा में 61 हजार 404 वोटर्स को स्थायी रूप से शिफ्टेड दर्ज किया गया है। इसके साथ एबसेंट केटगरी के वोटर्स की संख्या 1 लाख 4 हजार 735 है।

अब ऐसी रहेगी विधानसभाओं की तस्वीर

| विस | शेष |
|---|---|
| बैरसिया | 241010 |
| उत्तर | 198638 |
| नरेला | 274078 |
| दक्षिण पश्चिम | 170856 |
| मध्य | 177256 |
| गोविंदपुरा | 304560 |
| हुजूर | 321056 |
| कुल शेष | 16 लाख 87 हजार 454 |



**नोट - इस आंकड़े में 1 लाख 18 हजार 863 नौ मेपिंग वाले मतदाता शामिल हैं।**

## राजधानी के तीनों स्टेशनों पर यात्री हो रहे परेशान

# रूट बदलने और कोहरे से घंटों की देरी से आ रही ट्रेनें, शताब्दी 3, दक्षिण एक्स. आई 4.5 घंटे लेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन दिनों उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल रेल लाइन व स्टेशन क्षेत्र में काम चलने व दिल्ली और उत्तर भारत में बढ़ते कोहरे और शीतलहर के कारण रेल यात्रा प्रभावित हुआ है। लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से गंतव्य तक पहुंच रही हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। गुरुवार को भोपाल आने वाली दो दर्जन से अधिक ट्रेनें देरी से पहुंची। इसमें जहां शताब्दी भी पिछले कुछ दिनों से लगातार देरी से आ रही है। गुरुवार को भी तीन घंटे की देरी से पहुंची,तो वहीं दक्षिण एक्सप्रेस भी साढ़े चार घंटे की देरी से भोपाल पहुंची। इसके चलते यात्रियों को स्टेशन पर घंटों ट्रेन के इंतजार में परेशान होना पड़ रहा है। इसमें सबसे अधिक परेशानी महिला,बच्चों व बुजुर्गो को झेलनी पड़ रही है।



राजधानी के भोपाल स्टेशन के टिकट काउंटर पर लगी यात्रियों की भीड़।

### भोपाल में यह ट्रेनें पहुंची देरी से

- 11078 झेलम 2:35 घंटे लेट आई
- 20424 पातालकोट 2.13 घंटे लेट
- 01026 बलिया - दादर सेंट्रल स्पेशल 8.16 घंटे लेट आई
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 0:25 लेट आई
- 12191 श्रीधाम 0:32 घंटे लेट आई
- 12618 हजरत निजामुद्दीन-एनार्कुलम एक्सप्रेस 1:14 घंटे लेट आई
- 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 4:37 घंटे लेट आई
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 1.13 घंटे लेट आई
- 12002 शताब्दी एक्स 3.11 घंटे लेट
- 14116 प्रयागराज - डॉ. आम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 0:40 घंटे लेट आई
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 1:14 घंटे लेट आई
- 11271 विंध्यांचल एक्सप्रेस 1:08 घंटे लेट आई
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 2:21 घंटे लेट आई
- 12618 मंगला एक्सप्रेस 1:14 घंटे लेट आई
- 12138 पंजाब मेल 2:52 घंटे लेट आई

# नवनियुक्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूरी अब परमानेंट होने का इंतजार, बढ़ रहा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवनियुक्त शिक्षकों को परिवीक्षा अवधि पूरा होने के बाद भी परमानेंट नहीं करने का विरोध बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2021 में भर्ती होकर ज्वाइन होने वाले शिक्षकों की संख्या करीब 13 हजार है। इनकी परिवीक्षा अवधि वर्ष 2024 में अलग-अलग महीनों में पूरी हो गई है। बावजूद इसके सवा साल से ज्यादा अधिक समय होने के बाद भी अभी तक इन्हें परमानेंट नहीं किया गया है। यह शिक्षक परमानेंट होने के लिए डीईओ से लोक शिक्षण संचालालय के चक्कर काट रहे हैं। कुछ नवनियुक्त शिक्षकों के सिंगल-सिंगल आदेश निकले हैं। बड़ी संख्या में शिक्षकों को अपने आदेश का इंतजार है। ऐसे में शिक्षक परेशान हैं।

प्रदेश के नवनियुक्त शिक्षकों को परिवीक्षा अवधि पूरा होने के बाद भी परमानेंट नहीं करने के विरोध में राज्य कर्मचारी संघ ने 25 दिसंबर तक का अल्टीमेटम दिया है। इस तिथि तक नवनियुक्त शिक्षकों को परमानेंट नहीं किया जाता तो 1 जनवरी से लोक शिक्षण के सामने आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# री-डेवलपमेंट प्रोजेक्टः 5 नंबर मार्केट को मिली हरी झंडी

## मत्री विजयवर्गीय की अध्यक्षता में आयोजित एमपी हाउसिंग बोर्ड की संचालक मंडल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के पहले री-डेवेलपमेंट प्रोजेक्ट रविशंकर शुक्ल मार्केट (आरएसएस मार्केट, 5 नंबर) के विकास का रास्ता साफ हो गया है। गुरुवार को हुई हाउसिंग बोर्ड की संचालक मंडल की बैठक में इस प्रोजेक्ट को हरी झड़ी मिल गई। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएनसीपी) से भी इस परियोजना को मंजूरी मिल गई है। अब नये साल में बोर्ड इसके लिए टेंडर जारी करेगा। वहीं, 210 एकड़ में 371 करोड़ की लागत से बन रहे इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर 2.0 प्रोजेक्ट के पहले चरण का टेंडर फाइनल हो गया। यह 121 करोड़ रुपए का टेंडर था।

बोर्ड बैठक की अध्यक्षता मंडल के चेयरमैन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने की। बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, वित्त विभाग के उप सचिव आनंद पटले, टीएनसीपी के संयुक्त संचालक केएस गवली, हाउसिंग बोर्ड के कमिश्नर राहुल हरिदास फटिंग, बोर्ड की मुख्य प्रशासकिय अधिकारी तृप्ति श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

### बैरसिया में बनेगा इलेक्ट्रॉनिक कलस्टर





हाउसिंग बोर्ड संचालक मंडल की बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय।

राजधानी की बैरसिया तहसील के ग्राम बांदीखेड़ी में इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी 2.0) के डेवलपमेंट का टेंडर फाइनल हो गया है। पहले राउंड का यह टेंडर 121 करोड़ रुपए का है। 371 करोड़ की लागत से 210.21 एकड़ में यह प्रोजेक्ट विकसित किया जा रहा है। इस पूरे प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रानिक्स सिस्टम डिजाइन व विनिर्माण इंडस्ट्री से जुड़ी हर सुविधा एक ही छत के नीचे होगी।

## वीडियो वायरल करने वाले छात्र को भी नोटिस

# आरजीपीवीः 14 दिन में 7 नकल प्रकरण, बदला परीक्षा का स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में परीक्षाओं में नकल की खबरें पिछले कुछ दिन से लगातार आ रही हैं। खासकर हाल ही में एक छात्र का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सेमेस्टर परीक्षा के दौरान खुलेआम नकल और नकल की पर्चियों का इस्तेमाल होते दिखाया गया है। बताया गया है कि पिछले 14 दिनों में नकल के 7 मामले सामने आए हैं। साथ ही वीडियो बनाने वाले छात्र को भी नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद यूनिवर्सिटी ने सख्त कदम उठाते हुए उस बिल्डिंग की जांच और वहां परीक्षा न कराने का फैसला किया है। विवि प्रशासन द्वारा नकल द्वारा रोकने सख्त कार्रवाई की जा रही है। वीडियो वायरल के बाद विश्वविद्यालय ने उस भवन में परीक्षा रोक दी और जांच के आदेश दिए गए हैं। छात्रों का आरोप है कि आरजीपीवी में नकल एक गंभीर समस्या बनी हुई है और विश्वविद्यालय इस पर नियंत्रण पाने के लिए सख्त कदम उठा रहा है।

### वॉयस मैसेज पर रिकार्ड करें

आरजीपीवी यूआईटी निदेशक प्रो. एसएस भदौरिया को कई बार फोन कॉल किया, लेकिन हर बार उनके फोन पर वॉयस मैसेज रिकार्ड करने का जबाव मिला।





## संजीवनी क्लीनिक के डॉक्टर ने पेश की मानवता की मिसाल, सीएमएचओ ने सराहा

# डॉ. पार्थ ने गर्भवती के घर जाकर किया इलाज, अपनी कार से ले गए अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चिकित्सकीय दायित्व और मरीजों के हितों को प्राथमिकता देने का एक अनुकरणीय उदाहरण भोपाल के चिकित्सक द्वारा प्रस्तुत किया गया है। संजीवनी क्लिनिक भानपुर मालीखेड़ा के चिकित्सक डॉ. पार्थ शर्मा ने मरीज के घर पहुंचकर न केवल उसे प्राथमिक उपचार दिया बल्कि अपने निजी वाहन से प्रसव के लिए उच्च संस्था में लेकर भी गए। मालीखेड़ा निवासी महिला की संभावित प्रसव दिनांक जनवरी माह की थी।

संभावित दिनांक के लगभग एक माह पूर्व ही अचानक से तेज प्रसव पीड़ा होने की जानकारी स्थानीय एएनएम रानी यादव को मिली, उन्होंने तुरंत संजीवनी क्लीनिक के चिकित्सक डॉ. पार्थ शर्मा को इसकी जानकारी दी।

प्रेरक खबर



### अस्पताल में महिला ने शिशु को दिया जन्म

डॉ. शर्मा बिना विलंब किए अपने निजी वाहन से गर्भवती के घर पहुंचकर महिला की जांच की और एंबुलेंस को सूचना दी। महिला द्वारा निरंतर असहनीय पीड़ा बताने और मरीज की स्थिति को देखते हुए डॉ. शर्मा ने बिना देर किए अपने वाहन से महिला को उच्च स्वास्थ्य संस्था तक पहुंचाया, जहां महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया है। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने डॉ. पार्थ शर्मा द्वारा किए गए इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्य त्वरित निर्णय, निस्वार्थ सेवा और समर्पित चिकित्सकीय जिम्मेदारी का सशक्त प्रतीक है।



**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### सैमसंग की माइक्रो आरजीबी टीवी रेंज पेश

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने घोषणा की कि वह 2026 में अपनी माइक्रो आरजीबी टीवी रेंज का विस्तार करेगा। यह नई लाइनअप 55, 65, 75, 85, 100 और 115 इंच के मॉडल्स में उपलब्ध होगी। यह रेंज सैमसंग की माइक्रो आरजीबी डिस्प्ले टेक्नोलॉजी के अगले चरण को दर्शाती है, जो प्रीमियम होम व्यूइंग के लिए नए मानक स्थापित करेगी। कंपनी के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट हुन ली ने कहाकि सैमसंग की नवीनतम तकनीक के साथ माइक्रो आरजीबी रेंज शानदार रंग और बेहतरीन स्पष्टता प्रदान करती है।

### श्याम धनी इंडस्ट्रीज का आईपीओ 22 को खुलेगा

**मुंबई।** श्याम धनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुख्य रूप से अपने ब्रांड 'श्याम' के तहत विभिन्न प्रकार के मसालों के निर्माण और प्रसंस्करण के कार्य में संलग्न है। कंपनी का आईपीओ सोमवार, 22 दिसंबर 2025 को खोलने का प्रस्ताव रखती है और ऊपरी मूल्य बैंड पर 38.49 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखती है। शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू साइज 54,98,000 इक्विटी शेयरों का है, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए प्रति शेयर है और मूल्य बैंड 65-70 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है।

### ग्लोबल का एसएमई आइपीओ आज बंद होगा

**मुंबई।** ग्लोबल ओशन लॉजिस्टिक्स इंडिया लिमिटेड जो एक एसेट-लाइट फ्रेट फॉरवर्डिंग और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्रोवाइडर है, कंपनी ने एक इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग की घोषणा की है। कुल इश्यू साइज़ 38,99,200 इक्विटी शेयर हैं, जिनकी कुल इश्यू वैल्यू 3,041.37 लाख है। प्राइस बैंड - 74 रुपए से 78 रुपए प्रति शेयर, फेस वैल्यू 10 रुपए प्रति शेयर है। आइपीओ अभी खुला है और 19 दिसंबर 2025 को बंद होगा और बीएसइ एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होगा।

### अमेजन का यूपीआई बायोमीट्रिक पेश

**भोपाल।** अमेजन पे ने यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लांच करने की घोषणा की। इसके साथ ही अमेजन पे यह जबरदस्त फीचर शुरू करने वाला भारत का पहला पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर बन गया है। अब ग्राहक बिना पिन याद रखे या डाले, सिर्फ फिंगरप्रिंट या फेस स्कैन से अपने ट्रांजैक्शन को मंजूरी दे सकते हैं। नई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन सुविधा के तहत 5,000 रुपए तक के लेनदेन के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होगी। शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि ग्राहकों को यह अनुभव काफी पसंद आ रहा है।

### वीएल को 42.12 करोड़ रु. का कांट्रैक्ट मिला

**अहमदाबाद।** वीएल इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड जो जल आपूर्ति एवं सीवरेज अवसंरचना परियोजनाओं के निष्पादन में विशेषज्ञता रखती है, को गुजरात वॉटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड से एक महत्वपूर्ण परियोजना के लिए लेटर ऑफ इंटेंटर प्राप्त हुआ है। 42.12 करोड़ रुपए मूल्य की यह परियोजना अनुमानित लागत से 5.99 फीसदी अधिक है। यह कॉन्ट्रैक्ट वीए इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और एचएम इलेक्ट्रो मेक के बीच गठित जॉइंट वेंचर को प्रदान किया गया है। परियोजना के अंतर्गत 18 माह में पूंजीगत कार्यों का निष्पादन किया ।

### भ्रामक फूड लेबल्स के पीछे छिपे सच को उजागर किया

**मुंबई।** करारी पकौड़ी से लेकर चटपटे समोसे तक स्ट्रीट फूड पूरे भारत में सिर्फ भोजन नहीं, बल्कि एक भाव है, लेकिन हर परिपूर्ण तरीके से तला हुआ स्नैक उस तेल पर निर्भर करता है जिसमें वह तैयार किया जाता है और इस पहलू को हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। इसी विषय पर एक पॉडकास्ट सीरीज में कुलिनरी एक्सप्लोरर और दिल्ली फूड वॉक्स के संस्थापक अनुभव सप्रा को दिखाया गया है। उन्होंने तेलों की भूमिका को सरल तरीके से समझाया और भ्रामक फूड लेबल्स के पीछे छिपे सच को उजागर किया।

## मेले में बढ़िया क्वालिटी का सामान सस्ते दामों पर

# परिवार समेत मेला घूमने पहुंच रहे लोग, सजावटी सामान व खाने-पीने के स्टॉल आकर्षण का केंद्र

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टीटी नगर दशहरा मैदान में 33वें भोपाल उत्सव मेले में ग्रामीण अंचलों से आए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने खरीदारी के साथ-साथ मेले का भ्रमण किया। बच्चों ने अपनी पसंद के खिलौने खरीदे, वहीं महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन, बर्तन, कपड़े और घरेलू उपयोग की वस्तुएं खरीदीं। मेले में सजावटी सामान, झूले और खाने-पीने के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। संध्या समय रोशनी से सजा मेला परिसर देर रात तक गुलजार रहा। क्षेत्र के लोग परिवार समेत मेला घूमने पहुंचे। दुकानदारों की बिक्री भी अच्छी रही। यह मेला सामाजिक एकता और परंपरा का प्रतीक बन चुका है।

मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया कि भोपाल के टीटी नगर दशहरे मैदान में चल रहे भोपाल उत्सव मेले में ठिठुरती सर्दी के बावजूद भारी भीड़ उमड़ रही है। इस मेले में शहरवासियों को न केवल स्वस्थ मनोरंजन का मौका मिल रहा है, बल्कि खानपान के विविध प्रकार के व्यंजन भी उन्हें आकर्षित कर रहे हैं। खादी के वस्त्र, हैंडमेड मसाजर, लकड़ी के सजावटी सामान और खाद्य उत्पादों के स्टाल पर सबसे ज्यादा भीड़ नजर आ रही है। वहीं, भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में समिति मेले की व्यवस्थाओं को शानदार तरीके से मैनेज कर रही है।



मेले में लगी दुकानें

### घर गृहस्थी का सामान भी सस्ता

मेला समिति के कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया मेला में लगी सेल में कपड़ों से लेकर स्टील के बर्तन, प्लास्टिक का सामान, सजावटी आइटम, बच्चों के खिलौने, घर के उपयोग की वस्तुएं सब कुछ बेहद कम दामों में मौजूद है। कई ग्राहकों ने बताया कि यहां महज 10-20 और 100 से 200 रुपए में बढ़िया क्वालिटी का सामान मिल रहा है, जो मार्केट में 150 से 300 रुपए में मिलता है।

### ग्राहकों को भा रही रोजमर्रा की जरूरत की कई चीजें

ग्राहकों का कहना है कि इस तरह की प्रदर्शनी से उन्हें एक ही जगह पर रोजमर्रा की जरूरत की कई चीजें सस्ती दरों में मिल जाती हैं। एक महिला ग्राहक ने बताया, यहां 100 रुपए में जो कई खिलौने के सेट मिल रहा है, वो बाजार में 200 से कम में नहीं मिलता। बच्चों के लिए 10-20 रुपए में खिलौने मिल रहे हैं। दूसरी ओर दुकान लगाने वाले व्यापारी भी बहुत खुश हैं। एक बर्तन बेचने वाले दुकानदार ने बताया, हमने यहां जो स्टील के बर्तन 100 रुपए में रखे हैं, वो बाहर 150-200 रुपए में बिकते हैं। इसी वजह से ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है और बिक्री शानदार हो रही है। इस प्रदर्शनी से अच्छा मुनाफा हो रहा है। इस मेले में विभिन्न प्रदेशों के स्वादिष्ट और प्रसिद्ध व्यंजन पेश किए जा रहे हैं। जयपुर से आए चूर्ण और रंग-बिरंगी गोलियां, जो बचपन की यादें ताजा कर देती हैं, खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश से आए अचार और मुरब्बे की 400 से अधिक वैराइटी को लोग बड़े चाव से खरीद रहे हैं और इनका स्वाद लेने के लिए लंबी कतारें लग रही हैं।



मेले में भीड़

### सतत विकास के एजेंडे को और मजबूत करने की उम्मीद

# पार्थ जिंदल सीमेंट निर्माता संघ के अध्यक्ष बने डॉ. राघवपत को उपाध्यक्ष की कमान, पदभार ग्रहण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में सीमेंट निर्माताओं के सर्वोच्च संगठन, सीमेंट निर्माता संघ (सीएमए) ने आयोजित अपनी वार्षिक आम बैठक में जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पार्थ जिंदल को सीएमए का नया अध्यक्ष चुना। जेके सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया ने संघ के उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया है।

जिंदल ने श्री सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नीरज अखौरी का स्थान लिया है। सीएमए सदस्यों ने सर्वसम्मति से नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का समर्थन करते हुए संघ के नेतृत्व में अपना विश्वास जताया। सीएमए के इतिहास में पहली बार, एसोसिएशन का नेतृत्व युवा पीढ़ी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कर रहे हैं, जिनकी गतिशील सोच और दूरदर्शी विचारों से सीएमए और इसके सतत विकास के एजेंडे को और मजबूत करने की उम्मीद है।



पार्थ जिंदल जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। सीएमए में, जिंदल एसोसिएशन के 60 वर्षों के इतिहास में सबसे कम उम्र के निर्वाचित अध्यक्ष हैं और उनसे भारतीय सीमेंट उद्योग के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने के लिए नई ऊर्जा और दृष्टिकोण लाने की उम्मीद है।

अध्यक्ष के रूप में, जिंदल सीएमए के नीतिगत एजेंडे को नीति निर्माताओं, नियामकों और अन्य हितधारकों के साथ आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होंगे, जिसमें सतत विनिर्माण प्रथाओं, ऊर्जा परिवर्तन (डीकार्बोनाइजेशन) और लॉजिस्टिक्स अनुकूलन पर जोर दिया जाएगा, ताकि सीएमए में सीमेंट उद्योग की सामूहिक आवाज और प्राथमिकताओं को प्रस्तुत किया जा सके। सीएमए की सदस्यता आधार को बढ़ाना भी एक प्रमुख प्राथमिकता होगी। सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) के अध्यक्ष पार्थ जिंदल ने कहाकि सीएमए के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करके मुझे बेहद खुशी हो रही है।

सीमेंट उद्योग वर्तमान में तीव्र अवसंरचना विकास और सतत विकास की अनिवार्यताओं के बीच संतुलन बनाने का प्रयास कर रहा है। जेके सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया, ग्रे और व्हाइट सीमेंट उद्योग में व्यापक अनुभव रखने वाले एक अनुभवी व्यवसायी हैं। सिंघानिया से उद्योग जगत के साथ जुड़ाव और समर्थन को मजबूत करके सीएमए के उद्देश्यों को और आगे बढ़ाने की उम्मीद है।

### मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन, 1,000 से अधिक युवा एंटरप्रेन्योर्स होंगे शामिल

# यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम भारत के मध्यप्रदेश चैप्टर की वायईएफ भारत समिट 2025 कल इंदौर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम भारत के मध्यप्रदेश चैप्टर द्वारा शहर में वायईएफ भारत समिट 2025 का आयोजन किया जा रहा है। 20 दिसंबर को होने वाला यह आयोजन नेशन फर्स्ट की सशक्त विचारधारा से प्रेरित, एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक फ्लैगशिप आयोजन है। इस एक दिवसीय आयोजन का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जायेगा तथा इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया (केंद्रीय संचार मंत्री) भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उनके साथ ही कार्यक्रम में ख्यात भारतीय पॉडकास्टर राज शमनानी, आध्यात्मिक वक्ता अमोघ लीला दास, फाउंडर तथा सीआईओ कार्नीलियन एसेट मैनेजमेंट विकास खेमनानी तथा अन्य विख्यात लीडर्स, हस्तियां और चेंजमेकर्स भी शामिल होंगे। समिट का आयोजन शहर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में होगा।

यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम के मिलन पटेल ने बताया कि देशभर से वायईएफ भारत समिट 2025 में 1,000 से अधिक युवा एंटरप्रेन्योर्स के शामिल होने की उम्मीद है। नेशन फर्स्ट अर्थात राष्ट्र सबसे पहले की मूल भावना की जड़ों से जुड़े वायईएफ का लक्ष्य एक ऐसे सहयोगी मंच को तैयार करना है जहां एंटरप्रेन्योर्स एक साथ आकर अपने आइडियाज और संसाधनों को साझा कर सकें और ऐसी संभावनाओं के द्वार खोल सकें जो बिजनेस वृद्धि और राष्ट्रीय उन्नति दोनों के मार्ग प्रशस्त करे। यह समिट समान विचारों और नैतिक मूल्यों से संचालित एक कम्युनिटी बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही नैतिक, जिम्मेदार और राष्ट्र केंद्रित बिजनेस प्रैक्टिस को बढ़ावा देगा जो देश की आर्थिक वृद्धि को गति दे सके।

## छात्रों के लिए ग्रेट स्कॉलरशिप 2026-27 की घोषणा

**भोपाल।** ब्रिटिश काउंसिल ने यूके सरकार के ग्रेट ब्रिटेन अभियान के साथ मिलकर ग्रेट स्कॉलरशिप 2026-27 की घोषणा की है। यह छात्रवृत्ति उन प्रतिभाशाली भारतीय विद्यार्थियों के लिए है जिन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल की है और जो ब्रिटेन में स्नातकोत्तर अध्ययन करना चाहते हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए, ब्रिटेन के प्रमुख विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों में 12 स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियां प्रदान कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले उच्च शिक्षा संस्थानों में एंग्लिया रस्किन यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ सरे आदि शामिल हैं।

### अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त बनाने में अहम भूमिका

# एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के शोधकर्ताओं ने खोजा सुरक्षित परिवहन का नया तरीका



विकसित टेक्नोलॉजी प्रदर्शित करते हुए

भारत में हाइड्रोजन की बड़े पैमाने पर होने वाली इस्तेमाल में यह नई खोज सबसे बड़ी रुकावटों में से एक को दूर करेगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने हाइड्रोजन के परिवहन के लिए बेहद सुरक्षित और किफायती टेक्नोलॉजी विकसित की है, जो भारत के क्लीन एनर्जी के सपने को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, क्योंकि आने वाले समय में अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त बनाने में हाइड्रोजन की भूमिका सबसे अहम होगी।

शोधकर्ताओं की टीम ने लिक्विड ऑर्गेनिक हाइड्रोजन कॅरियर सिस्टम बनाने में कामयाबी हासिल की, जिसके जरिए हाइड्रोजन का स्टेबल लिक्विड रूप में आसानी से परिवहन किया जा सकता है, जिसमें आग लगने और विस्फोट होने का खतरा नहीं है, साथ ही इसे सामान्य तापमान और दबाव पर आसानी से संभाला जा सकता है। यह नई खोज भारत में हाइड्रोजन के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल में सबसे बड़ी रुकावटों में से एक को दूर करती है।

#### दस महीने में सौ बार ट्रायल करने के बाद कामयाबी मिली: राजीव कुमार

इस मौके पर प्रो. (डॉ.) राजीब कुमार सिन्हाराय, प्रिंसिपल इंवेस्टिगेटर, ने कहाकि शुरुआत के पचास दिनों में हमें कोई नतीजा नहीं दिखा, पर हमने हार नहीं मानी। लगभग दस महीनों में सौ बार ट्रायल करने के बाद हमने ऐसी बड़ी कामयाबी हासिल की जो पहले कहीं नहीं मिली। पूरा काम शुरू से करना मुश्किल तो था, लेकिन इससे साबित हुआ कि साइंस में सच्ची लगन से लगातार किया गया काम हमेशा सफल होता है। ओसीपीएल के फाउंडर सिद्धार्थ मयूर ने बताया कि इस इनोवेशन की शुरुआत तब हुई, जब एच2ई पावर ग्रुप की कंपनी, ओम क्लीनटेक प्राइवेट लिमिटेड एक अनसुलझी समस्या के समाधान के लिए एमआईटी -डब्ल्यूपीयू के पास पहुंची। भारत में इसे तैयार करने का पहले से कोई लिखित तरीका मौजूद नहीं होने की वजह से, रिसर्च टीम और ओसीपीएल की टीम ने साथ मिलकर पूरा कॉन्सेप्ट तैयार किया और शुरू से अंत तक की प्रक्रिया विकसित की।

### तीसरे दिन नीति निर्माताओं, नियामकों और उद्योग जगत के बीच हुई चर्चा

# भारत विकास के अगले चरण को आकार देने और 2047 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था में निभाएगा निर्णायक भूमिका



शिखर सम्मेलन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल/मुंबई

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित सीआईआई वैकल्पिक निवेश निधि राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के तीसरे संस्करण में नीति निर्माताओं, नियामकों और उद्योग जगत के नेताओं के बीच यह चर्चा हुई कि वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ) भारत के दीर्घकालिक आर्थिक परिवर्तन के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में उभर रही हैं। शिखर सम्मेलन ने इस बात की पुष्टि की, कि विश्वास, उद्देश्य और दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर आधारित एआईएफ, भारत के विकास के अगले चरण को आकार देने और 2047 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएंगे।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) की कार्यकारी निदेशक डॉ. रुचि चोजर ने कहा कि भारत 2047 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में प्रगति कर रहा है, ऐसे में एआईएफ (वैकल्पिक वित्तीय संस्थान) दो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के बीच एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं - दीर्घकालिक पूंजी का प्रवाह सुनिश्चित करना और भारतीय निवेशकों की बढ़ती संपत्ति का प्रबंधन करना। परिष्कृत पूंजी को नवाचार, उद्यमिता, अवसंरचना और सामाजिक क्षेत्र से जोड़कर तथा विश्वास और शासन के उच्च मानकों को बनाए रखकर, एआईएफ भारत के निवेश-आधारित विकास पथ में एक निर्णायक शक्ति के रूप में उभर सकते हैं। एसईबीआई के पूर्व अध्यक्ष यू.के. सिन्हा ने इस बात पर जोर दिया कि स्पष्ट उद्देश्य पर केंद्रित वित्तीय संस्थान विश्वसनीयता का निर्माण करते हैं और स्थायी सामाजिक विश्वास अर्जित करते हैं। एसईबीआई के पूर्णकालिक सदस्य संदीप प्रधान ने कहा कि एआईएफ अब केवल वैकल्पिक वित्तीय उत्पाद होने से आगे बढ़कर दीर्घकालिक विकास, नवाचार और भारत में वैश्विक विश्वास के महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बन गए हैं। सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र के बैंकिंग एवं वित्त कार्य बल के अध्यक्ष और कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं एएमएफआई के अध्यक्ष संदीप सिक्का ने कहा कि धैर्यपूर्वक और अनुशासन के साथ पूंजी का निवेश करने से एमएसएमई, स्टार्टअप और रोज़गार सृजनकर्ताओं को मजबूती मिल सकती है।

#### मजबूत एसएमई क्षेत्र के बिना लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता : ऋषि कुमार

सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष ऋषि कुमार बागला ने कहा कि भारत का विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य एक मज़बूत एसएमई क्षेत्र के बिना हासिल नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि एआईएफ ने खुद को घरेलू और वैश्विक निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण परिसंपत्ति वर्ग के रूप में स्थापित कर लिया है, जो पारंपरिक इक्विटी से परे विविधीकरण की तलाश में हैं।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने साझेदारी में ईवी वॉलेट रिचार्ज शुरू किया

**नई दिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड के साथ साझेदारी में एयरटेल थैंक्स एप पर भारत कनेक्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से ईवी वॉलेट रिचार्ज शुरू किया है। अभी तक इलेक्ट्रिक वाहन के मालिकों को चार्जिंग का भुगतान करने के लिए चार्जिंग पॉइंट ऑपरेटर द्वारा दिए गए वॉलेट का उपयोग करना पड़ता था। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ग्राहकों को एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से सीधे अपने ईवी वॉलेट को टॉप अप करने में सक्षम बनाता है, जिससे यह प्रक्रिया सहज, तेज और अंतरसंचालनीय हो जाती है। ग्राहकों को बस ऐप में लॉग इन करना है, बिल भुगतान के अंतर्गत ईवी रिचार्ज का चयन करना है, अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर और रिचार्ज राशि दर्ज करनी है, भारत कनेक्ट सक्षम ऐप्स के माध्यम से सुरक्षित रूप से पुष्टि करके भुगतान करना है और रिचार्ज की राशि तुरंत उनके वॉलेट में दिखाई देगी। कंपनी के डायरेक्टर- गणेश अनंतनारायणन ने कहाकि हम अपने ग्राहकों का दैनिक अनुभव बेहतर बनाने के लिए लगातार डिजिटल-फर्स्ट सॉल्यूशंस प्रदान करते हैं।

## बिजनेस न्यूज

### वन मेले में मानसरोवर के वैद्यों द्वारा निःशुल्क परामर्श




**भोपाल।** राजधानी में आयोजित 23 दिसंबर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय वन मेले में मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तीनों आयुर्वेदिक महाविद्यालयों के सुप्रसिद्ध वैद्यों द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही दंत चिकित्सकों की भी निःशुल्क ओपीडी उपलब्ध है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया जा रहा है। लाल परेड ग्राउंड के अर्जुन डोम में हुए वन मेले के विधिवत शुभारंभ में मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति श्रीमती मंजुला तिवारी, प्रति कुलाधिपति इंजी. गौरव तिवारी सहित गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत और श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन की प्राचार्या डॉ. मनीषा राठी ने बताया कि मानसरोवर के स्टॉल पर उत्तम क्वालिटी का च्यवनप्राश, आंवला कैंडी, सितोपलादि चूर्ण, मधुमेह नाशक चूर्ण, त्रिकटु चूर्ण, पंचसकार चूर्ण, त्रिफला चूर्ण, आरोग्यम काढ़ा, एलोवेरा जेल, दर्द नाशक तेल, स्वर्णप्राशन, कर्पूरम ड्रॉप्स एवं मानसरोवर फार्मेसी में निर्मित अन्य वनौषधियां भी उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष 21 दिसंबर को कल्चरल नाइट्स में सुप्रसिद्ध गायक नीरज श्रीधर की धुआंधार परफॉर्मेंस होगी,वहीं 20 दिसंबर को करीब एक हजार विद्यार्थियों द्वारा फ्लैश मॉब की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### सिद्धार्थ एकेडमी ने इंडस्ट्री से जुड़े, स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी के साथ की पार्टनरशिप

**मुंबई।** कर्नाटक की डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी सिद्धार्थ एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन ने यूपीग्रांड स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी-एक नेक्स्ट-जेनरेशन लर्निंग एनवायरनमेंट के साथ एक स्ट्रेटेजिक कोलैबोरेशन की घोषणा की है, ताकि यूनिवर्सिटी के मौजूदा इंजीनियरिंग प्रोग्राम्स में एक इंडस्ट्री-अलाइन्ड स्कूल ऑफ़ टेक्नोलॉजी को शामिल किया जा सके। सीईओ विश्व मोहन और चीफ रेवेन्यू और आउटकम ऑफिसर मेहुल खंडे दिया के नेतृत्व में यूपीग्राड स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर एकेडमिक और करिकुलम एडवाइजरी सपोर्ट देगा। इसमें रिसर्च एक्सपोजर, बिल्ड स्प्रिंट और पहले दिन से लगातार स्पेशलाइजेशन शामिल हैं, जिन्हें एआई-फर्स्ट लर्निंग टेक्नोलॉजी का सपोर्ट मिला है ।

### फनस्कूल ने रखा इलेक्ट्रॉनिक टॉयज की श्रेणी में कदम

**भोपाल।** फनस्कूल इंडिया लिमिटेड ने इलेक्ट्रॉनिक टॉयज की श्रेणी में प्रवेश करने की घोषणा की है, इसी के साथ साल के आखरी महीने में उत्पादों की नई रेंज भी लांच की है। यह रणनीतिक कदम उठाने के पीछे फनस्कूल का लक्ष्य खिलौने डिजाइन, निर्माण और वितरण में अपने दशकों के अनुभव का लाभ उठाकर विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए नवीन, इंटरैक्टिव और अधिगम-केंद्रित खिलौने उपलब्ध कराना है। फनस्कूल, रानीपेट और गोवा में स्थित अपनी उन्नत विनिर्माण संयंत्रों के बल पर देश-विदेश में इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने की क्षमता रखता है।

### एक्सिस बैंक और गूगल पे ने लांच किया 'फ्लेक्स'

**मुंबई।** एक्सिस बैंक और गूगल ने मिलकर 'गूगल पे फ्लेक्स एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड' लांच किया है। यह एक यूपीआई-आधारित को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसे भारत की बदलती वित्तीय जरूरतों को सरल और बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रुपे नेटवर्क पर आधारित यह कार्ड क्रेडिट अनुभव को उतना ही सहज बनाने का लक्ष्य रखता है, जितना कि लोग रोजाना यूपीआई भुगतान करते हैं। यह गूगल पे के सुरक्षित अनुभव और एक्सिस बैंक की विश्वसनीय बैंकिंग विशेषज्ञता का एक अनूठा संगम है।

भारतीय handicrafts हस्तशिल्प continuing tradition
Development Commissioner (Handicrafts)
Ministry of Textiles, Govt. of India
International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World
सत्यमेव जयते

हस्तशिल्प प्रदर्शनी
दिनांक : 18.12.2025 से 27.12.2025 तक
समय - दोप. 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक
स्थान- ई-8, एक्सटेंशन, बावड़िया कला,
महिन्द्रा पेट्रोल पंप के पास, रोहित नगर, भोपाल ( म.प्र. )

संपूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री स्वयं हस्तशिल्पियों द्वारा

आपके शहर में विश्वप्रसिद्ध भदोही का कारपेट, भागलपुर की सिल्क साड़ियाँ व सूट्स, उज्जैन की बटिक प्रिन्ट, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी-जरदोजी व जूट उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैच वर्क एवं स्टोन क्राफ्ट, मधुबन की मधुबनी पेंटिंग, प्रयागराज का ड्राई फ्लावर, हैदराबाद की कलमकारी, कोटा राजस्थान का हैड ब्लॉक प्रिंट, चंदेरी साड़ी, महोबा यू.पी. का आर्ट मेटल, बिहार की मिथिला पेंटिंग, जयपुर का लेदर वर्कस, पश्चिम बंगाल का जामदानी सिल्क साड़िया, पंजाब की फुलकारी, बुधनी के लकड़ी के खिलौने और बहुत कुछ आप एक बार पधारकर शिल्पियों का उत्साहवर्धन अवश्य करें।



50 स्टॉल्स

प्रायोजक :
कार्यालय विकास आयुक्त ( ह. )
वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
www.handicrafts.nic.in

आयोजक :
मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल

## चिंतन

# हादसों के घायलों को तुरंत मिले इलाज, तो बच सकती हैं जान

देशभर में हर साल सड़क हादसों में लाखों लोग काल का ग्रास बन रहे हैं। खास बात यह है कि इनमें युवाओं की तादाद ज्यादा है। तमाम सुधार के प्रयास और सख्त कानून के बावजूद हादसों पर लगाम लगती नहीं दिख रही। सड़क हादसे आज के समय में एक बड़ी समस्या बन गए हैं। तथ्य यह भी है कि हादसों में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो ज्यादातर मामलों में जान बचाई जा सकती है। आईआईएम के एक अध्ययन के अनुसार अगर घायलों को समय पर इलाज मिल जाए तो 50 हजार से अधिक जिंदगियों को बचाया जा सकता है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम प्रयासों व दावों के बावजूद सही स्वास्थ्य ढांचा, समय पर मदद और एंबुलेंस के नहीं पहुंचने के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ जाती है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर घंटे 55 दुर्घटनाएं और 20 मौतें होती हैं। अकेले 2023 की बात करें तो देश में 4,88,583 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,72,890 लोगों की मौत हुई हैं। राज्यसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी स्वीकारा है कि भारत में हर साल करीब 5 लाख सड़क हादसे होते हैं, जिनमें औसतन 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। इनमें से 66% मौतें युवाओं (18 से 34 साल) की होती हैं। केंद्रीय मंत्री ने माना किया कि रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने और कानून सख्त करने के बावजूद सरकार मौतों की संख्या घटाने में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है। केंद्र सरकार राज्यों को आधुनिक एंबुलेंस देने की योजना बना रही है। इसके तहत एंबुलेंस हादसे की जगह पर 10 मिनट के भीतर पहुंचेगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को समय पर इलाज मिल सके और उनकी जान को बचाया जा सके। गडकरी ने बताया कि घायलों की मदद करने वाले लोगों को हमने 'राहवीर' की संज्ञा दी है। अब अगर कोई घायल को अस्पताल पहुंचाता है, तो सरकार की ओर से उसे 25,000 रुपये का इनाम मिलेगा। इसलिए लोगों को अब किसी की मदद करने से पहले दो बार सोचना नहीं होगा। तथ्य यह भी है कि बुनियादी ढांचे की कमियां, वाहन चालकों की लापरवाही और नियमों की अवहेलना सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, केवल ओवर-स्पीडिंग से 68.4 प्रतिशत दुर्घटनाएं और 68.1 प्रतिशत मौतें होती हैं। चालक अक्सर साइन बोर्ड पर लिखी गति सीमा को नजरअंदाज करते हैं और सुरक्षा नियमों के प्रति असंवेदनशील रहते हैं। इसके अलावा, कौशल की कमी और हेलमेट न पहनने से भी 54,568 लोगों की जान गई, सीट बेल्ट न पहनने से 16,025 मौतें हुईं और 33,827 दुर्घटनाओं में बिना लाइसेंस चालक शामिल थे। हादसों को रोकने के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। देखने में आता है कि एक लेन वाले हाईवे पर आमने-सामने की टक्कर दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। इस पर तुरंत दखल देने की जरूरत है। जो एक लेन वाले हाईवे ज्यादा खतरनाक हैं, उन्हें बीच में मजबूत डिवाइडर लगाकर बहु-लेन सड़कों में बदलना होगा। गति सीमा तय करनी होगी और इसका सख्ती से पालन करना होगा। सड़क हादसे एक जानलेवा समस्या है, जिसका समाधान हमें मिलकर करना होगा। हमें सड़क पर सावधानी से गाड़ी चलाना, सड़कों का सुधार करना, वाहनों का रखरखाव करना और यातायात नियमों का पालन करना होगा। तभी हम सड़क हादसों को रोक सकते हैं और अपने परिवारों को सुरक्षित रख सकते हैं।



विश्लेषण
विवेक शुक्ला

> बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान, राहुल गांधी ने राजद नेता तेजस्वी यादव को अकेला छोड़कर विदेश दौरा किया और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा में हस्तक्षेप किया। यह घटनाक्रम इतना गंभीर हुआ कि झारखंड की राजनीति में भी कांग्रेस को बाहर करने की बातें होने लगी थीं। राहुल गांधी की राजनीति की पहचान हमेशा जिद पर अड़े रहने की रही है। यह कोई अचरज की बात नहीं है कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे संसद में भी उखाड़-फेंके गए। खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कांग्रेस के चुनावी इतिहास को तर्कपूर्ण तरीके से खंडित किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक के चुनावी कदाचार को सामने रखा।

# राहुल की जिद पर शाह के तर्क भारी

बिहार में कांग्रेस की करारी हार के बाद, राहुल गांधी के पास यह सुनहरा अवसर था कि वह अपनी छवि सुधारते हुए अपने गठबंधन के साथियों के साथ तालमेल बिठाते। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान, उन्होंने जो गलतियां की थीं, उन्हें सुधारने का यह समय था। चुनाव के दौरान, राहुल गांधी ने राजद नेता तेजस्वी यादव को अकेला छोड़कर विदेश दौरा किया और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा में हस्तक्षेप किया। यह घटनाक्रम इतना गंभीर हुआ कि झारखंड की राजनीति में भी कांग्रेस को बाहर करने की बातें होने लगी थीं। राहुल गांधी की राजनीति की पहचान हमेशा जिद पर अड़े रहने की रही है।



इस कारण से कांग्रेस के अंदर बहुत से नेता राहुल गांधी से खफा रहने लगे हैं। पर वे बेबस हैं। जब कांग्रेस की अपनी स्थिति इतनी खराब हो, तो यह कोई अचरज की बात नहीं है कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे संसद में भी उखाड़-फेंके गए। खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कांग्रेस के चुनावी इतिहास को तर्कपूर्ण तरीके से खंडित किया। उन्होंने कांग्रेस के संस्थापक जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक के चुनावी कदाचार को सामने रखा। अमित शाह ने स्पष्ट रूप से यह बताया कि आज़ादी के बाद, जब प्रधानमंत्री के चुनाव के लिए मतदान हुआ था, तो सरदार पटेल के पक्ष में 28 वोट आए थे, जबकि नेहरू को केवल 2 वोट मिले थे, फिर भी नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया। शाह ने इसे स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र का पहला अपमान बताया।

यह कांग्रेस के लिए एक शर्मनाक स्थिति थी और इस पर पार्टी कोई ठोस जवाब नहीं दे पाई। राहुल गांधी की रणनीति के बजाय, अब कांग्रेस का पूरा ध्यान यह आरोप लगाने पर केंद्रित हो गया है कि उनकी पार्टी के खिलाफ चुनावी धोखाधड़ी हो रही है। उनके पास तथ्यों और तर्कों का स्पष्ट अभाव है। यह उस पार्टी का दुर्भाग्य है, जिसका नेतृत्व यह मानने को तैयार नहीं कि उनकी पिछली गलतियों से कुछ सीखा जाए। राहुल गांधी की राजनीतिक शैली अब उस मुकाम पर पहुँच चुकी है, जहां चुनावी हार को ही अनुचित करार देना और सच्चाई को नकारना उनकी दिनचर्या बन चुकी है। राहुल गांधी ने लगातार प्रधानमंत्री मोदी पर 'वोट चोर' का आरोप लगाया, जो कि एक अप्रत्याशित और अनुशासनहीन आरोप था। जब अमित शाह ने इंदिरा गांधी के रायबरेली चुनाव में गड़बड़ी का हवाला दिया, तो कांग्रेस के सांसद चुप हो गए। अमित शाह ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए बताया कि इंदिरा गांधी का चुनाव अवैध था, और इसे छिपाने के लिए संसद में एक कानून लाया गया था, जिससे प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं हो सकता। इस बीच, अमित शाह ने सोनिया गांधी के वोटर बनने के मामले को उठाया, जहां उन्होंने सवाल किया कि कैसे एक विदेशी नागरिक के रूप में सोनिया गांधी मतदाता सूची में शामिल हो गईं। इससे कांग्रेस की साख और भी गिर गई, और पार्टी इस सवाल का जवाब नहीं दे सकी। कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति इस समय एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) पर अटकी हुई है। राहुल गांधी का यह प्रयास है कि किसी तरह उनकी पार्टी की हार को छुपाया जा सके। वह लगातार आरोप लगा रहे हैं कि मुसलमानों को मतदाता सूची से बाहर रखा जा रहा है, लेकिन जब तक इस पर कोई ठोस प्रमाण नहीं मिलते, यह आरोप बेबुनियाद नजर आते हैं। बीजेपी ने इस मुद्दे को पूरी तरह से उठा लिया है और कोई भी बाहरी नागरिक इस पर शिकायत नहीं कर रहा।

राहुल गांधी के पास इस सवाल का भी जवाब नहीं है कि बाहरी नागरिक भारत के मतदाता कैसे बने। इसी बीच, ममता बनर्जी की सरकार और अखिलेश यादव भी एसआईआर पर सहयोग कर रहे हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे जारी रखने के पक्ष में फैसला लिया है। अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को पहचान कर उन्हें देश से बाहर किया जाएगा। मोदी सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि देश की जनसांख्यिकीय संरचना में किसी प्रकार की हेरफेर की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमित शाह की यह स्पष्ट नीति और दृढ़ संकल्प दिखाता है कि वह किसी भी बाहरी या अवैध गतिविधि को सहन नहीं करेंगे। वहीं, राहुल गांधी अपनी जिद और राजनीति में विफलताओं से बाहर निकलने के बजाय, एसआईआर जैसे मुद्दों को हवा देकर अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

बहरहाल, कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वोट चोरी के आरोप का चुनावी परिणाम पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं देखा गया है। इस आरोप का कांग्रेस के लिए चुनावी लाभ प्राप्त करने में सफलता न मिलने के कारण, सवाल उठने लगे हैं कि क्या यह आरोप सही तरीके से जनता तक पहुंचने में सक्षम हो पाया है या फिर यह आरोप सिर्फ राजनीतिक विपक्ष के ताने-बाने का हिस्सा बनकर रह गया है। वोट चोरी के आरोपों के बावजूद, मोदी सरकार के समर्थक इसे कांग्रेस की निराशा और चुनावी रणनीति का हिस्सा मानते हैं। वे इसे विपक्ष के एक निरर्थक प्रयास के रूप में देखते हैं, जो भाजपा के मजबूत जनाधार को कमजोर नहीं कर सकता। नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, उनकी सरकार की योजनाओं और भाजपा के चुनावी अभियान की मजबूती ने कांग्रेस के आरोपों को प्रभावी रूप से बेअसर कर दिया है। मोदी और उनकी पार्टी ने इन आरोपों को नकारा करते हुए इसे विपक्ष की राजनीति का एक तरीका बताया है। इसके अलावा, भारतीय चुनाव आयोग की भूमिका और उसकी स्वतंत्रता पर जनता का भरोसा भी कांग्रेस के आरोपों को कमजोर करता है। इस प्रकार, कांग्रेस के आरोपों का असर उस स्तर पर नहीं हुआ है जैसा उम्मीद की जा रही थी। लोग मोदी के खिलाफ आरोपों को ज्यादा गंभीरता से नहीं ले रहे, क्योंकि वे उन्हें कांग्रेस की चुनावी रणनीति और खुद को हताशा की अभिव्यक्ति मानते हैं। आगे चलकर, इस मुद्दे का कितना असर होगा, यह तो चुनावों के परिणामों से ही स्पष्ट होगा, लेकिन फिलहाल यह आरोप कोई खास प्रभाव डालता हुआ नजर नहीं आ रहा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह




# ब्रिटिश साम्राज्य के विनाश के लिए गले लगाई शहादत !

आज स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लखनऊ के पास काकोरी में अंजाम दिए गए ऐतिहासिक ट्रेन एक्शन के तीन क्रांतिकारी नायकों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खां और रोशन सिंह का साझा शहादत दिवस है। दूसरे शब्दों में कहें तो उनकी शहादतों की स्मृतियों को ताजा करने और उनसे प्रेरणा लेने का दिन। उनके इस कार्य को अपने साम्राज्य के लिए सीधी चुनौती मानकर देश के तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने 1927 में 19 दिसम्बर को यानी आज के ही दिन बिस्मिल को उत्तर प्रदेश की गोरखपुर, अशफाक को फैजाबाद (अब अयोध्या) और रोशन सिंह को मलाका (तत्कालीन इलाहाबाद, अब प्रयागराज) की जेलों में फांसी पर लटकाकर शहीद कर डाला था। सुविदित है कि हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े इन क्रान्तिकारियों ने अपने कुछ और साथियों के साथ नौ अगस्त, 1925 को आठ डाउन सहारनपुर लखनऊ पैसेंजर ट्रेन में ले जाया जा रहा सरकारी खजाना काकोरी स्टेशन के पास लूट लिया था। उनका मानना था कि गोरी सरकार ने यह खजाना देशवासियों के चौतरफा शोषण और खुल्लमखुल्ला लूट से इकट्ठा किया है और इसे देश की मुक्ति के प्रयत्नों में खर्च करना ही उसका सबसे सार्थक उपयोग है। शहादत के वक्त, जैसी कि परम्परा है, गोरखपुर जेल में अफसरों द्वारा बिस्मिल से उनकी अंतिम इच्छा पूछी गई तो उनका दो टूक जवाब था : 'आई विश द डाउनफॉल आफ ब्रिटिश एम्पायर' यानी मैं ब्रिटिश साम्राज्य का नाश देखना चाहता हूं। शहादत से कुछ ही दिनों पहले उन्होंने उम्मीद भरी पंक्तियां लिखी थीं : मरते बिस्मिल, रोशन, लहरी, अशफाक अत्याचार से / होंगे पैदा सैकड़ों उनके रुधिर की धार से। इसी कड़ी में फैजाबाद (अब अयोध्या) की जेल में अशफाक उल्लाह खां ने (बिस्मिल से जिनकी वैचारिक एकता व दोस्ती को हिंदू मुस्लिम सद्भाव की अद्भुत मिसाल बताया जाता है) कहा था कि उनकी अंतिम इच्छा यह है कि जब उन्हें फांसी पर लटकाया जाए तो उनके वकील फांसी घर के सामने खड़े होकर देखें कि वे कितनी खुशी और हसरत से उसके फंदे पर झूल रहे हैं। बिस्मिल और अशफाक में एक और समान बात यह थी कि दोनों शायर थे और ग़ज़लें कहते थे। बिस्मिल ने तो अनेक किताबें भी लिखी थीं। इनमें ग्यारह उन्होंने खुद छपवाईं और उनकी बिक्री से एकत्र धन से क्रांति कर्म के लिए हथियार खरीदे थे। गोरी सरकार को यह बात नागवार गुजरी तो उसने ये सारी किताबें जब्त कर ली थीं। उनकी आत्मकथा, जिसे वे अपनी शहादत से कुछ दिन पहले तक लिखते रहे थे, बाद में प्रकाशित हुई थी। अशफाक की बात करें तो वे बिस्मिल की गिरफ्तारी के बाद भी अरसे तक गोरी पुलिस के शिकंजे से बचे रहे थे और कभी नेपाल, कभी कानपुर तो कभी बनारस भागते फिर रहे थे। बनारस से छिपते-छिपाते वे झारखंड स्थित मेदिनीनगर (तब डाल्टनगंज) पहुंचे तो वहां दस महीने रहे थे। दरअसल, हुआ यह कि काकोरी ट्रेन एक्शन के डेढ़ महीने बाद 26 सितम्बर, 1925 की रात गोरी पुलिस समूचे उत्तर भारत में संदिग्धों के घरों व ठिकानों पर अभियान के तौर पर छापे मारती व धर-पकड़ करती अशफाक के शाहजहांपुर स्थित घर पहुंची तो उन्होंने खुद को घर से थोड़ी दूर स्थित एक गन्ने के खेत में छिपाकर उसकी निगाहों से बचा लिया। हालांकि इससे पहले उनके दोस्त रामप्रसाद बिस्मिल मुखबिरों व गद्दारों के चलते पुलिस के हत्थे चढ़ चुके थे और उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जा चुका था। इसके बाद यह बात कोई रहस्य नहीं रह गई थी कि अशफाक घर पर ही बने रहे तो बहुत दिनों तक खैर नहीं मना सकेंगे। आखिर वे अपने जिले शाहजहांपुर के एक पुराने दोस्त के घर पर रहने लगे, जहां उसके विश्वासघात के शिकार हो गये। इस दोस्त ने उनकी गिरफ्तारी के लिए घोषित इनाम के लालच में धोखे से उन्हें पकड़वा दिया, जिसके बाद काकोरी एक्शन में शामिल होने को लेकर उन पर पूरक मुकदमा चलाया गया और फांसी की सजा सुना दी गई। उधर, मलाका जेल में शहीद किए गए रोशन सिंह को जिन्दादिली के बगैर जिन्दगी ही बेकार लगती थी। उन्होंने कहा था : जिन्दगी जिंदादिली को मान ऐ रोशन/ वरना कितने ही यहां रोज फना होते हैं।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# बड़े भाग मानुष तनु पावा




संकलित
## दर्शन

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो, पर जब वही शरीर भगवत्प्राप्ति का साधन बन जाए तो वह अपने अभीष्ट को पाकर धन्य हो जाता है।


# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
## प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा: आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा: अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा: भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा: तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहा: भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा: आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## गुनगुनी धूप



राजस्थान में अजमेर के पास पुष्कर में सर्द सुबह में ऊंट की सवारी का आनंद लेते पर्यटक।


## आज की पाती

### धुंध न बने दुर्घटना का कारण

बीते दिन उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरा कुछ लोगों की जान का दुश्मन बन गया। यहां लगभग सात बसें और तीन कारें गहरे कोहरे के कारण आपस में टकरा गईं। हमारे देश में दिन प्रतिदिन सड़क हादसों में जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। देश में सड़क हादसों में एक दिन में जितने लोग जान गंवाते हैं, उतने तो आतंकवाद के शिकार नहीं होते। या यूं कहा जा सकता है कि हमारे देश के लिए आतंकवाद से ज्यादा बड़ी समस्या सड़कों पर बढ़ते हादसों की है। वैसे तो हर मौसम में सड़क हादसों की गिनती कम नहीं होती, लेकिन सर्दियों के मौसम में धुंध में विजिबिलटी कम रहने से सड़क पर जरा भी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है। सर्दियों में पड़ने वाली धुंध भी सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती है। ऐसे उपाय खोजने होंगे कि धुंध दुर्घटनाओं का कारण न बने। - *मुकेश देवांगन, जगदलपुर*

## करंट अफेयर


# बीजिंग में वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़कर 215 पर



चीन की राजधानी बीजिंग में बृहस्पतिवार को धुंध छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 215 पर पहुंच गया, जो "बेहद अस्वास्थ्यकारी" स्तर माना जाता है। बीजिंग में वर्षों तक हवा साफ करने के लिए अभियान चलाया गया, जिसके बाद प्रदूषण इतनी तेजी से बढ़ना दुर्लभ माना जा रहा है। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने बुधवार को 'यलो अलर्ट' जारी करते हुए देश के कुछ हिस्सों में भारी धुंध फैलने का पूर्वानुमान जताया है। वेधशाला ने कहा कि हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, हेनान, अनहुई, जियांग्सू, हुबेई, सिचुआन बेसिन और चोंगचिंग में बृहस्पतिवार को भारी धुंध छाई रहने का पूर्वानुमान है। बीजिंग में प्रदूषित वायु गुणवत्ता के साथ धुंध इन दिनों कम ही देखने को मिलती है, जबकि पहले यहां भारी प्रदूषण देखा जाता था। सरकार ने 2016 में कई कदम उठाए थे, जिनमें भारी प्रदूषण का कारण बनने वाले उद्योगों को बंद करना और उन्हें स्थानांतरित करना शामिल था। इसके लिए अरबों डॉलर खर्च किए गए। अधिकारियों का कहना है कि सर्दी के दौरान शहर में कोयले से चलने वाली सार्वजनिक हीटिंग व्यवस्था की जगह प्राकृतिक गैस या बिजली से चलने वाली हीटिंग व्यवस्था अपनाई गई, जिसके लिए एक अरब डॉलर से अधिक धनराशि खर्च की गई।

## ऑफ बीट

# जीवनकाल पर आहार प्रतिबंध या अच्छे जीन का असर



आखिरकार, यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि ज्यादा समय तक जीने वाले लोगों के माता-पिता और दादा-दादी लंबे समय तक जीवित रहते हैं, जो यह दर्शाता है कि आनुवंशिकी दीर्घायु को प्रभावित करती है। हालांकि, तस्वीर को जटिल बनाने वाली बात यह है कि हम जानते हैं कि आपकी जीवनशैली, खास तौर पर आहार और व्यायाम का योग भी बुढ़ापे में आपके स्वास्थ्य और आपके जीवन की अवधि को काफी हद तक प्रभावित करता है। जीवनशैली बनाम आनुवंशिकी क्या योगदान देती है, यह एक खुला प्रश्न है जिस पर 'नेचर' में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन ने नयी रोशनी डाली है। वैज्ञानिकों को लंबे समय से पता है कि कैलोरी का सेवन कम करने से जानवर लंबे समय तक जीवित रह सकते हैं। 1930 के दशक में, यह देखा गया कि कम कैलोरी वाले चूहे उन चूहों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहे जो जितना चाहें उतना खा सकते थे। इसी तरह, जो लोग शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय होते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं। लेकिन विशेष रूप से एकल जीन को दीर्घायु से जोड़ना हाल तक विवादास्पद था।

## ट्रेंड

### नरेंद्र मोदी का सम्मान



ओमान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, 'द फर्स्ट क्लास ऑफ द ऑर्डर ऑफ ओमान' से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया जाना उनकी कुशल राजनीतिज्ञता और वैश्विक नेता के रूप में उनकी स्वीकृति का एक भव्य प्रमाण है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### मनरेगा को लागू किया



नरेगा का नाम पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया था, वह तो नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तो चुनाव और वोट के कारण बापू याद आए, महात्मा गांधी याद आए और तब उस पर महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया। मनरेगा को भी ताकत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ढंग से लागू किया।
**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री**

### 'आखिरी सलाम'



हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से मध्यप्रदेश ने 11 दिसंबर, को नक्सलवादियों के 'लाल सलाम' को 'आखिरी सलाम' कर दिया है। अब भविष्य में ऐसी किसी गतिविधि को बढ़ने नहीं देंगे।
**- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

### भयानक प्रदूषण



10 साल तक दिल्ली में हमारी सरकार रही, कभी इतना भयानक प्रदूषण नहीं देखा, फिर भी हमने कड़े कदम उठाए। आज हाल ये है कि बीजेपी सरकार ऑफिशियल एक्यूआई तक मैनेज करने में लगी है।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# कबीर रियलिटी प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों पर ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया धोखाधड़ी का केस, लोन चुकाए बिना मॉडगेज प्रॉपर्टी को बेचा

धोखाधड़ी कर आरोपियों ने 4 करोड़ 20 लाख रुपए का बैंक को लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बैंक फ्राड का अनोखा मामला सामने आया है। बैंक की मॉडगेज प्रॉपर्टी को बिल्डर ने बेचते हुए 4 करोड़ रुपए से अधिक का चूना लगाया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस के पास रखी बंधक संपत्ति पर निर्मित बहुमंजिला इमारत के फ्लैट्स को बिना बैंक लोन चुकाए ही बेचा दिया। इस मामले में बैंक की ओर से शिकायत दर्ज की गई थी, जिसके बाद ईओडब्ल्यू ने बिल्डर और कंपनी के सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

ईओडब्ल्यू के अफसरों ने बताया कि आईसीआईसीआई एचएफसी के पास सन 2008 में बंधक रखकर कबीर रियालिटी प्रा. लि. द्वारा 75 लाख रुपए का लोन लिया गया था। आरोपियों ने आईसीआईसीआई एचएफसी के बंधक भूखण्ड पर बहुमंजिला इमारत कबीर मैनोर का निर्माण कर इमारत में प्रकोष्ठ (फ्लैट्स) बनवाए गए तथा बिना आईसीआईसीआई एचएफसी को सूचना दिए बिना आईसीआईसीआई एचएफसी से लिए ऋण को चुकाए बगैर कबीर मैनोर में बने सभी फ्लैट्स को विक्रय कर दिया गया। जिस पर आज की स्थिति में 4 करोड़ 20 लाख का बैंक ऋण शेष है।

**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस के पास रखी बंधक संपत्ति पर निर्मित बहुमंजिला इमारत के फ्लैट्स को बिना बैंक ऋण चुकाए बेचा**




**एनपीए होने के बाद रची बिल्डर ने साजिश**

*कबीर रियलिटी के डायरेक्टर मुर्तजा मलिक, सिराजुद्दीन मलिक, व सलमा बाई को यह सब भलीभंती ज्ञात होते हुए भी न तो उनके द्वारा आईसीआईसीआई एचएफसी की पूरी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है और बैंक से कोई एनओसी प्राप्त नहीं की गई है। आरोपियों द्वारा लोन की राशि आईसीआईसीआई एचएफसी को चुकाए बगैर ही उक्त फ्लैट को विक्रय कर दिया गया है तथा लोन खातें का एनपीएम हो गया है। मुर्तजा मलिक पिता स्व. सिराजुद्दीन मलिक, सिराजुद्दीन मलिक पिता कमरुद्दीन मलिक, सलमा बाई पति स्व सिराजुद्दीन मलिक, कबीर रियालिटी प्रा.लि. व अन्य के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।*

## नकली सोना थमाकर युवक से ठगे पांच हजार

◆ *पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया*

नजीराबाद थाना क्षेत्र में एक युवक को जालसाज ने नकली सोना थमाकर पांच हजार रुपए की चपत लगा दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से नकली सोने की ईंट बरामद हुई है। आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि उसने इस प्रकार से और कितने लोगों के साथ ठगी की है।

थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि दयाल सिंह गुर्जर (30) ग्राम बांदीखेड़ी नजीराबाद में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। गत दिवस वह ग्राम रुनाहा जोड़ के पास खड़े हुए थे, तभी वहां एक युवक पहुंचा। युवक ने बताया कि खेत में काम करने के दौरान उसे सोने की ईंट का टुकड़ा मिला है, जिसे वह पैसों की जरूरत है, इस लिए सस्ते दामों पर बेचना चाहता है। युवक की बातों में आकर दयाल सिंह सोना खरीदने को तैयार हो गए। युवक ने सोने का एक टुकड़ा चैक कराने के लिए दिया और पांच हजार रुपए ले लिए। इस दौरान युवक ने सैंपल के लिए दिया गया टुकड़ा भी वापस ले लिया और अगले दिन पूरा माल देने की बात कही। दयाल ने उसका नाम पूछा तो उसने असरार खां निवासी ग्राम सतनपाड़ा जिला विदिशा बताया। दयाल सिंह को शंका हुई तो इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने असरार खां को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने नकली सोने की ईंट देकर ठगी करना स्वीकार किया। आरोपी के पास से करीब आठ सौ ग्राम की नकली सोने की ईंट भी बरामद की है।

## खबर संक्षेप



### युवा कांग्रेस नेता ने इमरत सिंह को दी बधाई

**औबेदुल्लागंज।** युवा कांग्रेस नेता पंकज शर्मा द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान आगामी चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण चर्चा भी की। उन्होंने कहा की हम सभी को एकजुट होकर काम करना पड़ेगा तभी कांग्रेस की विजय होगी। इस दौरान मनोज खटीक, पंकज शर्मा ने कहा कि नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार के नेतृत्व में वफादार कांग्रेसियो को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

### हिंदू सम्मेलन 11 को किया ध्वजारोहण



**औबेदुल्लागंज।** हिरानिया सकल हिंदू समाज की ओर से हिंदू सम्मेलन का आयोजन 11 जनवरी को हिरानिया में आयोजित होगा। इसको लेकर गुरुवार को परशुराम मंदिर दशहरा मैदान में सकल हिंदू समाज के लोगों की उपस्थित में विधि-विधान से भूमि पूजन कर ध्वजारोहण किया गया। इस कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### नगर परिषद अध्यक्ष के लिए वचन के नाम पर चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद और आसपास में कई मुद्दों को उठाने वाले अर्जुन नगर के वरिष्ठ नेता वचन लोधी को भाजपा एवं हिंदू संगठन के कई प्रमुख लोग नगर परिषद का अध्यक्ष बनाने की बात कर रहे हैं। कथावाचक अरुण भावसार, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पदम चौहान, आरती यादव, माखन सेन, राहुल प्रजापति, पूजा लोधी, राजकुमार लोधी, इंग्लैंश यादव, रूपेश लोधी, मोहन योगी आदि ने बताया कि वचन लोधी नगर में सक्रिय रहकर लोगों की समस्याओं के लिए आवाज बुलंद करते हैं।



### अफीम की तस्करी के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** अफीम की तस्करी कर राजस्थान से मध्यप्रदेश लाकर अवैध रूप से बेचने वाले आरोपी मोतीलाल माली उर्फ राजू पुत्र भंवर लाल (43) निवासी माली मोहल्ला ग्राम बकानी थाना बकानी जिला झालावाड़ राजस्थान को विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) डॉक्टर मुकेश कुमार मलिक ने दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 100000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1605 | | |
| दिन: | 456 | 55 | 339 |
| रात: | 277 | 63 | 247 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 238 | 38 | 369 |
| रात: | 578 | 06 | 600 |

## स्लाटर हाउस से मुंबई जा रहा था मांस

# 26 टन मांस जब्त, टेस्टिंग के लिए पशु चिकित्सालय भेजा

*पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक जब्त कर लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित पुराना कंट्रोल रूम चौराहा महिला थाना के पास बुधवार रात हिंदू संगठन ने मांस से भरा ट्रक रोक लिया। हिंदू संगठन ने जमकर हंगामा करते हुए ट्रक में तोड़फोड़ कर दी। संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि ट्रक में प्रतिबंधित मांस की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक जब्त कर लिया। ट्रक में रखे 26 टन मांस को टेस्टिंग के लिए पशु चिकित्सालय भेजा गया है। वहां से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही कहा जा सकेगा कि मांस प्रतिबंधित प्राणी का है या नहीं।

पुलिस के अनुसार बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे सूचना मिली कि महिला थाने के पास हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक ट्रक को रोककर तोड़फोड़ शुरू कर दी। हंगामा और तोड़फोड़ की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। इस दौरान हंगामा कर रहे हिंदू संगठन ने कहा कि ट्रक में प्रतिबंधित मांस की तस्करी की जा रही है। पुलिस ने ट्रक को पशु चिकित्सालय भेज दिया। ताकि वहां मांस की जांच कराई जा सके।

**नगर निगम का है ट्रक**

पुलिस के अनुसार ट्रक में पैकेजिंग वाला मांस है। उक्त मांस जहांगीराबाद स्थित स्लाटर हाउस से मुंबई भेजा रहा था। पैकेजिंग मांस पर बारकोड और भेजने और प्राप्त करने वालों का नाम पता अंकित है। इधर, हिंदू संगठन का कहना है कि ट्रक में रखा मांस प्रतिबंधित मांस है। उन्हें लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि स्लाटर हाउस से प्रतिबंधित मांस का निर्यात किया जाता है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा कि मास प्रतिबंधित है या फिर बीप का है।

### इंदौर में घर में मिले पति-पत्नी के शव

**इंदौर।** इंदौर में गुरुवार सुबह एक घर में पति-पत्नी के शव मिले हैं। बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और घर में घुसी तो पति बेड पर और पत्नी बाथरूम में पड़ी थी। शव एक हफ्ते पुराने बताए जा रहे हैं। पड़ोसियों ने 10 दिन पहले महिला को घर से बाहर देखा था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। मामला इंदौर के लसूड़िया इलाके में सैटेलाइट जंक्शन का है। थाना प्रभारी तारेश सोनी के मुताबिक, मृतक का नाम कन्हैयालाल परनवाल और उनकी पत्नी का नाम स्मृति परनवाल है। बताया जा रहा है कि कन्हैया लकवाग्रस्त था। उसकी पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

## लालघाटी स्थित डेविड पूल में बुधवार रात करीब डेढ़ बजे हुई वारदात

# पूल गेम खेल रहे युवक पर रंजिश में पंच से किया हमला, सिर और चेहरे में आई चोट

**पुलिस ने बेकरी संचालक की शिकायत पर साधारण मारपीट की धाराओं में दर्ज की एफआईआर**


पूल में मारपीट करता युवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित लालघाटी इलाके में डेविड पूल पर बुधवार रात करीब डेढ़ बजे गेम खेल रहे बेकरी संचालक पर एक युवक ने हमला कर दिया। वह गेट खोलकर एकाएक पूल खेल रहे बेकरी संचालक के पास पहुंचा और ताबड़तोड़ पंच पहने हाथ से मुक्के मारने लगा। बेकरी संचालक और आरोपी के बीच हुई गुत्तम गुत्थी के बीच वहां मौजूद लोगों ने दोनों को अलग किया। पुलिस ने बेकरी संचालक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ साधारण मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी फिलहाल फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। घटना का एक सीसीसीटी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में आरोपी बेकरी संचालक पर हमला करते हुए साफ नजर आ रहा है।


पुलिस के अनुसार फरीद खान (22) कोतवाली इलाके में रहता है और बेकरी का संचालन करता है। वह लालघाटी स्थित डेविड पूल पर पूल गेम खेलने जाता है। बुधवार रात वह पूल पर गया था। पूल गेम खेलते समय अचानक पीरगेट निवासी अमन एकाएक गेट खोलकर अंदर घुस आया। उसने फरीद को पूल के पास गेम खेलते हुए देखा और उस पर हमला कर दिया। अमन हाथ में पंच पहनकर आया था। उसने एकाएक आधा दर्जन घूंसे सिर और पीठ पर मारे। पंच लगने से फरीद के चेहरे पर भी चोट आई है।

### बड़े भाई से बदतमीजी की बात सामने आई

फरीद और अमन के बीच विवाद का कारण बड़े भाई से बदतमीजी की बात सामने आई है। दरअसल, अमन का बड़ा भाई जिब्रान भी पूल खेलने लालघाटी आता है। दस दिन पूर्व जिब्रान और फरीद के बीच कहासुनी हुई थी। इसी का बदला लेने अमन ने फरीद पर हमला कर दिया। थाना प्रभारी शुक्ला का कहना है मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर साधारण मारपीट का मामला दर्ज किया है। फरीद को गंभीर चोट नहीं है।

## आईएएस की तैयारी कर रही छात्रा ने ग्वालियर के किले से कूदकर दी जान

◆ *मां की डांट से नाराज होकर घर से निकली थी*



ग्वालियर किले से कूदकर आत्महत्या करने वाली छात्रा की पहचान हो गई है। 27 वर्षीय छात्रा का नाम शीतल श्रीवास्तव पिता राजीव श्रीवास्तव है। उसका परिवार जडेरुआ शंकर कॉलोनी में रहता है। शीतल ने बुधवार दोपहर करीब 2:30 से 3 बजे के बीच किले से छलांग लगा दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक शीतल पढ़ाई में होनहार थी। करीब दो साल पहले उनका चयन रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में हुआ था। उसने एक-दो महीने नौकरी भी की, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया। वर्तमान में वह सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही थीं। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे शीतल को उनकी मां ने किसी बात पर डांटा था। इससे नाराज होकर वह घर से निकल गई थीं। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर भाई रोहित ने उसे कई जगह तलाशने की कोशिश भी की।

### पिता की मौत से डिप्रेशन में थी छात्रा

परिजनों और परिचितों के अनुसार शीतल के पिता राजीव श्रीवास्तव एक निजी कंपनी में अकाउंटेंट थे, जिनका 23 अक्टूबर को हार्टअटैक से निधन हो गया था। पिता की मौत से शीतल को गहरा सदमा लगा था और वह काफी समय से डिप्रेशन में थी। पिता के निधन से पहले उनकी शादी की बात भी चल रही थी, लेकिन बाद में यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।

## व्यापार महासंघ का मिलन समारोह नहीं करने पर हो रही तरह-तरह की चर्चाएं

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के वरिष्ठ कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित एवं व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर के मौन धारण करने से व्यापारियों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। उपाध्यक्ष डब्बू नागर कहते हैं कि मेरा तो नगर के बाहर दफ्तर है। मैं सभी लोगों से वहीं मिलता हूं।





किराना व्यापार संघ अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, नीरज चावला ने कहा कि आशीष दीक्षित जब तक मेरे साथ विचार विमर्श करते रहे, तब तक वे प्रभावशाली थे। अब वर्तमान समय में विक्रम धाड़ी और नीरज चावला से सलाह मशवरा नहीं करते हैं। दीक्षित इसीलिए व्यापार महासंघ का मिलन समारोह नहीं कर पा रहे हैं। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी एवं सचिव प्रदीप अरोरा दोनों व्यापार महासंघ और व्यापारियों के लिए समर्पित हैं, मगर उनके सलाहकार उन्हें सही सुझाव देने में पीछे रहते हैं। व्यापार महासंघ के राजू भाई पटेल, दिनेश सेन, विवेक मित्तल, दिलीप मित्तल, संतोष गुप्ता, आदि कहते हैं कि व्यापार महासंघ को ऊंचाई दिलाना है तो व्यापार महासंघ को मिलन समारोह आयोजित करना चाहिए।

## शादी का प्रलोभन देकर कर रहा था शारीरिक शोषण

# किशोरी ने प्री-मिच्योर बेबी को दिया जन्म, दुष्कर्म का मामला

*लेबर पेन होने पर मां-बेटी को लेकर सिविल अस्पताल बैरागढ़ पहुंची तो हुआ खुलासा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ थाना क्षेत्र में साढ़े 16 साल की किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म का खुलासा उस समय हुआ, जब लेबर पेन होने पर मां बेटी को लेकर सिविल अस्पताल बैरागढ़ पहुंची। वहां डॉक्टर ने किशोरी को छह महीने का गर्भ बताया और तत्काल डिलेवरी कराने का कहा। किशोरी ने छह महीने की प्री मिच्यौर बेबी को जन्म दिया है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने किशोरी के बयान के बाद आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार साढ़े 16 साल की किशोरी इलाके में रहती हैं और 11वीं कक्षा में पढ़ती है। उसके घर के सामने आरोपी रामकुमार मालवीय की बुआ का घर है। जमुनिया छीर, भौंरी निवासी रामकुमार मालवीय करीब तीन साल पहले बुआ के घर रहने आया था। इस दौरान किशोरी की दोस्ती रामकुमार से हो गई। दोनों में बातचीत होने लगी और प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। इस दौरान आरोपी रामकुमार ने शादी का प्रलोभन दिया और उससे शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। कुछ दिन पूर्व किशोरी की मां को पता चला कि बेटी रामकुमार से बातचीत करती है। मां ने बेटी को फटकार लगाई। मंगलवार रात बेटी की तबीयत बिगड़ने लगी। उसे कमर के पास दर्द होने लगा। मां उसे लेकर बैरागढ़ सिविल अस्पताल पहुंची, वहां डॉक्टर ने बताया कि वह गर्भवती है और अभी डिलेवरी करनी पड़ेगी।

# प्रदेश में 474 पदों पर सीधी भर्ती: मेडिकल कॉलेज, विभिन्न निगम के लिए होगी भर्ती

**आवेदन 24 दिसंबर से शुरू होकर अंतिम तिथि 7 जनवरी 2026 तक होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर के युवाओं के लिए मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों, स्वास्थ्य संस्थानों, निगमों और विभागीय कार्यालयों में करीब 474 पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए आवेदन 24 दिसंबर 2025 से शुरू होकर अंतिम तिथि 7 जनवरी 2026 है। आवेदन में बदलाव 12 जनवरी तक किया जा सकेगा। यह भर्ती ग्रुप-1 सब-ग्रुप-2 भर्ती परीक्षा 2025 के तहत आयोजित की जा रही है।



**इन पदों पर नियुक्ति**

- स्वास्थ्य और मेडिकल कॉलेजों से जुड़े पद – मेडिकल सोशल वर्कर, फिजियोथेरेपिस्ट, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, साइकेट्रिक सोशल वर्कर, सहायक अस्पताल प्रबंधक, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन अथवा टेक्निकल असिस्टेंट
- मेडिकल एजुकेशन से जुड़े पद असिस्टेंट प्रोफेसर, ट्यूटर
- निगम और अन्य विभाग राज्य सहकारी दुग्ध संघों में विभिन्न पद, राज्य बीमा सेवाओं से जुड़े पद, निदेशालय स्तर के तकनीकी एवं प्रशासनिक पद आदि शामिल हैं।

### चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से होगा

जारी सूचना के अनुसार इस भर्ती में मेडिकल सोशल वर्कर, फिजियोथेरेपिस्ट, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, लैब टेक्नीशियन, डेटा एंट्री ऑपरेटर, सहायक अस्पताल प्रबंधक, ट्यूटर, असिस्टेंट प्रोफेसर सहित कई पद शामिल हैं। सभी पदों पर चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।

## 24 दिसंबर से 50 पॉइंट पर चलाया जाएगा चैकिंग अभियान

# क्रिसमस और न्यू ईयर पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर ट्रैफिक पुलिस की रहेगी नजर, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्रिसमस और नए साल पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर यातायात पुलिस की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर 24 दिसंबर से एक जनवरी तक यातायात पुलिस का विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 50 से अधिक चैकिंग पाइंट पर यातायात पुलिस की ओर से देर रात तक वाहन चालकों की चैकिंग की जाएगी।

यातायात पुलिस का कहना है कि ड्रिंक एंड ड्राइव या ट्रैफिक जाम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल 24 दिसंबर से 1 जनवरी तक यातायात पुलिस की ओर से ब्रीथ एनालाइजर के साथ राजधानी के 50 से अधिक पाइंट पर चेकिंग अभियान शुरू किया जा रहा है। इस दौरान यातायात पुलिस के अला-अधिकारी भी सड़कों पर निकलेंगे। इसमें खासतौर से 31 दिसंबर को रात 8 बजे से 12 बजे तक चैकिंग की जाएगी।


वीर सावरकर सेतू रोड पर वाहनों की चैकिंग करती पुलिस।


भारत टॉकीज रोड़ पर चैकिंग करती पुलिस।

**जवान बॉडी कैमरा और ब्रीथ एनालाइजर के साथ तैनात होंगे**

यातायात पुलिस डीसीपी बसंत कौल ने बताया कि पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र के निर्देश पर क्रिसमस और न्यू ईयर पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चैकिंग व कार्रवाई के लिए योजना बनाई जा रही है। 24 दिसंबर से 1 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान राजधानी के 50 प्रमुख चैकिंग पॉइंट्स पर यातायात पुलिस के जवान बॉडी कैमरा और ब्रीथ एनालाइजर के साथ तैनात होंगे। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के जवान नशे में वाहन चलाने वालों पर नजर रखने के साथ ही स्पीड रडार गन और इंटरसेप्टर वाहन रफ्तार की भी जांच करेंगे।

## 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते नायब तहसीलदार हुआ ट्रैप

**बंटवारे के प्रकरण पर आदेश पारित करने मांगे थे रुपए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सतना के रामपुर बघेलान में एक बड़ा मामला सामने आया है जहां पर 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों लोकायुक्त टीम ने किया ट्रैप। नायब तहसीलदार द्वारा बटवारा के प्रकरण पर आदेश करने को लेकर रिश्वत की की थी मांग।

जिले के रामपुर बघेलान तहसील के अंतर्गत आने वाले नए तहसीलदार वीरेंद्र सिंह वृत्त मौहरी कटरा को आज 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए लोकायुक रीवा की टीम ने नायब तहसीलदार के कार्यालय में दबिश देकर पकड़ा। आरोपी वीरेंद्र सिंह ने शिकायतकर्ता से बटवारा के प्रकरण पर आदेश करने को लेकर 20 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद आरोपी नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह को टीम द्वारा कार्रवाई के लिए रीवा लोकायुक्त कार्यालय ले जाया गया। मामले पर लोकायुक्त निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि शिकायतकर्ता आशुतोष सिंह ने लोकायुक्त कार्यालय रीवा आकर शिकायत दर्ज कराई गई थी, कि उनके जमीन का प्रकरण सतना जिले के रामपुर तहसील के वृत्त मौहरी कटरा नायब तहसीलदार कार्यालय में लंबित है। जिस पर आदेश करने के लिए नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह ने 20 हजार रु रिश्वत की मांग की गई है।



जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह में गुरुवार को नाटक उधम सिंह आजाद का मंचन करते कलाकार।

# पंजाब की मिट्टी की सुगंध एवं कर्णप्रिय गीत-संगीत से सजे नाटक 'उधम सिंह आजाद' में दिखाई देशभक्ति


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह में गुरुवार को नाटक उधम सिंह आजाद का मंचन किया गया। स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा आयोजित इस नाट्य समारोह की तीसरी शाम चंडीगढ़ के कलाकारों ने शहीद उधमसिंह आजाद नाटक मंचित किया। जलियांवाला बाग के शहीदों का बदला लेने की घटना से लेकर लंदन के कॉक्सटाउन हाल में जनरल ओ डॉयर का अंत करने तक के सफर को नाटक में बहुत ही गहराई से मंचित किया गया।

*जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह में नाटक उधम सिंह आजाद का प्रस्तुत*

## नाटक की कहानी

शहीद उधम सिंह के बुत से नाटक की शुरुआत होती है। इतिहास के पन्नों में गुमनाम क्रांतिकारी लाटीभान पर अत्याचार एवं जात-पात में बंटे लोगों को देखकर उधम सिंह के बुत में जान आ जाती है। उधम सिंह जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार की घटना बताते हुए कहते हैं कि शहीदों के खून का तिलक लगाकर पंजाब की पांच दरियाओं की सौगंध लेकर वचन लिया था कि जब तक देश आजाद न हो जाए तब तक वे चैन की सांस नहीं लेंगे। उन्होंने वतन की खुशहाली के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया। पंजाब की मिट्टी की सुगंध एवं कर्णप्रिय गीत-संगीत से सजे नाटक में शहीद उधम सिंह आजाद के बलिदान एवं संघर्ष की गाथा को बखूबी प्रस्तुत किया गया।



नाटक का मंचन करते कलाकार।

प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी के वार्षिक उत्सव 'संस्कार' में 110 कलाकारों का शानदार प्रदर्शन

# संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा के संवादों से सजी नृत्य नाटिका चत्वारि यथार्थ मित्राणि...



*प्रथम चरण में नृत्य नाटिका आदि शंकरा... की प्रस्तुति हुई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अनुग्रह और लयबद्धता का अद्भुत संगम प्रदर्शित करते हुए, प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी के 110 कलाकारों ने गुरुवार को अपने 19वें वार्षिक उत्सव 'संस्कार' में प्रस्तुति दी। इस वर्ष यह प्रस्तुति 2 चरणों में रही। कार्यक्रम के प्रथम चरण में नृत्य नाटिका आदि शंकरा... की प्रस्तुति हुई, जिसमें अकादमी के 14 से 42 वर्ष के 49 कलाकारों ने आदि शंकराचार्य के अद्वैत सिद्धांत पर आधारित प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में दिखाया कि गुरु-शिष्य परम्पराएं रत्नों से जड़ी मालाओं के समान हैं। प्रत्येक रत्न बहुमूल्य और अमूल्य है। ऐसे ही एक अमूल्य रत्न हैं जगद्गुरु आदि शंकराचार्य। एक शक्तिशाली, अद्भुत प्रतिभा के स्वामी जो न केवल तर्कशास्त्र में निपुण थे अपितु गहन विचारक भी थे। उनके दर्शन ने अनगिनत लोगों को सांत्वना, शांति और ज्ञान दिया है। वहीं कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति के रुप में आदि शंकराचार्य ने किया निराश व्यक्तियों के दुखों और पीड़ाओं को शांत भरतनाट्यम नृत्य नाटिका चत्वारि यथार्थ मित्राणि... का मंचन किया गया, जिसमें संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा के संवादों का प्रयोग किया गया।

**पंचतंत्र के दूसरे भाग का नाम है 'मित्र संप्राप्ति'**

## दूसरे चरण में पंचतंत्र पर आधारित भरतनाट्यम नृत्य नाटिका चत्वारि यथार्थ मित्राणि... का किया शानदार मंचन

मित्र संप्राप्ति (मित्रों की प्राप्ति) पंचतंत्र के दूसरे भाग का नाम है, जिसमें चित्रांग (एक हिरण) और उसके मित्र, कौवा लघुपतनक, चूहा हिरण्यक, और कछुआ मंथरक की दोस्ती की कहानी है, जो सिखाती है कि सच्ची मित्रता कैसे बनाएं और मुश्किल समय में उसे कैसे निभाएं। जब हिरण फंस जाता है, तो दोस्त एक योजना को अंजाम देते हैं। कौवा और चूहा उसे मुक्त कर देते हैं, और बाद में वे शिकारी को हिरण की मौत का नाटक करके कछुए को छोड़ने के लिए धोखा देते हैं, जिससे चूहे को कछुए को मुक्त करने का अवसर मिलता है, क्योंकि शिकारी का ध्यान भटक जाता है। कहानी सिखाती है कि सच्चे दोस्त जरूरत के समय मदद करते हैं और एकता अलग-अलग शक्तियों के साथ भी विपरीत परिस्थितियों पर विजय प्राप्त करती है। भरतनाट्यम और नाट्य के समन्वय के साथ प्रस्तुत इस प्रस्तुति में संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा के संवाद दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किए गए।



### 2000 किलोमीटर पैदल चलकर अपने गुरु के पास पहुंचे शंकराचार्य



प्रस्तुति में दिखाया कि आदि शंकराचार्य के दर्शन ने निराश व्यक्तियों के दुखों और पीड़ाओं को शांत किया , कई लोगों के लिए आशा, आनंद, ज्ञान, पूर्णता, स्वतंत्रता और शांति का मार्ग प्रशस्त किया। दक्षिणी राज्य केरल से, 8 वर्षीय शंकर लगभग 2000 किलोमीटर पैदल चलकर भारत के मध्य में नर्मदा नदी के तट तक अपने गुरु गोविंदपाद के पास पहुंचे। वे चार वर्षों तक वहीं रहकर अपने गुरु की सेवा करते रहे और सभी वैदिक शास्त्रों में निपुणता प्राप्त की। बारह वर्ष की आयु से उन्होंने प्रमुख धर्मग्रंथों पर टिप्पणियां लिखी।




लाल परेड ग्राउंड में चल रहे अंतरराष्ट्रीय वन मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार।

# विविध उत्पादों संग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनभावन प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लाल परेड ग्राउंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वन मेला में गुरुवार का विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में दर्शकों को सुबह से लेकर शाम तक मंत्रमुग्ध कर दिया। राजधानी के विद्यालयों के बच्चों ने गायन प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने अपनी मधुर आवाज़ और प्रतिभा से मंच को जीवंत कर दिया। वहीं कथक और सेमी क्लासिकल नृत्य की मोहक प्रस्तुति ने मन मोहा। कार्यक्रम में विविधा डांस म्यूजिक ग्रुप की छात्राओं ने शुद्ध कथक एवं सेमी क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को दिव्य स्वरूप प्रदान किया।

### संगीत संध्या में सुरों का जादू

कार्यक्रम की अगली कड़ी में सम्राट म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने मंच संभाला। गायक सुनील शुक्रवारे एवं उनके साथियों ने मधुर गायन प्रस्तुत किया। सांझ ढलते यह प्रस्तुति कार्यक्रम को शिखर पर ले गई।

## लाल परेड ग्राउंड में चल रहा अंतरराष्ट्रीय वन मेला

**गोबर से बनी वस्तुएं बन रहीं आत्मनिर्भरता की मिसाल**

भोपाल के जितेंद्र कुमार ने बताया कि वे पिछले 16 वर्षों से देशी गाय के गोबर से विभिन्न उपयोगी और सजावटी वस्तुएं बना रहे हैं। उनके द्वारा निर्मित गोबर की वस्तुओं में घर सजाने के सामान शामिल हैं।



### बांस से बने उत्पादों की बढ़ती मांग

बांस मास्टर असित कुमार साह ने बताया कि उनका यह पुस्तैनी काम है। वे बांस को बाहर से मंगवाते हैं और ग्राहकों की पसंद के अनुसार उससे विभिन्न वस्तुए तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि घर की सजावट से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुए वे स्वयं बनाते हैं।



### शुगर फ्री नेचुरल च्यवनप्राश से स्वास्थ्य को लाभ

डॉ. प्रियंवदा मिश्रा ने बताया कि वे प्राकृतिक नेचुरल च्यवनप्राश बनाती हैं, जिसमें विशेष रूप से शुगर फ्री च्यवनप्राश शामिल है। इसमें शक्कर की जगह खांड का उपयोग किया जाता है। इस च्यवनप्राश का सेवन बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक कर सकते हैं।



## 20 और 21 दिसंबर को 6वीं कला प्रवाह सामूहिक चित्र प्रदर्शनी

**भोपाल।** 6वां कला प्रवाह सामूहिक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन रविंद्र भवन ललित आर्ट गैलरी में होने जा रहा है। कला प्रवाह की संचालिका प्रगति पटेल के अनुसार इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन 20 और 21 दिसंबर होगा जिसमें शहर के कलाकार 5 साल से लेकर 65 साल की महिलाएं शामिल होंगी। कला प्रवाह-2025 में 25 कलाकारों के साथ यह प्रदर्शनी होने जा रही है। इस प्रदर्शनी में 7 साल की आहना जैन सिंह ने कैनवास पर पीपल और गुड़हल के पत्तों का प्रयोग किया है। वहीं 7 साल की वामिका आर्य ने रंगों को एक सही दिशा में पानी की तरह बहा कर कला प्रवाह को कैनवास पर उकेरा है।

## वरिष्ठ विमर्श 20 को

**भोपाल।** मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की नियमित श्रंखला वरिष्ठ विमर्श का आयोजन आगामी 20 दिसंबर, शनिवार को शाम 4 बजे से हिंदी भवन में होने जा रहा है। इस बार 'क्या अब भी मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को गलत बताना उचित होगा' विषय पर विचार-विनिमय होगा।



## आधुनिक बुद्धिजीवियों के प्रेरणास्रोत रहे हैं सीताराम गोयल

**भोपाल** । यंग थिंकर्स फोरम द्वारा प्रख्यात चिंतक, लेखक एवं इतिहासकार सीताराम राम गोयल के विचारों और रचनाओं पर एक विशेष बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विषय विशेषज्ञ श्रीकृष्ण श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ता के रूप में सीताराम गोयल के विचार-जगत से युवाओं को विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

**सीताराम गोयल ने इतिहास, इस्लाम और ईसाइयत के अनछुए पक्षों को उजागर किया:** चर्चा में श्रीकृष्ण श्रीवास्तव ने सीताराम गोयल की प्रमुख पुस्तकों हिंदू समाज संकटों के घेरे में, मैं हिंदू कैसे बना, हिंदू टेम्पल्स : व्हाट हैपन्ड टू देम, स्टॉरी ऑफ इस्लामिक इंपीरियलिज्म इन इंडिया सहित अन्य महत्वपूर्ण कृतियों पर गहन चर्चा की। उन्होंने इन पुस्तकों के माध्यम से प्रस्तुत ऐतिहासिक तथ्यों, वैचारिक स्पष्टता और हिंदू समाज के समक्ष खड़े प्रश्नों को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से श्रोताओं के समक्ष रखा।

## पूनम को 'मध्य प्रदेश रत्न', जयनारायण चौकसे को 'श्रम शक्ति सम्मान'

# शिक्षा और श्रम क्षेत्र में योगदान पर चौकसे दंपती सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलचुरि कलार समाज द्वारा एलएनसीटी समूह के चेयरमैन जयनारायण चौकसे एवं वाइस चेयरपर्सन पूनम चौकसे का भोपाल में सम्मान किया गया। गौरतलब है कि हाल ही में आयोजित मध्य प्रदेश रत्न अलंकरण समारोह में एलएनसीटी समूह की वाइस चेयरपर्सन पूनम चौकसे को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'मध्य प्रदेश रत्न अलंकरण सम्मान–2025' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल एवं महंत रविंद्र पुरी जी महाराज के करकमलों से प्रदान किया गया।

वहीं एलएनसीटी समूह के चेयरमैन जयनारायण चौकसे को श्रम, शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में योगदान के लिए दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया



द्वारा 'श्रम शक्ति सम्मान' से सम्मानित किया गया। इन गौरवपूर्ण उपलब्धियों पर कलचुरि कलार समाज के सामाजिक बंधुओं ने भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह में चौकसे दंपती को शाल, श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर हैहय कलचुरि महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री एमएल राय, कल्पना आईडी राय, कौशल राय, ओमप्रकाश चौकसे, राजेश राय, शिशुपाल जायसवाल, रामशंकर शिवहरे, ओमप्रकाश गुरेले, दिनेश शिवहरे, श्याम जायसवाल, आर.एस. जायसवाल, शिवा जायसवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# तानाजी के निर्देशन में तैयार नाटक 'आषाढ़ का एक दिन' का चयन भारत रंग महोत्सव में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नाट्य संस्था द राइजिग सोसाइटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर का नाटक आषाढ़ का एक दिन का चयन देश के सबसे बड़े नाट्य समारोह राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के आयोजन भारत रंग महोत्सव में हुआ है, जिसे निर्देशित किया है अभिनेता-निर्देशक तानाजी ने, और मार्गदर्शन है प्रीति झा तिवारी का। इस नाटक को नए स्वरूप में गढ़ा गया है। यहां नया स्वरूप केवल चरित्रों को वर्तमान समय में लाकर खड़ा नहीं करता, बल्कि दोनों काल को एक साथ एक ही मंच पर दिखाता है, जहां दो कालीदास हैं दो मल्लिका है दो विलोम है, किंतु मां दोनों समय में एक ही है, मां का स्नेह उसकी ममता किसी भी कालखंड और समय में अपने बच्चों के लिए नहीं बदलती, वो हमेशा उतनी ही उदार है जितनी वो कल थी, बाकी रिश्तों में प्रेम परिस्थितियों और अवसर के अनुसार अपनी मात्रा



'आषाढ़ का एक दिन' नाटक का दृश्य।

कम ज्यादा करता रहता है। यह नाटक कई और अन्य प्रयोंगों के साथ एक नए कलेवर में दर्शकों के सामने आता है जहां आज आधुनिक युग का कालिदास है मल्लिका है, विलोम है। इस नाटक का पुनर्नवा कुलदीप कुणाल ने किया है, यह प्रयोग 5 फरवरी को रायपुर में खेला जाएगा।

## स्व. रफी और धर्मेंद्र की स्मृति में सुनहरी यादों का गुलदस्ता नामक कार्यक्रम 24 को

**भोपाल।** चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसाइटी द्वारा 24 दिसंबर को महान गायक स्व. मोहम्मद रफी की जयंती के अवसर पर मोहम्मद रफी और महानायक पद्मभूषण धर्मेंद्र की याद में सुनहरी यादों का गुलदस्ता नामक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रोफेशनल और नवोदित गायक, गायिकाओं द्वारा रफी के उन चुनिंदा गीतों की प्रस्तुति का आयोजन होगा।

## भारतीय संस्कृति एवं धरोहर विषय पर हमीदिया के छात्रों ने रखे विचार




**भोपाल** । आकाशवाणी के 90वें प्रसारण वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को हमीदिया कॉलेज में भारतीय संस्कृति एवं धरोहर विषय पर आधारित तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

*आकाशवाणी का हमीदिया कॉलेज में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन*

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी अभिव्यक्ति और वक्तव्य कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के साथ एक दिन का आरजे बनने की विशेष प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें हमीदिया कॉलेज के छात्र नीरज तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें आकाशवाणी के लोकप्रिय युववाणी कार्यक्रम में एक दिन के लिए आरजे बनने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिकारी पंकज नागर भी उपस्थित रहे।

**बटेश्वर मंदिर प्रांगण में सजी 101वां तानसेन संगीत समारोह की सभा**

# बटेश्वर के दिव्य और अलौकिक वातावरण में बिखरी संगीत की स्वर लहरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर में आयोजित 101वां तानसेन संगीत समारोह के अंतर्गत गुरुवार को विशेष संगीत सभा का आयोजन बटेश्वर मंदिर प्रांगण में हुआ। सभा की प्रथम प्रस्तुति उज्जैन से आए सुधाकर देवले के गायन से हुई। देवले ने सर्वप्रथम राग विभास में बिलंबित रूपक ताल में निबद्ध बंदिश हे श्याम भोर ही उठ बैठे.... उसके पश्चात द्रुत एकताल में बंदिश तारवां गिनत गिनत.. गाई। उसके बाद थाठ माला गुनी गावे... गाई। उसके बाद नानक का भजन सुधाकर देवले द्वारा स्वरचित मन के मन ही....गाकर अपने गायन का समापन किया। दूसरी प्रस्तुति में मुरैना के सुभाष देशपांडे, मुरैना का वायलिन वादन हुआ। उन्होंने राग शुद्ध सारंग में एकताल में निबद्ध बिलंबित गत प्रस्तुत की। उसके पश्चात तीनताल में मध्यलय गत प्रस्तुत की।



सगीत सभा में गायन की प्रस्तुति देते कलाकार।

### रंगों के माध्यम से सजी चित्र प्रदर्शनी

जहां एक ओर तानसेन समारोह में सगीत की स्वर लहरियां थीं तो वहीं दूसरी ओर परिसर में संगीत को रंगों के माध्यम से देखा और अनुभूत किया गया। एक्रेलिक, ऑयल, मिक्स मीडियम, वॉटर कलर, स्केच इत्यादि माध्यमों से राग, रागिनियां, संगीत के विविध पक्ष, साधना जैसे विषय कैनवास पर उकेरे गए। साथ तानसेन समारोह का सजीव चित्रांकन भी चित्रकारों द्वारा किया गया है। इस अवसर पर चित्रांकन शिविर का आयोजन किया गया था। जिसका समापन गुरुवार को हो गया। इसमें राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिलब्ध चित्रकार आलोक भावसार, नवनाथ क्षीरसागर, अरुण सुतार, कृष्ण कुमार कुण्डारा सहित कई प्रसिद्ध चित्रकारों के चित्र शामिल थे वहीं मप्र के ललित कला महाविद्यालयों के लगभग 150 चित्रकार छात्र-छात्राओं ने भी चित्रांकन कार्य किया है।



गीत की प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

राज्यसभा में 'शांति' बिल पर चर्चा में छाई अशांति

# परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी की अनुमति ऐतिहासिकः मंत्री जितेंद्र
# सरकार नागरिकों की सुरक्षा के साथ कर रही खिलवाड़ः सागरिका




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने संबंधी विधेयक को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को कहा कि इसमें सुरक्षा तंत्र से कोई समझौता नहीं होगा। सिंह ने 'भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025' को उच्च सदन में चर्चा करने एवं पारित कराने के लिए पेश करते हुए कहा कि आने वाले समय में यह मील का पत्थर साबित होगा। यह विधेयक विकसित भारत बनाने में मददगार होगा।। उन्होंने बताया कि इस विधेयक में नियामक बोर्ड को भी शामिल किया गया है और उसे वैधानिक दर्जा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सुरक्षा (तंत्र) के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। यह विधेयक बुधवार को लोकसभा में पारित हो चुका है। वहीं, विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 का विरोध करते हुए इसे व्यापक विचार-विमर्श के लिए प्रवर या स्थायी समिति में भेजने की मांग की। तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने भी इसके प्रावधानों को घातक बताते हुए कहा कि सरकार नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि भले ही इसे शांति बिल बताया जा रहा है लेकिन इससे कई खतरे पैदा होने की आशंका है।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि जब 2014 में राजग सरकार सत्ता में आई थी, तब परमाणु ऊर्जा क्षमता केवल 4.7 गीगावाट थी, जो अब बढ़कर 8.9 गीगावाट हो गई है। यह क्षमता कुल आवश्यक बिजली उत्पादन का मात्र 3 प्रतिशत है और इसे 2047 तक कम से कम 10 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए इस बजट में एक परमाणु ऊर्जा मिशन शुरू किया गया है

- परमाणु विधेयक में सुरक्षा तंत्र से कोई समझौता नहीं होगा
- विपक्ष ने विधेयक को प्रवर समिति में भेजने की मांग की



राज्यसभा में चर्चा करते केंद्रीय परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह

## परमाणु ऊर्जा से कई क्षेत्रों को लाभ

जितेंद्र सिंह ने कहा कि दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की तरफ बढ़ गयी है तथा बढ़ती ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह विधेयक महत्वपूर्ण है। जब 2014 में राजग सरकार सत्ता में आई थी, तब परमाणु ऊर्जा क्षमता केवल 4.7 गीगावाट थी, जो अब बढ़कर 8.9 गीगावाट हो गई है। यह क्षमता कुल आवश्यक बिजली उत्पादन का मात्र 3 प्रतिशत है और इसे 2047 तक कम से कम 10 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए इस बजट में एक परमाणु ऊर्जा मिशन शुरू किया गया है। परमाणु प्रौद्योगिकी से कृषि उद्योग, खाद्य क्षेत्र तथा दूसरे क्षेत्रों को लाभ होगा।

## निजी कंपनियों को मिलेगा लाभः जयराम

कांग्रेस के जयराम रमेश ने कहा कि हम परमाणु क्षमता के मामले में खुद को साबित कर चुके हैं और आज आत्मनिर्भर हैं।



उन्होंने दावा किया कि यह विधेयक केवल निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए लाया गया है। रमेश ने कहा कि सरकार निजी कंपनियों को कहे कि वह खुद 700 मेगावाट का संयंत्र या 220 मेगावाट का संयंत्र लगाएं। क्योंकि अगर निजी सेक्टर को लाया जाएगा तो यह ध्यान में रखना होगा कि वे केवल पूंजी लाएंगे, प्रौद्योगिकी नहीं। हमारे वैज्ञानिकों ने साबित किया है कि वे और उनकी प्रौद्योगिकी सर्वश्रेष्ठ है। सरकार निजी कंपनियों से कहे कि देश में अगर परमाणु संयंत्र आपको लगाना है तो उन्हें आप हमारी प्रौद्योगिकी के आधार पर, हमारी क्षमता के आधार पर लगाएं।

## निजी क्षेत्र का एकाधिकार खतरनाकः यादव

समाजवादी पार्टी (सपा) के रामगोपाल यादव ने भी विधेयक को प्रवर समिति में भेजे जाने की मांग करते हुए कहा कि परमाणु संयंत्रों से काफी खतरा होता है।



उन्होंने आपूर्तिकर्ताओं की जवाबदेही तय करने की मांग की और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों की तरह इस क्षेत्र में भी भविष्य में कुछ निजी कंपनियों का एकाधिकार हो जाएगा। बसपा के रामजी ने विधेयक को स्थायी समिति में भेजने की मांग की और कहा कि भले ही परमाणु ऊर्जा आधुनिक है लेकिन यह बहुत खतरनाक है।



## स्वतंत्र नियामक ढांचा नहींः प्रियंका

शिवसेना (उबाठा) सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने भी विधेयक का विरोध करते हुए इस पर व्यापक विचार-विमर्श किए जाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने दावा किया कि देश में प्रभावी और स्वतंत्र नियामक ढांचा नहीं है ऐसे में निजी कंपनियों की जवाबदेही कौन तय करेगा। राकांपा (एसपी) सदस्य फौजिया खान ने भी विधेयक का विरोध करते हुए इसे स्थायी समिति में भेजने की मांग की। माकपा सदस्य एए रहीम ने विधेयक का विरोध करते हुए इसे मानवता के खिलाफ बताया।

## प्रियंका ने गडकरी से मांगा 'अपॉइंटमेंट', हो गई मुलाकात

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से 'अपॉइंटमेंट' देने को कहा और कुछ देर बाद संसद भवन स्थित मंत्री के कार्यालय में कांग्रेस सांसद ने उनसे मुलाकात की तथा अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड से जुड़े मुद्दे उनके समक्ष रखे। इससे पहले, कांग्रेस महासचिव ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि जून से मिलने का समय मांग रही हूं, कृपया समय दीजिए। गडकरी ने कहा कि वह कभी भी उनसे मिल सकती हैं, क्योंकि उनका दरवाजा हमेशा खुला रहता है। उन्होंने कहा कि 'आप प्रश्नकाल के बाद आ जाइए। आप कभी भी आ जाइए, दरवाजा हमेशा खुला रहता है।



### 4 महीनों में 40 लाख वार्षिक फास्टैग पास जारी किए

गडकरी ने कहा कि 2026 तक देश भर के सभी 1,050 टोल प्लाजा पर अवरोध मुक्त टोल संग्रह की व्यवस्था लागू करेगी और बीते अगस्त से 4 महीनों में लगभग 40 लाख वार्षिक फास्टैग पास जारी किए गए हैं। वार्षिक फास्टैग पास से प्रति वर्ष 3,000 रुपए या औसतन 15 रुपए प्रति टोल से 200 टोल प्लाजा पार करने की अनुमति है।

### नए लेबर कोड्स लागू

सरकार ने इस साल 21 नवंबर को 29 पुराने लेबर कानूनों को खत्म कर 4 नए लेबर कोड्स लागू किए हैं। सरकार ने इन नए लेबर कोड्स को मजदूरों के अधिकारों के लिए बड़ा बदलाव बताया है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन ने गुरुवार को केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार नए श्रम कानूनों का स्वागत करते हुए कहा कि इन सुधारों का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब इन्हें निष्पक्षता, समानता और स्पष्ट नीति के साथ ज़मीनी स्तर पर लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि ये कानून भारत के भविष्य के श्रम ढांचे को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं।

---

## खबर संक्षेप

### कैंची धाम के पास सड़क हादसा, 3 की मौत

**नैनीताल।** पीलीभीत से कैंची धाम दर्शन के लिए जा रही सैलानियों से भरी स्कॉर्पियो भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग में निगलाट के करीब अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में 3 सैलानियों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए।



### बस में लगी आग, 40 छात्रों का किया रेस्क्यू

**देहरादून।** राजधानी के सेंट जूड चौक के पास गुरुवार को तमिलनाडु से ऑल इंडिया टूर पर आए 40 छात्र उस वक्त खतरे के साये में आ गए, जब उनकी चलती बस से अचानक धुआं उठने लगा। मौके पर पहुंचे ट्रैफिक कर्मियों ने सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला।



### ट्रेलर की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत

**रांची।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में एक ट्रेलर की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर ने पहले आदित्यपुर थाना क्षेत्र में टाटा-कंद्रा रोड पर एक स्कूटर को पीछे से टक्कर मारी, जिससे उसपर सवार की मौत हो गई।




राजधानी में उखड़ती सांसें: धुंध की चादर से ढका दिल्ली-एनसीआर

# एक्यूआई 400 के पार, 22 उड़ानें रद्द, एएआई की एडवाइजरी जारी... यात्री ऐहतियात बरतें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण गंभीर श्रेणी में है। गुरुवार सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे के साथ हुई। आसमान में धुंध की चादर दिखाई दी। कई क्षेत्रों में जहरीली धुंध की मोटी परत छाई रही। वायु गुणवत्ता अत्यंत खराब होने के कारण सुबह के समय कम दृश्यता की समस्या पैदा हुई और हवाई यातायात प्रभावित रहा। दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों के अनुसार, अब तक 22 उड़ानें रद्द होने की सूचना मिली है, जिनमें 11 प्रस्थान और 11 आगमन शामिल हैं। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) ने गुरुवार को उत्तर भारत में घने धुंध की स्थिति को लेकर एडवाइजरी जारी की है। एएआई ने यात्रियों को कम दृश्यता और कई हवाई अड्डों पर उड़ानों में संभावित देरी के लिए सावधान किया। प्राधिकरण ने यात्रियों को हवाई अड्डे जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति संबंधित एयरलाइन से जांचने और अतिरिक्त यात्रा समय लेने की सलाह दी। एएआई ने कहा कि हवाई अड्डे की आधिकारिक वेबसाइट या सोशल मीडिया हैंडल पर अपडेट देखें। अपनी यात्रा योजना पहले से बनाएं और अतिरिक्त समय रखें।

सीपीसीबी (सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड) के अनुसार, अक्षरधाम और आनंद विहार इलाके में एक्यूआई 416, विवेक विहार में 412, आईटीओ में 397, आरके पुरम इलाके में 374, द्वारका में 361, चांदनी चौक क्षेत्र में 387, इंडिया गेट के आसपास 344 दर्ज किया गया है।

भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) ने यात्रियों को हवाई अड्डे जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति संबंधित एयरलाइन से जांचने और अतिरिक्त यात्रा समय लेने की सलाह दी। यात्रियों से अनुरोध किया है कि हवाई अड्डा जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति अपनी एयरलाइन से जांच लें

## यात्रियों को उड़ान की स्थिति और अतिरिक्त यात्रा समय लेने की सलाह दी

वेबसाइट या सोशल मीडिया पर अपडेट देखें

बिना पीयूसीसी के 3,746 वाहनों के चालान काटे


दिल्ली एयरपोर्ट पर धुंध में खड़ा विमान

### 5000 वाहनों की जांच की

मंत्री सिरसा ने बताया कि बॉर्डर प्वाइंट्स पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों ने करीब 5,000 वाहनों की जांच की, जिनमें से नियमों का उल्लंघन करने वाले 568 वाहनों को वापस लौटाया गया। इसके अलावा 217 गैर-गंतव्य ट्रकों को ईस्टर्न और वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे की ओर डायवर्ट किया गया। सरकार ने प्रदूषण के अन्य स्रोतों पर भी समानांतर कार्रवाई की। बीते 24 घंटे में 2,300 किलोमीटर सड़कों की मैकेनिकल स्वीपिंग कराई गई, 5,524 किलोमीटर क्षेत्र में एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल हुआ और 132 अवैध कचरा डंपिंग साइट्स को बंद किया गया। लैंडफिल साइट्स पर लगभग 38,019 मीट्रिक टन पुराने कचरे का निपटान भी किया गया।

### 'आप' ने 11 सालों में काम नहीं किया

दिल्ली के जल और लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर 'आप' सरकार ने पिछले 11 सालों में एक भी काम नहीं किया है। हमने 9 महीनों में जितने काम किए हैं उसके आधे काम भी किए होते, तो हमें सिर्फ बाकी बचे काम करने पड़ते। 20 फरवरी, 2025 से सीएम और सभी मंत्री दिल्ली की सड़कों पर हैं।


दिल्ली में पीयूसी केंद्र पर लाइन

### 24 घंटे में 61 हजार पीयूसीसी हुए जारी

दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण पर काबू पाने के लिए शुरू किए गए 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' अभियान के तहत पहले ही दिन सख्त और असरदार कार्रवाई की है। 17–18 दिसंबर के बीच राजधानी में 61,000 से अधिक प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) जारी किए गए, जबकि बिना वैध पीयूसीसी के 3,746 वाहनों के चालान काटे गए।

### कई पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर, जनपथ सहित कई पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण कर अभियान के पालन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पंप स्टाफ को नियमों का सख्ती से पालन कराने के साथ-साथ वाहन चालकों से विनम्रता से पेश आने के निर्देश दिए।

पंजाब में ईडी का बड़ा एक्शन

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 3500 करोड़ की 160 संपत्तियां जब्त


लुधियाना में कार्रवाई करती ईडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब में पीएसीएल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय एजेंसी ने गुरुवार को पीएसीएल और अन्य के मामले में चल रही जांच के सिलसिले में पंजाब के लुधियाना में स्थित 3436.56 करोड़ रुपए की 169 अचल संपत्तियां जब्त की हैं। ईडी ने कहा कि उसकी जांच में पता चला है कि लाखों निवेशकों से जुटाए गए फंड का एक हिस्सा पीएसीएल के नाम पर इन 169 अचल संपत्तियों को खरीदने में इस्तेमाल किया गया था, जिनकी मौजूदा कीमत 3436.56 करोड़ रुपए है। प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली जोनल ऑफिस ने इन संपत्तियों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत जब्त किया है।

### पीएमसीएल ग्रुप ने की धोखाधड़ी

बता दें, यह मामला पीएसीएल द्वारा बड़े पैमाने पर चलाई गई धोखाधड़ी वाली पोंजी स्कीम और सामूहिक निवेश योजनाओं से संबंधित है। इन योजनाओं के जरिए पीएसीएल और उसकी सहयोगी कंपनियों ने धोखे से भोले-भाले निवेशकों से लगभग 48,000 करोड़ रुपए जुटाए और उसका गबन कर लिया। ईडी ने इस मामले में अब तक 5,602 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियों को जब्त किया है, जिसमें देश बार में स्थित पर्ल ग्रुप की घरेलू संपत्तियां और विदेशी संपत्तियां दोनों शामिल हैं। इसके अलावा, इस मामले में अब तक एक अभियोजन शिकायत और दो पूरक अभियोजन शिकायतें दायर की जा चुकी हैं।

### 'डंकी रूट' मामले में ईडी की फिर से छापेमारी

ईडी ने भारतीयों को 'डंकी रूट' के जरिए अवैध रूप से अमेरिका भेजने के मामले में पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में गुरुवार को फिर से तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने यह कार्रवाई मामले से जुड़े धनशोधन की जांच के तहत की है। उन संस्थाओं और व्यक्तियों पर छापेमारी की गई है जिन पर इस गिरोह में दूसरे और तीसरे स्तर पर शामिल होने का संदेह है। पंजाब के जालंधर स्थित एक ट्रैवल कंपनी के परिसर और दिल्ली और पानीपत (हरियाणा) में रहने वाले कुछ व्यक्तियों के ठिकानों को भी इसमें शामिल किया गया है। एजेंटों द्वारा अपनाई गई कथित कार्यप्रणाली के बारे में बताते हुए ईडी ने कहा था कि उन्होंने भोले-भाले लोगों को कानूनी रूप से अमेरिका भेजने के बहाने लुभाकर उन्हें ठगा और इसके लिए मोटी रकम वसूली।

---

बकाया किराया वसूलने गई थी फ्लैट मालकिन

# किरायदार दंपती ने की हत्या, शव के टुकड़े कर सूटकेस में छिपाया, अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद में गुरुवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित ओरा काईमोरा सोसायटी में बुधवार रात किराया मांगने पर एक मकान मालकिन की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। आरोपी दंपती ने महिला के शव के टुकड़े कर उसे सूटकेस में छिपा दिया।

आरोपी दंपती ने पुलिस पूछताछ में बताया कि 5 महीने का बकाया किराए को लेकर उनकी मकान मालकिन से नोकझोंक हो गई थी। उसी दौरान गुस्से में दंपती ने उन पर पहले कुकर से हमला कर दिया। इसके बाद जब वह बेहोश हो गई, तो चाकू से गला काट दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने महिला की लाश के छोटे-छोटे टुकड़े करके सूटकेस में भरकर बैड में छिपा दिए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### सीसीटीवी में फ्लैट में जाती दिखीं


आरोपी दंपती अजय और आकृति | मृतका दीपशिखा शर्मा

बुधवार शाम को भी दीपशिखा शर्मा किरायेदारों से किराया लेने के लिए पहुंची थीं। जब कई घंटे तक दीपशिखा शर्मा घर वापस नहीं पहुंचीं तो परिवार वालों को चिंता हुई। सोसाइटी के सीसीटीवी चेक किए गए, जिसमें दीपशिखा फ्लैट की ओर जाती दिखाई दीं लेकिन वापस आती हुई नहीं देखी गईं। शक होने पर करीब 10 वर्ष से हैदराबाद निवासी घरेलू कामगार मिनी फ्लैट पर पहुंची जहां उसे फर्श पर खून के छींटें दिखाई दिए।

### भागने की कोशिश की, लोगों ने पकड़ा

फ्लैट में मौजूद पति-पत्नी आनाकानी करने लगे और फ्लैट से भागने की कोशिश की। लोगों ने पति-पत्नी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। तत्काल पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्रांसपोर्टर अजय गुप्ता और उसकी पत्नी आकृति गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की और उनकी निशानदेही पर फ्लैट से सूटकेस में दीपशिखा शर्मा का शव बरामद किया गया है।

## एमसीडी के नियमों को अमानवीय बताए जाने पर की सख्त टिप्पणी

मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी

# याचिकाकर्ता से शीर्ष कोर्ट ने कहा- हम वीडियो चलाकर पूछेंगे मानवता क्या है ?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या?

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो इस मामले में पक्ष रख रहे हैं, ने बताया कि इस प्रकरण की सुनवाई के लिए गुरुवार को गठित होने वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ की बैठक रद्द कर दी गई है। इस पर न्यायमूर्ति नाथ ने स्पष्ट किया कि अब यह मामला 7 जनवरी को सूचीबद्ध किया जाएगा।

याचिकाकर्ता का तर्क जो किया जा रहा, वह बेहद अमानवीय



### 5 न्यायाधीशों को मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश

उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने केंद्र सरकार से पांच अलग-अलग उच्च न्यायालयों में पांच न्यायाधीशों को मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने दिन में हुई बैठक में यह निर्णय लिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता को उत्तराखंड का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने, मुंबई उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति रेवती पी मोहिते डेरे को मेघालय, मेघालय के न्यायमूर्ति एमएस सोनाक को झारखंड उच्च न्यायालय में, केरल न्यायमूर्ति ए. मुहम्मद मुश्ताक को सिक्किम और ओडिशा के न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई है।

### कुत्तों के लिए आश्रय स्थल तक नहीं: सिब्बल

अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि इस बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कुछ ऐसे नियम बना दिए हैं जो पूरी तरह से विपरीत हैं। जब पीठ ने कहा कि वह 7 जनवरी को इस मामले पर विचार करेगी, तो सिब्बल ने कहा कि अधिकारी दिसंबर में ही नियमों को लागू कर देंगे। उन्होंने तर्क दिया कि वे इसे लागू करेंगे और कुत्तों को हटा देंगे। उनके पास आश्रय स्थल नहीं हैं। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि कोई बात नहीं, उन्हें करने दीजिए, हम इस पर विचार करेंगे। सिब्बल ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिकारियों के पास कुत्तों के लिए आश्रय स्थल तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो कुछ किया जा रहा है वह बेहद अमानवीय है। न्यायमूर्ति मेहता ने सिब्बल से कहा कि अगली तारीख को हम आपके हित में एक वीडियो चलाएंगे और आपसे पूछेंगे कि मानवता क्या है।

## मुरीद एयरबेस में अंदर ही अंदर चल रहा है मरम्मत का काम

# ऑपरेशन सिंदूर से ध्वस्त हुआ था पाकिस्तान का एयरबेस अब तिरपाल से ढककर छिपाने का किया जा रहा है प्रयास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के मुरीद एयरबेस पर भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के हमले के सात महीने बाद वहां बड़े पैमाने पर मरम्मत और पुनर्निर्माण का काम शुरू हो गया है। गूगल मैप से मिली नई हाई-रिजॉल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों में एक अहम कमांड और कंट्रोल बिल्डिंग पूरी तरह तिरपाल से ढंकी दिखाई दे रही है, जिसे मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निशाना बनाया गया था। तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि मुरीद एयरबेस की वह इमारत, जो पाकिस्तान के ड्रोन संचालन परिसर के पास है अब पूरी तरह बड़े तिरपाल से ढंकी हुई है। भारतीय वायुसेना के हमले में इस इमारत की छत का कुछ हिस्सा गिर गया था। माना जाता है कि स्ट्राइक से इमारत को भारी नुकसान हुआ था और अंदरूनी हिस्सों में भी तबाही हुई थी। हमले के बाद जून महीने की तस्वीरों में इमारत के सिर्फ एक हिस्से पर हरा तिरपाल दिखाई दिया था। उस समय नुकसान का आकलन किया जा रहा था।

### ड्रोन संचालन परिसर के पास की इमारत को हुआ था भारी नुकसान

### पाक एयरबेस की छत को भेदा था भारतीय हथियारों ने



चित्र में दिखाई दे रहा तीर तिरपाल की तरफ संकेत दे रहा है

### पाकिस्तान का सबसे महत्वपूर्ण है मुरीद एयरबेस

*पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चकवाल जिले में स्थित पीएएफ बेस मुरीद पाकिस्तान वायुसेना का अहम केंद्र है। यहां से ड्रोन और मानवरहित लड़ाकू विमान (यूसीएवी) संचालित होते हैं। इनमें शाहपर, बुर्राक, तुर्किये के बायरकतर टीबी 2/अकिनजी और चीनी विंग लूंग-2 जैसे ड्रोन शामिल हैं। 10 मई की सुबह, जब पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई से सीजफायर की बात की, उससे कुछ घंटे पहले भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस पर हमले तेज कर दिए थे। भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से 26 से अधिक जगहों पर ड्रोन घुसपैठ के जवाब में की थी।*

### अन्य पाक एयरबेस पर भी मरम्मत

मई में आईएएफ हमलों के बाद पाकिस्तान के कई एयरबेस पर मरम्मत का काम चल रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान एयरफोर्स के सरगोधा के मुशाफ एयरबेस और रहीम यार खान के रनवे भी क्षतिग्रस्त हुए थे, जिन्हें अब ठीक कर लिया गया है।जैकबाबाद, भोलारी और सुक्कुर में हैंगर तबाह हुए थे। भारतीय वायुसेना का मानना है कि जैकबाबाद में एफ-16 लड़ाकू विमान नष्ट हुए, जबकि भोलारी में एक अवेक्स विमान हैंगर के साथ तबाह हुआ। सुक्कुर में ड्रोन हैंगर को पूरी तरह गिरा दिया गया था। इस्लामाबाद के पास नूर खान एयरबेस पर भी नए ढांचे बनते दिख रहे हैं।

### सैटेलाइट की तस्वीर से बचने के लिए मलबे को सेना ने ढका

अब पूरी इमारत को बड़े तिरपाल और निर्माण जाल से ढंक दिया गया है, जिससे साफ है कि अब मरम्मत या पुनर्निर्माण का काम शुरू हो चुका है। सेनाएं अक्सर ऐसे भारी तिरपालों का इस्तेमाल सैटेलाइट निगरानी से नुकसान छिपाने, मलबा हटाने या संवेदनशील मरम्मत कार्य को ढंकने के लिए करती हैं। भारतीय वायुसेना ने यह कभी नहीं बताया कि मुरीद एयरबेस पर कौन सा हथियार इस्तेमाल किया गया। हालांकि, हमले के बाद की तस्वीरों को देखने के बाद विशेषज्ञों का मानना है कि छत को भेदने वाले विशेष मिसाइल हथियार (पैनेट्रेटर वारहेड) का इस्तेमाल हो सकता है। ऐसे हथियार तेज रफ्तार से छत को तोड़ते हैं, अंदर घुसने के बाद देर से विस्फोट करते हैं।

## खबर संक्षेप

### पुलित्जर विजेता पत्रकार पीटर का निधन

**नई दिल्ली।** पुलित्जर पुरस्कार विजेता पत्रकार पीटर अर्नेट का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



उन्होंने दशकों तक गोलियों और बमों के बीच काम करते हुए दुनिया को वियतनाम के धान के खेतों से लेकर इराक के रेगिस्तानों तक युद्धों की प्रत्यक्ष रिपोर्टिंग की। गोलियों और बमों से बचते हुए दशकों तक काम करने वाले पुलित्जर पुरस्कार विजेता पत्रकार पीटर अर्नेट का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एसोसिएटेड प्रेस के लिए वियतनाम युद्ध की रिपोर्टिंग पर 1966 में अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग का पुलित्जर पुरस्कार जीतने वाले थे।

### नशा तस्कर की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** पुलिस ने श्रीनगर में कुख्यात नशा तस्कर की एक



करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस स्टेशन पारिमपोरा के तहत पुलिस पोस्ट कमरवारी ने सुहेल अहमद मीर निवासी बरथना, कमरवारी से जुड़े एक दो मंजिला और एक-एक मंजिला रिहायशी घर को कुर्क करने के नोटिस जारी किए। कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य लगभग एक करोड़ आंका गया है। जांच के दौरान आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों की संपत्तियों की विस्तृत जांच की गई। आरोपी लंबे समय से नशा तस्करी कर रहा है।

## भारत-ओमान बिजनेस फोरम को किया संबोधित

# मस्कट में बोले पीएम मोदी-भारत ने नीतियों के साथ-साथ आर्थिक डीएनए भी बदल दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओमान दौरे का आज दूसरा दिन है। आज पीएम मोदी की मौजूदगी में भारत-ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समझौते से 21वीं सदी में भारत-ओमान की साझेदारी में नया विश्वास और उत्साह का संचार होगा। पीएम मोदी ने भारत-ओमान बिजनेस फोरम के कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा, भारत-ओमान साझेदारी को ये सम्मेलन नई दिशा, नई गति देगा और दोनों देशों के संबंध नई बुलंदियों पर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, सभ्यता के आरंभ से ही हमारे पूर्वज एक दूसरे के साथ समुद्र के जरिए व्यापार करते रहे हैं। मांडवी और मस्कट के बीच अरब सागर एक मजबूत पुल बना। इस पुल ने हमारे रिश्तों को मजबूत किया और संस्कृति और अर्थव्यवस्था को ताकत दी। आज हम कह सकते हैं कि समुद्र की लहरें बदलती हैं, मौसम बदलते हैं, लेकिन भारत और ओमान की दोस्ती हर मौसम में मजबूत होती है।

### *दिवाली का दीया हमारे घर को ही नहीं, पूरी दुनिया को रोशन करेगा*

### दोनों देशों के व्यापार को नई गति मिलेगी



पीएम मोदी ने ओमान की राजधानी मस्कट में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

### हम भारतीय विविधता का सम्मान करते हैं

पीएम मोदी ने ओमान की राजधानी मस्कट में भारतीय समुदाय को भी संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा, आज हम एक परिवार की तरह इकट्ठा हुए हैं। भारत में विविधता है, जो हमारी संस्कृति का मजबूत आधार है। हमारे लिए हर दिन एक नया रंग लेकर आता है, हर मौसम एक नया उत्सव बन जाता है, हर परंपरा एक नई सोच के साथ आती है।

प्रधानमंत्री ने कहा हमारा रिश्ता विश्वास की नींव पर बना है और समय के साथ गहराता चला गया है। हमारे कूटनीतिक संबंधों को 70 साल हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज हम ऐतिहासिक फैसला ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता 21वीं सदी में हमारी साझेदारी को नया विश्वास और नई ऊर्जा देगा। इससे व्यापार को नई गति मिलेगी।

### भारत-ओमान संबंधों की तारीफ की

प्रधानमंत्री ने कहा, आज हम सब यहां भारत-ओमान 'मैत्री पर्व' भी मना रहे हैं। एम मतलब **Maritime Heritage** (समुद्री विरासत), ए का मतलब **Aspiration** (आकांक्षा), आई का मतलब **Innovation** (नवाचार), टी का मतलब **Trust and Technology** (विश्वास और तकनीक), आर का मतलब **Respect** (सम्मान) और आई का मतलब **Inclusive Growth** (समावेशी विकास) है। ये मैत्री पर्व दोनों देशों की दोस्ती और हमारी साझा सांस्कृतिक और समृद्ध भविष्य का उत्सव है।

### भारत के तेज आर्थिक विकास का जिक्र किया

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ओमान के रिश्ते व्यापार से शुरू हुए और आज शिक्षा इन्हें मजबूत बना रही है। पीएम मोदी ने कहा कि ओमान के भारतीय स्कूलों में 46 हजार छात्र पढ़ाई कर रहे हैं और इनमें ओमान में रहने वाले अन्य समुदाय के लोग भी हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने भारत के तेज आर्थिक विकास का जिक्र किया और कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पीएम मोदी ने उनकी सरकार के कार्यकाल में आईआईटी, आईआईएम और एम्स की संख्या में बढ़ोतरी का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने भारत के अंतरिक्ष मिशन की उपलब्धियों का भी जिक्र किया और कहा कि हम चांद के साथ दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचने वाले पहले देश हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। इसके बाद पीएम मोदी ने भारत की कई अन्य उपलब्धियों का जिक्र किया।

### पीएम का सुल्तान ने किया स्वागत



पीएम मोदी का गुरुवार को अल बराका पैलेस में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने चर्चा की। इस दौरान, पीएम मोदी ने भारत-ओमान संबंधों को गहरा करने में शिक्षा और अंतरिक्ष सहयोग की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और ओमान में भारतीय शिक्षा की 50वीं वर्षगांठ को दोनों देशों के संबंधों में एक प्रमुख मील का पत्थर बताया। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि एआई सहयोग, डिजिटल शिक्षा, नवाचार साझेदारी और उद्यमिता आदान-प्रदान के माध्यम से साझेदारी भविष्य के लिए तैयार हो रही है।

## दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों पर बोले पीएम

# मित्र देशों की प्रगति में हम 'साथ' ओमान की कंपनियां निवेश करें



व्यापारिक मंच पर पीएम नरेंद्र मोदी ने की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच होने वाला व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करेगा। मस्कट में आयोजित भारत-ओमान बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन दोनों देशों की साझेदारी को नई दिशा देने वाला साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हम ऐसा ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। सीईपीए हमारे साझेदारी संबंधों को 21वीं सदी में नई मजबूती और नई ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि भारत का स्वभाव हमेशा प्रगतिशील और आत्मनिर्भर रहा है और जब भारत आगे बढ़ता है, तो अपने मित्र देशों की प्रगति में भी योगदान देता है। मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी बताया और कहा कि ओमान के लिए यह विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि दोनों देश न केवल करीबी मित्र हैं बल्कि समुद्री पड़ोसी भी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच पीढ़ियों पुराना विश्वास है और व्यापारिक संबंधों में एक-दूसरे के बाजारों की गहरी समझ है।

### भारत की विकास यात्रा में भागीदारी का निमंत्रण

प्रधानमंत्री ने ओमान की कंपनियों को भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने केवल नीतियां ही नहीं बदलीं, बल्कि अपने आर्थिक डीएनए में भी बदलाव किया है। इस दौरान उन्होंने जीएसटी और दिवाला व शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) जैसे प्रमुख सुधारों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर ओमान पहुंचे थे। आर्थिक मोर्चे पर भारत-ओमान के बीच व्यापारिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 10.5 अरब डॉलर रहा, जिसमें भारत का निर्यात लगभग 4 अरब डॉलर और आयात 6.54 अरब डॉलर रहा।

## पुलिस ने छोड़ी आंसू गैस तो किसानों ने फेंके आलू



**नई दिल्ली।** सड़क पर कृषि उपज फेंककर विरोध केवल भारत में नहीं होता। दूसरे देशों में भी किसान गुस्से में फसल सड़क पर फेंकते हैं। बीते रोज ब्रूसेल्स में ईयू समिट चल रही थी। तभी किसानों ने प्रदर्शन शुरु कर दिया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े तो किसानों ने आलुओं की बौछार कर दी।

## कई देश लगा चुके हैं प्रतिबंध

# ऑस्ट्रिया के बाद अब डेनमार्क ने बैन कर दिया हिजाब और बुर्का

एजेंसी ▶▶ कोपेनहेगेन

यूरोपीय देश डेनमार्क अब स्कूलों और यूनिवर्सिटी में बुर्का, नकाब और चेहरा ढकने वाले कपड़े पर प्रतिबंध लगाने लगाने जा रहा है। डेनमार्क में सार्वजनिक स्थानों पर चेहरा ढकने पर पहले ही रोक है और अब इसे स्कूलों और यूनिवर्सिटी में भी लागू करने की तैयारी है। देश के इमिग्रेशन और इंटीग्रेशन मंत्री रासमस स्टॉकलुंड ने एक बयान में कहा, बुर्का, नकाब या ऐसे कपड़े जो लोगों के चेहरे छिपाते हैं, उनकी डेनमार्क के क्लासरूम में कोई जगह नहीं है। इससे पहले आस्ट्रिया ने भी कुछ इसी तरह के कदम उठाए हैं।

डेनमार्क प्रशासन ने अगस्त 2018 में सार्वजनिक जगहों पर पूरे चेहरे को ढकने वाले कपड़े पर पूरी



तरह रोक लगा दी थी, जिसमें बुर्का और नकाब जैसे इस्लामिक परिधान भी शामिल थे। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाता था। अब इसे आगे बढ़ाने की योजना है। रिपोर्ट के अनुसार पूरे चेहरे को ढकने वाले नकाब को बढ़ाने वाला बिल फरवरी 2026 में डेनमार्क की संसद में पेश किया जाएगा।

## व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल का एक और आतंकी गिरफ्तार

### दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके के बाद 9वां आरोपी गिरफ्तार

# एनआईए ने शोपियां के यासिर डार को दिल्ली से दबोच लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विस्फोट मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक और बड़ी सफलता मिली है। एनआईए ने व्हाइट कॉलर मॉड्यूल के एक और आतंकी यासिर डार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। यासिर डार दक्षिण कश्मीर में जिला शोपियां का रहने वाला है।

गिरफ्तारी के बाद एनआईए ने उसे दिल्ली की पटियाला कोर्ट में पेश किया है। उसे 26 दिसंबर तक रिमांड पर भेजा है। इसके साथ ही एनआईए ने दिल्ली धमाका मामले



में नौवीं गिरफ्तारी की है। एनआईए की जांच से पता चला है कि यासिर अहमद डार इस आतंकी साजिश में सक्रिय रूप से शामिल था। उसने वफादारी की शपथ ली थी और आत्मघाती (फिदायीन) हमले को अंजाम देने की कसम खाई थी। जांच एजेंसी के अनुसार, यासिर अन्य आरोपियों के साथ घनिष्ठ संपर्क में था, जिनमें धमाके को अंजाम देने वाला मृतक आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर उन नबी और मुफ्ती इरफान शामिल हैं।

बता दें कि 10 नवंबर को हुए आतंकी हमले में 15 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 22 से अधिक लोग घायल हुए थे। इससे पहले दिल्ली धमाका मामले में एनआईए ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक और आतंकी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला को जम्मू-कश्मीर के बारामूला से गिरफ्तार किया है। वह आठवां आतंकी था।

## राजनाथ सिंह ने अपने समकक्ष डेविड वान वील के साथ की बैठक

# भारत और नीदरलैंड्स रक्षा के क्षेत्र में मिलकर करेंगे कई बड़े काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री डेविड वान वील से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ती और मजबूत रक्षा साझेदारी की पुष्टि की गई। दोनों मंत्रियों ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सहित कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने कार्यनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस मुलाकात में एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत और नीदरलैंड्स की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। दोनों मंत्रियों ने एक करीबी रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों, विशेष रूप से विशिष्ट प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, को जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारत में नीदरलैंड्स की राजदूत मारिसा जेराड्र्स ने दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर आशय पत्र का आदान-प्रदान किया।

दोनों देश प्रौद्योगिकी सहयोग, सह-उत्पादन और प्लेटफार्मों एवं उपकरणों के सह-विकास के लिए एक रक्षा औद्योगिक रोडमैप विकसित करके पारस्परिक लाभ के लिए चिन्हित क्षेत्रों में रक्षा सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना चाहते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध बहुत मजबूत हैं, और नीदरलैंड्स में बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय एक जीवित सेतु के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो दोस्ती के बंधनों को मजबूत कर रहे हैं।

### दोनों देशों की सेनाओं के बीच बढ़ाएंगे सहयोग, लक्ष्य के साथ करेंगे काम

### रक्षा औद्योगिक रोडमैप विकसित करके पारस्परिक लाभ के लिए चिन्हित करेंगे



### एस. जयशंकर से करेंगे मुलाकात

भारत के विदेश मंत्रालय ने नीदरलैंड के विदेश मंत्री के भारत दौरे पर दिल्ली पहुंचने की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत में आपका स्वागत है। नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील आज नई दिल्ली पहुंचे। दिल्ली और मुंबई में आयोजित उनके कार्यक्रमों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने और उनमें



विविधता लाने पर फोकस रहेगा। इस महीने की शुरुआत में भारत और नीदरलैंड ने नई दिल्ली में 13वीं विदेश कार्यालय परामर्श बैठक की थी। इसमें दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर और एआई, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ग्रीन हाइड्रोजन और शिपिंग, रक्षा और सुरक्षा, महत्वपूर्ण तकनीकों और इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई।

## तकनीक से जुटा रहा करोड़ों का फंड

# पेड़ों और बांधों को डिजिटल संपत्ति में बदल रहा चीन, रखा बड़ा लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक्नोलॉजी की मदद से आजकल असंभव को भी संभव किया जा सकता है, लेकिन इस मामले में चीन कई विकसित देशों से आगे निकल चुका है। चीन ने ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का उपयोग कर निवेश को बिल्कुल ही नया आयाम दे दिया है। चीन में कंपनियां कई कीमती और दुर्लभ चीजों को डिजिटल संपत्ति में बदल रहीं हैं, ताकि भविष्य में उससे मुनाफा कमाया जा सके। चीन के हैनान द्वीप पर पाए जाने वाले दुर्लभ हुआंगहुआली पेड़ों की अब तस्वीरें ली जा रही हैं ताकि उन्हें डिजिटल संपत्ति में बदला जा सके। यह शीशम की एक ऐसी प्रजाति है जिसे कभी चीनी सम्राट पसंद किया करते थे। समस्या यह है कि इस पेड़




को तैयार होने में दशकों लग जाते हैं, जिससे किसानों को लंबे समय तक पैसे का इंतजार करना पड़ता है। अब गीली टेक्नोलॉजी ग्रुप जैसी कंपनियां इन पेड़ों को रियल वर्ल्ड एसेट यानी डिजिटल टोकन में बदलकर निवेशकों से पैसा जुटा रही हैं। आसान शब्दों में कहें तो, आप एक पूरे पेड़ के बजाय उसके एक छोटे से हिस्से का डिजिटल शेयर खरीद सकते हैं।

# पिच पर सांप, तो कभी धुंध और एक बार मधुमखियों ने रुकवाया क्रिकेट मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 मैच लखनऊ में आयोजित होना था, लेकिन घने कोहरे के कारण यह मैच शुरू ही नहीं हो पाया। इतना ही नहीं, इस मैच में टॉस तक नहीं हुआ। बुधवार को निर्धारित टॉस समय शाम 6:30 बजे था, लेकिन धुंध को देखते हुए अंपायरों ने इसे स्थगित करने का निर्णय लिया। तीन घंटे तक मैच रोके जाने के बाद अंततः इसे रद्द कर दिया गया।



## क्रिकेट इतिहास में ऐसे कई अजीबो-गरीब कारण हैं जिनकी वजह से मैच रोकना पड़ा

### मैच रद्द कराना होता है चुनौतीपूर्ण

क्रिकेट में ऐसे अजीबो-गरीब कारणों से मैच रोकना या रद्द करना न केवल खिलाड़ियों और आयोजकों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, बल्कि यह दर्शकों के लिए भी अनपेक्षित परिस्थितियाँ पैदा करता है। लखनऊ का चौथा टी20 मैच भी ऐसे ही दुर्भाग्यपूर्ण कारणों से रद्द हुआ और क्रिकेट प्रेमियों के लिए निराशा का विषय बन गया।

### मधुमक्खियों की वजह से रुका मैच

2017 में जोहानिसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच वनडे मैच के दौरान ग्राउंड पर मधुमक्खियों का झुंड आ गया। सुरक्षा कारणों से मैच को एक घंटे से अधिक समय तक रोकना पड़ा।



### ग्राउंड पर सांप और कुत्ता

श्रीलंका में कई बार क्रिकेट मैच के दौरान ग्राउंड पर सांप देखने के कारण मैच रोके गए। इसके अलावा ग्राउंड पर कुत्ते, मोर, कबूतर और अन्य पक्षियों व जानवरों के प्रवेश के कारण भी कई मैचों को कुछ देर के लिए रोका गया।



### सूरज की तेज रोशनी

यह घटना 2019 की है, जब भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे मैच में सूरज की अधिक रौशनी सीधे बल्लेबाजों की आंखों पर पड़ रही थी। नेपियर के मैक्लीन पार्क में खेले गए इस मैच में बल्लेबाजों की सुरक्षा को देखते हुए मैच लगभग आधे घंटे के लिए रोका गया।

### स्टेडियम में फायर ब्रिगेड की उपस्थिति

जनवरी 2017 में न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड के बीच खेले गए मैच में नेथन लायन द्वारा टोस्ट जलाने के कारण स्टेडियम में फायर अलार्म बज गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को स्टेडियम पहुंचना पड़ा। 2007 में भी एक काउंटी चैम्पियनशिप मैच में रसोई में ग्रेवी जलने के कारण उठे धुएं ने फायर अलार्म बजा दिया था और स्टेडियम खाली कराया गया था।

### पिच पर कार का प्रवेश

दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान एक व्यक्ति पिच पर कार लेकर आ गया। खिलाड़ियों और अंपायरों के रोकने के बावजूद वह पिच पर कार चलाने की कोशिश कर रहा था। इस मैच में टीम इंडिया के वर्तमान हेड कोच गौतम गंभीर भी मौजूद थे। यह मैच पालम के मैदान में खेला गया था।

### पिच पर गेंद धंसने से मैच रद्द

महिला बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेन्स और एडिलेड स्ट्राइकर्स के बीच मैच के इनिंग ब्रेक के दौरान रोलर के नीचे गेंद आने के कारण पिच पर गड्ढा हो गया। इस वजह से मैच को पूरी तरह रद्द करना पड़ा।

---

## खबर संक्षेप



### एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स को हराया

**दुबई।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की 67 रन की शानदार पारी और राशिद खान की उम्दा गेंदबाजी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के कम स्कोर वाले मैच में दुबई कैपिटल्स पर सात रन की रोमांचक जीत हासिल की। बेयरस्टो (40 गेंदों में 67 रन) के अर्धशतक के बावजूद एमआई एमिरेट्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 137 रन ही बना पाई। कैपिटल्स की तरफ से मुस्तफिजुर रहमान ने 34 रन देकर तीन जबकि जवादुल्लाह ने सात रन देकर दो विकेट लिए। दुबई कैपिटल्स की टीम छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और निर्धारित 20 ओवर में 130 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से जॉर्डन कॉक्स ने 46 और शयान जहांगीर ने 34 रन बनाए। राशिद खान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए एमआई एमिरेट्स की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### भारत ए ने शारीरिक दिव्यांगता श्रृंखला में इंडिया सीनियर्स को हराया



**मुंबई।** जीएस शिव शंकर के 43 गेंद में 67 रन बेकार गए चूंकि भारत ए ने शारीरिक दिव्यांगता टी20 श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मैच में भारत सीनियर्स को 28 रन से हरा दिया। श्रृंखला के दोनों मैच हार चुकी भारत ए ने तीसरे मैच में आठ विकेट पर 164 रन बनाये जिसके जवाब में भारत सीनियर्स टीम 19.3 ओवर में 136 रन पर आउट हो गई। नोंसोला आदिल ने 40 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि जी प्रशांत और मोहम्मद सादिक ने दो दो विकेट चटकाये। श्रृंखला में प्लेयर आफ द मैच को 11000 रूपये और प्लेयर आफ द सीरिज रहे भारत सीनियर्स के वसीम इकबाल को 21000 रूपये मिले।

### सम्राट आईएसएसएफ के शीर्ष पांच में शामिल



**नई दिल्ली।** पिछले महीने काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में भारतीय पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा के प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ ने वर्ष के शीर्ष पांच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में शामिल किया है। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 20 वर्षीय निशानेबाज राणा ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। वह इस स्पर्धा में सीनियर वर्ग का व्यक्तिगत विश्व खिताब जीतने वाले पहले भारतीय हैं। इस प्रतिभाशाली निशानेबाज ने इसी प्रतियोगिता में अपनी पसंदीदा स्पर्धा में ईशा सिंह के साथ मिश्रित टीम का रजत पदक भी जीता था।

---

## अहमदाबाद की पिच पर 7 बजे से शुरू होगा असली संग्राम !

# भारत सीरीज जीतने और साउथ अफ्रीका ड्रा कराने के इरादे से आज दिखाएंगे दमखम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अहमदाबाद। साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम का भारत दौरा अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। अब टी20 इंटरनेशनल सीरीज चल रही है। इस सीरीज का आखिरी यानी आज होने वाला पांचवां मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसी मैच से यह तय होगा कि ट्रॉफी किसके नाम जाएगी। भारत आज शुक्रवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज कर सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा वहीं दक्षिण अफ्रीका कैसे भी करके यह सीरीज 2-2 से ड्रा कराने के लिए पूरा जोर लगाएगी। मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। सीरीज का आखिरी मैच होने और दोनों टीमों के प्रदर्शन को देखते हुए यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। क्रिकेट प्रशंसक इस निर्णायक मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो भारत दौरे का शानदार समापन साबित हो सकता है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज के चार मुकाबले अब तक पूरे हो चुके हैं। हालांकि चौथा मैच खराब मौसम की भेंट चढ़ गया। वर्तमान में भारत 2-1 से आगे है। अब टीम इंडिया के पास आखिरी मैच जीतकर एक और टी20 सीरीज अपने नाम करने का सुनहरा अवसर है।



### शुभमन की जगह ले सकते हैं सैमसन

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज के आखिरी मैच से भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल अपने पैर के अंगूठे की चोट के कारण बाहर हो गए हैं। संजू सैमसन, जो भारत के पसंदीदा ओपनर थे, आखिरी मैच में गिल की जगह ले सकते हैं। बता दें कि सैमसन पहले तीन टी-20 मैचों में बेंच पर बैठे थे। गिल इस समय बेहद खराब फॉर्म में चल रहे हैं।

### साउथ अफ्रीका की नजर बराबरी पर

हालांकि साउथ अफ्रीकी टीम फिलहाल सीरीज में पीछे चल रही है और वह अब सीरीज नहीं जीत सकती, लेकिन उसके पास आखिरी मुकाबला जीतकर सीरीज को बराबरी पर समाप्त करने का मौका जरूर है। ऐसे में यह मैच दोनों टीमों के लिए प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास के लिहाज से काफी अहम हो गया है। साउथ अफ्रीका की कोशिश होगी कि वह मजबूत प्रदर्शन कर सीरीज ड्रॉ कराए।

### दोनों टीमों के बीच रहा है कांटे का टक्कर

दोनों टीमें टी-20 क्रिकेट में 34 बार एक-दूसरे से भिड़ चुकी हैं और इस बीच भारत ने 20 मैच जीते हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 13 मैच अपने नाम किए हैं। इस दौरान 1 मैच बेनतीजा भी रहा है। भारतीय जमीन पर दोनों टीमें 15 बार आमने-सामने हैं। भारतीय टीम ने 7 मैच जीते हैं, जबकि प्रोटियाज टीम ने भी 7 मैच जीते (बेनतीजा- 1) हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके घर पर भारत ने 9-4 से बढ़त बनाई है।

### इन पर रहेगी नजर

अभिषेक ने पिछले 10 मुकाबलों में 33.11 की औसत और 169.31 की स्ट्राइक रेट से 298 रन बनाए हैं। तिलक के बल्ले से पिछले 9 टी-20 मुकाबलों में 53.2 की औसत से 266 रन निकले हैं। ब्रेविस ने से पिछले 9 मैच में 153.09 की स्ट्राइक रेट से 173 रन बनाए हैं। मार्करम ने पिछले 6 मैच में 174 रन बनाए हैं। वरुण ने पिछले 8 मैच में 14 और अर्शदीप ने 6 मैच में 9 विकेट लिए हैं।

---

## फुटबॉल

# पीएसजी ने फ्लेमेंगो को हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता



एजेंसी ▶▶| दोहा

मात्वेई सफोनोव ने पेनल्टी शूटआउट में लगातार चार पेनल्टी बचाईं जिससे पेरिस सेंट जर्मेन ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में फ्लेमेंगो को हराकर वर्ष 2025 में अपनी छठी ट्रॉफी जीती।

निर्धारित और अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर था जिसके बाद पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से जीत हासिल की। पीएसजी ने इस तरह से वर्ष 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने इससे पहले डेस चैंपियंस, फ्रेंच लीग, फ्रेंच कप, चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप जीता था।

ख्विचा क्वारात्स्खेलिया ने 38वें मिनट में पीएसजी को बढ़त दिलाई, जिसके बाद 62वें मिनट में जोर्जिन्हो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर ब्राजील के क्लब फ्लेमेंगो को बराबरी दिलाई। मैच खत्म होते ही रूसी गोलकीपर सफोनोव को उनके साथियों ने हवा में उछाल दिया।

### ईगल्स ने डब्ल्यूटीएल में काइट्स को हराया

**बेंगलुरु।** सुमित नागल और पाउला बाडोसा के शानदार प्रदर्शन से ईगल्स ने यहां काइट्स को हराकर विश्व टेनिस लीग में फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। नागल ने बेहद कड़े मुकाबले में दक्षिणेश्वर सुरेश को 40 मिनट में 7-6 से हराकर ईगल्स को विजयी शुरुआत दिलाई। बाडोसा ने महिला एकल के एकतरफा मुकाबले में मार्टा कोस्त्युक को 6-1 से शिकस्त दी। बाडोसा ने इसके बाद गेल मोनफिल्स के साथ मिलकर दक्षिणेश्वर और कोस्त्युक की जोड़ी को 6-3 से हराया। पुरुष युगल में भी मोनफिल्स और नागल ने निक किर्गियोस और दक्षिणेश्वर को 6-3 से हराकर ईगल्स की 25-13 से जीत सुनिश्चित की।

---

## भारतीय निशानेबाजी लीग

# नई फ्रेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस निशानेबाजी लीग में शामिल




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले साल 16 से 26 फरवरी तक होने वाली भारतीय निशानेबाजी लीग में गुरुवार को यूपी प्रोमेथियंस के रूप में नई फ्रेंचाइजी को शामिल किया गया। यह टीम नोएडा स्थित प्रोमेथियस स्कूल की है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में खेल की अपार संभावनाएं हैं तथा एक मजबूत शैक्षणिक और विकास के मूल मंत्र से से प्रेरित फ्रेंचाइजी के जुड़ने से लीग का महत्व बढ़ गया है।''एसएलआई में पिस्टल, राइफल और शॉटगन की स्पर्धाओं में मिश्रित टीम प्रारूप में खेलने वाले शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज भाग लेंगे।

### कई श्रेणियों में टीम स्पर्धाएं होंगी

इस प्रतियोगिता में कई श्रेणियों में टीम स्पर्धाएं होंगी। इनमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) शामिल हैं। लीग चरण के लिए टीमों को दो वर्ग में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट राउंड के मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों का चयन चार श्रेणियों एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, राष्ट्रीय चैंपियन तथा जूनियर एवं युवा में किया जाएगा। इस तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टार खिलाड़ियों, भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं के संयोजन वाली टीम तैयार की जाएंगी।

### केतन ने 10 मी एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** हरियाणा की केतन मलिक पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर जैसी दिग्गज को हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में राष्ट्रीय चैम्पियन बन गई। केतन ने 240 का स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की मीनू पाठक को रजत और सुरभि राव को कांस्य पदक मिला। जूनियर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंशिका चौधरी ने स्वर्ण, अंजलि शेखावत ने रजत और एशियाई खेल चैम्पियन पलक गूलिया ने कांस्य पदक जीता। सेना निशानेबाजी ईकाई की लक्षिता बिश्नोई ने युवा वर्ग में खिताब जीता। रश्मिका सहगल को रजत और संस्कृति बाना को कांस्य पदक मिला। क्वालीफिकेशन में 900 से अधिक निशानेबाजों ने भाग लिया था जिसमे गूलिया और भाकर शीर्ष पर रही थी।फाइनल में भाकर 137 . 2 स्कोर करके सातवें स्थान पर रही।

---

# अस्पताल से घर वापस लौटे यशस्वी, न्यूजीलैंड सीरीज में वापसी की उम्मीद

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की ओर से हिस्सा ले रहे थे। पुणे में राजस्थान के खिलाफ मैच के बाद उन्हें पेट दर्द की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब खबर है कि जायसवाल अस्पताल से अपने घर मुंबई लौट आए हैं। जायसवाल को 7 से 10 दिन के आराम की सलाह दी गई है। जायसवाल की न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी करने की उम्मीद है। बता दें कि न्यूजीलैंड को भारत दौरे पर 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इसका पहला मुकाबला 11 जनवरी, 2026 को खेला जाएगा। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं। जायसवाल को मैच के दौरान पेट में ऐंठन महसूस हुई, जो मुकाबले के बाद और बढ़ गई। इसके बाद उन्हें पिंपरी-चिंचवड स्थित आदित्य बिड़ला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें फूड पॉइजनिंग के कारण पेट और आंतों में सूजन होने की पुष्टि की थी।



---

# अब वर्ल्ड कप फुटबॉल विजेता को मिलेंगे पांच करोड़ डॉलर

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को घोषणा की कि 2026 में होने वाले विश्व कप के विजेता को 655 मिलियन डॉलर की कुल पुरस्कार राशि में से 50 मिलियन डॉलर (पांच करोड डॉलर) मिलेंगे। अर्जेंटीना को 2022 में चैंपियन बनने पर 42 मिलियन डॉलर और फ्रांस को 2018 में विश्व कप जीतने पर 38 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अगले विश्व कप में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान पुरस्कार राशि का लक्ष्य निर्धारित किया है। विश्व कप 2026 की कुल पुरस्कार



राशि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2023 में खेले गए महिला विश्व कप की 110 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि से लगभग छह गुना अधिक होगी।

### महिला विश्व कप 2027 में किसको कितना मिलेगा

अगला महिला विश्व कप 2027 में ब्राजील में होगा। विश्व कप 2026 में कुल 48 टीम भाग लेंगी। ग्रुप चरण में बाहर होने वाली टीमों को नौ मिलियन डॉलर, अगले दौर में पहुंचने वाली टीमों को 11 मिलियन डॉलर और राउंड ऑफ़ 16 में पहुंचने वाली टीमों को 15 मिलियन डॉलर मिलेंगे। क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को 19 मिलियन डॉलर, चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 27 मिलियन डॉलर, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 29 मिलियन डॉलर और फाइनल में हारने वाली टीम को 33 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।

---

## एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रहा तीसरा टेस्ट

# इंग्लैंड की पारी लड़खड़ाई, 8 विकेट पर 213 रन

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

एशेज सीरीज 2025-26 के तीसरे एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 371 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे दिन के खेल की समाप्ति तक 8 विकेट खोकर 213 रन बना लिए। दूसरे दिन के स्टम्प्स तक क्रीज में कप्तान बेन स्टोक्स (45) और जोफ्रा आर्चर (30) बने हुए हैं। आइए दूसरे दिन के खेल पर एक नजर डालते हैं।

### स्टार्क ने लगाया अर्धशतक

कल के स्कोर 326/8 से आगे खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम से मिचेल स्टार्क ने अपना अर्धशतक पूरा किया। कल के दिन 33 रन बनाकर नाबाद रहने वाले स्टार्क 54 रन की

### ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 371 रन



पारी खेलकर नौवें विकेट के रूप में आउट हुए। आखिर में नाथन लियोन (9) आउट होने वाले आखिरी ऑस्ट्रेलियाई बने। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पारी में 91.2 ओवर बल्लेबाजी की और दूसरे दिन के पहले सत्र के दौरान मेजबान टीम सिमट गई।

### आर्चर ने की उम्दा गेंदबाजी

आर्चर ने 20.2 ओवर गेंदबाजी की और 5 मेडन के साथ 53 रन देकर 5 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट 2.60 की रही। इस खिलाड़ी ने जेक वेदराल्ड (18), मार्नस लाबुशेन (19), कैमरून ग्रीन (0), स्टार्क (54) और लियोन (9) को अपना शिकार बनाया। यह एशेज सीरीज में आर्चर का तीसरा 5 विकेट हॉल रहा। आर्चर के अलावा ऑस्ट्रेलिया की पारी में ब्रायडन क्रॉस और विल जैक्स ने 2-2 विकेट लिए। जोश टंग ने 1 सफलता हासिल की।

### रूट को सर्वाधिक बार आउट करने वाले गेंदबाज बने पेट कमिंस

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाज जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन सिर्फ 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कंगारू टीम के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने पवेलियन की राह दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने रूट को टेस्ट में कुल 12वीं बार आउट किया है और वह उन्हें सर्वाधिक बार आउट करने वाले विरोधी गेंदबाज बन गए हैं। कमिंस ने तोड़ा बुमराह और स्टार्क का रिकॉर्ड कमिंस ने जसप्रीत बुमराह और मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ दिया है। इन गेंदबाजों ने रूट को टेस्ट क्रिकेट में 11-11 बार आउट किया है। जोश हेजलवुड ने इंग्लैंड के इस दिग्गज बल्लेबाज को 10 बार आउट किया था। कमिंस चोटिल होने के कारण सीरीज के पहले 2 टेस्ट मैच नहीं खेले थे।




## घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार की खुली पोल, जिम्मेदार अधिकारी मौन

वन-वे रोड से करीब 6 माह से चल रहा नेशनल हाईवे का हैवी ट्रैफिक

# एक ओर से धंसा जबलपुर-भोपाल नेशनल हाईवे-45 का ओवर ब्रिज

### वन-वे रोड पर बढ़ रहा यातायात का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर भोपाल नेशनल हाईवे 45 पर रेलवे लाइन के ऊपर बना ओवरब्रिज भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। कुछ सालों पूर्व ही यह ब्रिज बनकर तैयार हुआ था। ब्रिज एक साइड से क्षतिग्रस्त हो गया है। जबलपुर से महज 40 किलोमीटर की दूरी पर शहपुरा भिटोनी बाईपास पर स्थित नेशनल हाईवे ओवर ब्रिज के घटिया निर्माण की पोल खुल गई है। जबलपुर-भोपाल मार्ग पर अब लोगों की जान पर खतरा सा मंडरा रहा है स्थानीय लोग बताते हैं कि नेशनल हाईवे 45 पर भोपाल तरफ आने वाली सड़क पर मरम्मत का कार्य कछुए की चाल की भांति चल रहा है। एक तरफ मरम्मत चल रही है और दूसरी तरफ वन-वे हैवी ट्रैफिक नेशनल हाईवे का चालू कर भारी वाहनों को निकाला जा रहा है।


धराशाई ओवरब्रिज।

### प्रशासन इससे बेखबर

ब्रिज के नीचे सपोर्ट के लिए जैक-रॉड और पिलर का इस्तेमाल हो रहा है, लोग कहते हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह ब्रिज घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा है और प्रशासन इससे बेखबर है। नेशनल हाईवे ब्रिज थोड़ी दूरी पर नेशनल हाईवे का टोल प्लाजा भी स्थित है जिससे रोजाना हजारों की संख्या में लोग गुजर रहे हैं जिससे वन वे रोड पर भारी वाहनों का दबाव बढ़ रहा है क्षतिग्रस्त ब्रिज भारी भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त हो गया।

## श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन गुरुदेव ने कहा

# पाश्चात्य एवं आधुनिकता की नकल करने से विकृत होती जा रही हमारी गृहस्थी रूपी संस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

श्री द्वारकाधीश मंदिर थाटीपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस की कथा के दौरान विवाह का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए पूज्य गुरु ने गृहस्थ का धार्मिक महत्व प्रतिपादित करते हुए कहा कि पत्नी के होने पर ही पञ्च यज्ञ हो सकते हैं। पांचों यज्ञों में प्रत्येक यज्ञ बहुत पुण्यदायक होता है, गौ सेवा में रोटी, चींटी, कुत्ता, कौवा आदि को भोजन देना भूत यज्ञ है। अतिथि एवं भूखे को भोजन कराना मनुष्य यज्ञ है।

श्राद्ध तर्पण करना पितृ यज्ञ है। नित्य अग्नि में पांच आहुति देना देव यज्ञ है। ये सब अविवाहित पुरुष के लिए संभव नहीं है इसलिए शस्त्र आज्ञाअनुसार उत्तम पुत्र प्राप्ति के लिए धर्मशीला युवती से विवाह करके गृह यज्ञ अर्थात पांच यज्ञों का निर्वहन करते हुए ईश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।


श्री द्वारकाधीश मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का दृश्य।

### अच्छे आचरण से उत्तम पुत्र प्राप्त होता है

साथ ही गुरु जी ने विवाह पश्चात हनीमून को निंदनीय बताते हुए कर्दम ऋषि की तरह देव प्रसन्नार्थ अनुष्ठान आदि साधना करना चाहिए जो ऐसा आचरण बना लेगा उसको कुल दीपक आज्ञाकारी संस्कारवान एवं कुल का नाम रोशन करने वाला अवश्य ही उत्तम पुत्र प्राप्त होता है। कथा में शंकरलाल तिवारी संभागीय अध्यक्ष ब्राह्मण संतान, श्याम सुंदर श्रीवास्तव, पंडित राजाराम तिवारी, अरुण श्रीवास्तव, डॉ चित्रेश गर्ग, एडवोकेट डी पी शर्मा, एडवोकेट केशव अवस्थी, रामप्रकाश दुबे, डॉ डी डी शर्मा, सुरेश श्रीवास्तव आदि शामिल हुए।

एमपी बनेगा चीता स्टेट, पर्यटन निगम बना रहा जंगल रिसॉर्ट

# कूनो, गांधी सागर के बाद नौरादेही में भी आएंगे चीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश अब चीता स्टेट बनने जा रहा है। मध्यप्रदेश के श्योपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छोड़े गए चीतों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। पूरे भारत में केवल कूनो में इन चीतों को देखने के लिए जंगल सफारी शुरू की गई है।

कूनो 27 और गांधीसागर में तीन चीते इस समय में है जल्द ही नौरादेही में रानी दुर्गावती के नाम पर बनने जा रहे अभायरण्य में भी चीतों को बसाया जाएगा। चीतों को देखने आने वाले पर्यटकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में साढ़े सात सौ वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में ढाई सौ से अधिक तेंदुए, भेड़िए, जंगली सुअर, चिंकारा,


फाइल फोटो।

हिरण, भालू और कई पक्षियों की दुर्लभ प्रजाति पहले से थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीता परियोजना के तहत यहां नामीबिया से लाए गए आठ चीते छोड़े तब से यह चीतों के लिए प्रसिद्ध हो गया है। वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एल कृष्णमूर्ति का कहना है कि कूनो के अलावा गांधीसागर में तीन चीते है। यहां साढ़े तीन सौ वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र है।

### लग्जरी टेंट सिटी में बढ़ रहे पर्यटक

कूनो पहुंचने वाले पर्यटक यहां ठहर कर जंगल सफारी का आनंद ले सके इसके लिए टूरिज्म बोर्ड ने गुजरात की कंपनी ईवोक केंपिंग के जरिए कूनो फारेस्ट रिट्रीट की सुविधा उपलब्ध कराई है। यहां बनी टेंट सिटी में पर्यटकों के रुकने के सुविधाजनक टेंट तैयार किए गए है। जिसमें जंगल सफारी के साथ लजीज भोजन, देवखो, कूनो नदी और आसपास के पर्यटन स्थल, विलेज टूर कराने, वेलनेस वर्कशॉप, की व्यवस्था की गई है।

फिल्म टूरिज्म को विकसित करने के लिए प्राप्त किया मार्गदर्शन

# त्रिपुरा पर्यटन विकास निगम का मध्यप्रदेश अध्ययन दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे पर्यटन ढांचे, बढ़ती पर्यटक संख्या और नवाचार आधारित पर्यटन विकास मॉडल देशभर में आकर्षण का केंद्र बन रहा है। इसी क्रम में त्रिपुरा अर्बन एंड टूरिज्म डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत त्रिपुरा टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड का प्रतिनिधिमंडल मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और पर्यटन भवन पहुंचा। निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. से त्रिपुरा टूरिज्म के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत बादल नेगी ने विस्तृत चर्चा की।

### मप्र के पर्यटन मॉडल का विस्तृत अध्ययन

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय अरविंद बेड़ेकर ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और त्रिपुरा में पर्यटन के विकास हेतु हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि ज्ञान-साझाकरण आधारित ऐसे अध्ययन दौरों से राज्यों के बीच पर्यटन विकास की नई संभावनाएँ और साझेदारी मजबूत होती है। त्रिपुरा टूरिज्म के प्रतिनिधिमंडल ने मध्य प्रदेश के पर्यटन मॉडल का विस्तृत अध्ययन किया।

**दो सत्रों में विभाजित की गई आमसभा**

# विद्युत पेंशनर्स दिवस व वार्षिक सभा का किया भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पेंशनर्स दिवस पर 17 दिसंबर को विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ जिला भोपाल व प्रांतीय कार्यकारिणी के संयुक्त तत्वावधान में श्री राम मंदिर प्रांगण बिजली नगर गोविन्दपुरा भोपाल में प्रातः 11:00 बजे से पेंशनर्स दिवस व वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन दो सत्रों में विभाजित किया गया। प्रथम सत्र में पेंशनर्स दिवस व पेंशनर्स की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा व दूसरे सत्र में वार्षिक आमसभा के अंतर्गत संघ के आय व्यय का लेखा-जोखा व उपविधि संशोधन आदि विषयों को सम्मिलित किया गया। पेंशनर्स



दिवस का आरम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन व सरस्वती वंदना से किया गया तत्पश्चात मंच पर विराजमान अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल व पुष्प मालाओं द्वारा किया गया। अतिथियों में नरसिंह मेवाड़ा सीहोर ओपी बुधोलिया अध्यक्ष राज्य प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ तथा विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ के विभिन्न जिला/क्षेत्रों से पधारे अध्यक्ष व सचिव व सदस्यगण उपस्थित रहे।

## स्थानीय खेल समाचार

युवा कल्याण मंत्री सारंग की खेल संघों के साथ हुई बैठक

# एमपी यूथ गेम्स की प्री-ईवेन्ट एक्टिविटी 25 दिसंबर से लेकर 31 जनवरी तक होंगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि खेलो एमपी यूथ गेम्स की प्री-ईवेंट एक्टिविटी 25 दिसंबर से शुरू होगी और प्रतियोगिता 31 जनवरी तक पूरी हो जाएंगी। ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा 6 से 15 जनवरी, जिला स्तर की 16 से 20 जनवरी, संभाग स्तर की 21 से 25 जनवरी और राज्य स्तर की 28 से 31 जनवरी प्रतियोगिताएं होंगी। मंत्री सारंग टी.टी. नगर खेल स्टेडियम में आयोजित खेल संघों के साथ हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। इन तिथियों के लिए खेल संघों ने अपनी सहमति जाहिर की। मंत्री सारंग ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के उन्नयन के लिये काम कर रही है। युवा खेलों से जुड़े इस दिशा में काम किया जा रहा है। साथ ही खिलाड़ियों को उत्कृष्ट बनाने खेल संघों और विभाग को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि खेलो एमपी यूथ गेम्स में समन्वय के लिए ऑफिसर भी नियुक्त किए जाएंगे। मंत्री सारंग ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा खेल प्रेमी इन गेम्स से जुड़ें, इसके लिये ओपनिंग और क्लोजिंग सेरेमनी में उन्हें आमंत्रित करें। नेशनल फेडरेशन को भी अतिथि के तौर पर आमंत्रित करने को भी कहा गया।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स में कुल 27 खेल की प्रतियोगिताएं होंगी

*मंत्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश हॉकी में नंबर एक स्थान प्राप्त करे, इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। यूथ गेम्स जो खेल जहां प्रचलित हैं, वहां करवाने का सुझाव दिया गया है। सोशल मीडिया के जरिए यूथ गेम्स का प्रचार-प्रसार करने को भी कहा गया। बताया गया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स में कुल 27 खेल की प्रतियोगिताएं होंगी। राज्य स्तरीय आयोजन शिवपुरी, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, रीवा, नर्मदापुरम और सागर में प्रस्तावित हैं। विभिन्न खेलों में कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, खो-खो, रस्साकसी, पिटटू, क्रिकेट, एथलेटिक्स, कुश्ती, बॉक्सिंग, जूड़ो, बैडमिंटन, मल्लखम्ब, टेनिस, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, योगासन, तैराकी, शतरंज, ताईक्वांडो, शूटिंग, क्याकिंग-कैनाइंग, फेंसिंग, रोईंग और आर्चरी शामिल हैं।*

## बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी ने मप्र की खेल अधोसंरचना, उपलब्धियों की सराहना की

### मंत्री सारंग से की सौजन्य भेंट

**भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से गुरुवार को बिहार सरकार में खेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान सुश्री सिंह ने मध्यप्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा प्रदेश में विकसित की गई विश्वस्तरीय खेल अधोसंरचनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने खेल विकास के क्षेत्र में एक प्रभावी मॉडल प्रस्तुत किया है। मंत्री सारंग ने इस अवसर पर प्रदेश की खेल उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मप्र आज देश के अग्रणी खेल राज्यों में शामिल है और राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रदर्शन के आधार पर देश में तृतीय स्थान पर है।

### खिलाड़ियों के नॉलेज एक्सचेंज कार्यक्रम का प्रस्ताव

इस अवसर पर बिहार की खेल मंत्री सिंह ने मंत्री सारंग से आग्रह किया कि मप्र एवं बिहार के बीच खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए एक नॉलेज एक्सचेंज प्रोग्राम प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से दोनों राज्यों के खिलाड़ियों को एक-दूसरे की खेल अधोसंरचना, आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों एवं खेल सुविधाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा, जिससे खिलाड़ियों के कौशल विकास और प्रदर्शन में गुणात्मक सुधार संभव हो सकेगा। अपने आधिकारिक प्रवास के दौरान बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने भोपाल स्थित मध्यप्रदेश वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी, मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी तथा स्पोर्ट्स साइंस सेंटर का भ्रमण किया। उन्होंने इन संस्थानों में खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही आधुनिक सुविधाओं, तकनीकी सहयोग, फिटनेस, रिकवरी एवं वैज्ञानिक प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।



परमानंद भाई पटेल अंडर -22 बॉयज टूर्नामेंट

# रीवा ने उज्जैन डिवीजन को 144 रनों से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परमानंद भाई पटेल अंडर -22 बॉयज मल्टी डे चार दिवसीय मैच भोपाल के फ़ैथ मैदान पर उज्जैन और रीवा डिवीज़न के मध्य मैच के चौथे दिन रीवा डिवीज़न ने दूसरी पारी खेलते हुए 62 ओवर में 9 विकेट पर 219 रन बनाकर पारी घोषित की। इस तरह रीवा डिवीजन ने उज्जैन को 293 रनों का लक्ष्य दिया। उज्जैन डिविजन ने 40 ओवर में 149 रन पर ऑल आउट हो गई। ऋषि नें 50 रन बनाए। रीवा डिवीजन के नीलेश मिश्रा ने 6, रवि तिवारी और सुदीप सिंह ने 2-2 विकेट लिए। रीवा डिवीजन ने उज्जैन डिविजन को 144 रन से हराया।

### सेंट माइकल अकादमी 205 रनों से जीती

स्व. जीएस पठानिया 'सर' अंडर - 18 बॉयज इंटर क्लब-अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में ओल्ड कैंपियन मैदान पर सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी और अंकुर क्रिकेट अकादमी के मध्य (दो दिवसीय) मैच के दूसरे दिन सेंट माइकल ने कल के स्कोर 2/330 रन से आगे खेलते हुए 80 ओवर में 3 विकेट पर 411 रन बनाए, जिसमें, अनुग्रह सिंह 150 रन पर नाबाद रहे। योगेश यादव 85 रन बनाकर आउट हुए। अंकुर के सोहम द्विवेदी ने 2 विकेट लिए। जवाब में अंकुर की टीम 66.4 ओवर में 206 रन ही बना सकी, जिसमें आर्यन राजपूत नें 51 और अनंत निरापुरे ने 42 रन बनाए।



### वी एस अकादमी ने अकीरा क्रिकेट अकादमी को 4 विकेट से हराया

*अंडर 18 बॉयज स्वर्गीय श्री जीएस पठानिया सर ट्रॉफी दो दिवसीय बाबे अली मैदान पर मैच के दूसरे दिन वी एस क्रिकेट अकादमी ने 55.2 ओवरों में 199 रन बनाएई जिसमें हर्ष आर्य 33 रन बनाकर नाबाद रहे और अनमोल मुंडा ने 33 रन बनाए। अकीरा से लक्ष्य पांडे रजत सिंह और कर्तव्य ने 2-2 विकेट लिए। अकीर ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए 26.3 ओवरों में 113 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें रजत सिंह ने 39 रनों की पारी खेली। वीएस अकादमी से अनमोल मुंडा ने 5 विकेट और मोहम्मद आसिफ ने 4 विकेट लिए। अकीरा से रजत सिंह ने 3 और लक्ष्य पांडे ने 2 विकेट लिए।*



### हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी के लिए चयन कल से

**भोपाल।** भोपाल संभाग क्रिकेट संघ द्वारा हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी के लिए अंडर-18 (बॉयज) क्रिकेट की भोपाल संभाग टीम की चयन प्रक्रिया (सिलेक्शन ट्रायल्स) 20-21 दिसंबर दिन (शनिवार, रविवार) को प्रातः 9:00 बजे से ओल्ड कैंपियन मैदान पर आयोजित मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी मैं आयोजित की जाएगी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ी अविनाश पाठक चेयरमैन चयन समिति से संपर्क कर सकते हैं।

## स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में ई-स्पोर्ट्स एरीना

# फ्री फायर में टीम एक्स विजेता और एमपी स्पोर्ट्स अकादमी बनी उपविजेता

भोपाल। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एनीमेशन, मल्टीमीडिया, गेमिंग एवं वीएफएक्स द्वारा भव्य ई-स्पोर्ट्स एरीना चैम्पियनशिप का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लोकप्रिय गेम्स बीजीएमआई और फ्री फायर शामिल रहे। फ्री फायर प्रतियोगिता में टीम एक्स विजेता रही और उपविजेता एमपी स्पोर्ट्स अकादमी रही। साथ ही अनुज कीर को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का टाइटल दिया गया। बीजीएमआई गेम कैटेगरी में क्रेसेंट वुल्फ ई-स्पोर्ट्स



विजेता रही, नेवर जेनेसिस उपविजेता रही, और प्रिंस को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930